

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंक: 322 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 31 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## दिव्या मित्तल लड़ेंगी यूपी विधानसभा चुनाव?

### इस्तीफे के बाद सियासी अटकलें तेज

लखनऊ। 2013 बैच की उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस



अधिकारी दिव्या मित्तल ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। इस्तीफे की घोषणा के बाद उनके पोस्ट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई।

कई लोगों ने उनके प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, वहीं कुछ यूजर्स ने उनके राजनीति में आने को लेकर सवाल उठाए। सोशल मीडिया पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि दिव्या मित्तल आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में किसी राजनीतिक दल के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि, अभी उनकी ओर से राजनीति में प्रवेश या चुनाव लड़ने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## 198 किमी का गेमचेंजर एक्सप्रेसवे, 7 जिलों की बदलेगी तस्वीर

*आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे से दिल्ली से दरभंगा का सफर करीब 10 घंटे में होने की उम्मीद, बिहार को मिलेगा पहला बड़ा ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर*

समाज जागरण

पटना। बिहार में सड़क संपर्क को नई रफ्तार देने वाला आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे जल्द ही राज्य के लिए बड़ा गेमचेंजर साबित हो सकता है। करीब 170 से 198 किलोमीटर लंबे इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली से दरभंगा की यात्रा का समय घटकर करीब 10 घंटे होने की उम्मीद है।

लिंक रोड और कनेक्टिंग रूट जुड़ने के बाद इसका नेटवर्क करीब 230 किलोमीटर तक फैल सकता है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत विकसित किए जा रहे इस कॉरिडोर को शुरुआत में चार लेन का बनाया जा रहा है। भविष्य में इसे छह लेन तक विस्तार देने का विकल्प भी रखा गया है।

### 7 जिलों को मिलेगा सीधा फायदा

एक्सप्रेसवे की शुरुआत औरंगाबाद-गया सीमा के पास आमस से होगी। यह एनएच-19 से जुड़ते हुए बिहार के कई महत्वपूर्ण जिलों से होकर दरभंगा तक पहुंचेगा। इसका अंतिम छोर दरभंगा के बेला नवादा में होगा, जहां यह एनएच-27 यानी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर से जुड़ेगा।

### दक्षिण से उत्तर बिहार तक सीधा कॉरिडोर

आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे से दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के बीच सीधी और तेज कनेक्टिविटी विकसित होगी। इससे यात्रा समय कम होने के साथ पर्यटन, व्यापार, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, स्वच्छता और पार्किंग सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार' करीब 4,000 लोगों के साथ सुनी 'मन की बात'

# लखनऊ छावनी को 100 करोड़ से ज्यादा की सौगात

## राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ ने 14 विकास परियोजनाओं का किया भूमि पूजन



समाज जागरण

लखनऊ, 30 अगस्त। लखनऊ छावनी में विकास की नई तस्वीर तैयार करने की दिशा में रविवार को बड़ा कदम उठाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 14 विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। इनमें राज्य सरकार के सहयोग से संचालित होने वाली दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी शामिल हैं। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद छावनी क्षेत्र में जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, स्वच्छता, पार्किंग और नागरिक सुविधाओं के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है।

### एक नजर में

*14 – विकास परियोजनाएं*
*100+ करोड़ – कुल लागत*
*1,500 KL – भूमिगत जलाशय की क्षमता*
*8 – नए ट्यूबवेल*
*4,000 – लोगों के साथ 'मन की बात'*

### पानी और सफाई व्यवस्था होगी आधुनिक

छावनी क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र और आधुनिक श्मशान घाट विकसित किया जाएगा। 1,500 किलोलीटर क्षमता वाला भूमिगत जलाशय बनाया जाएगा तथा पुरानी और खराब जलापूर्ति पाइपलाइनों को बदला जाएगा। एससीएडीए प्रणाली से जुड़े आठ ट्यूबवेल और ओवरहेड टैंक भी तैयार किए जाएंगे। इससे जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी और संचालन अधिक प्रभावी होगा।

### बच्चों और युवाओं के लिए नई सुविधाएं

दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय, आरए बाजार माध्यमिक विद्यालय और रेनबो मॉडल स्कूल में अतिरिक्त कक्षाओं एवं शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही बहुउपयोगी खेल परिसर विकसित किया जाएगा। इससे छावनी क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को शिक्षा तथा खेल के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### रोबोटिक पार्किंग से बदलेगी तस्वीर

बहुस्तरीय रोबोटिक कार पार्किंग और वाणिज्यिक परिसर भी विकसित किया जाएगा। इसके साथ पुराने कचरे के जैव-खनन और जैव-उपचार की परियोजना से पर्यावरण प्रबंधन को भी मजबूती दी जाएगी।

### पॉलीक्लिनिक और अभ्युदय कोचिंग सेंटर भी

राज्य सरकार के सहयोग से आरए बाजार सिटी पॉलीक्लिनिक और मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर की परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। पॉलीक्लिनिक से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, जबकि कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करेगा।

### 'विकसित भारत' का मतलब सिर्फ बड़ी इमारतें नहीं : राजनाथ

राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल बड़ी परियोजनाओं और आधुनिक इमारतों तक सीमित नहीं है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर घर में स्वच्छ पानी, युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर और दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि लखनऊ छावनी का विकास लखनऊ की प्रगति से जुड़ा हुआ है। केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से विकास और सुशासन को नई गति मिल सकती है।

### ब्रिटिश नामों की जगह राष्ट्रीय नायकों को सम्मान

राजनाथ सिंह ने छावनी के बाजारों के नाम बदले जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल से जुड़े कई नामों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय जीवन के प्रमुख व्यक्तित्वों के नाम पर किया गया है।

रॉयल आर्टिलरी बाजार → एकता बाजार
ब्रिटिश कैवलरी बाजार → उदा देवी बाजार
ब्रिटिश इन्फैंट्री बाजार → मातादिन वाल्मीकि बाजार
ब्रिटिश इन्फैंट्री बाजार → मंगल पांडे बाजार
कनेडी बाजार → अटल बिहारी वाजपेयी बाजार

राजनाथ सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को देश की विरासत से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना है।

### 'मन की बात' में भी शामिल हुए हजारों लोग

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 4,000 लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री असीम अरुण, केंद्रीय कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेनगुप्ता, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, लखनऊ की महापौर सुषमा खरवाल, रक्षा संपदा की महानिदेशक शोभा गुप्ता सहित रक्षा बलों, केंद्र एवं राज्य सरकार और लखनऊ छावनी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

(इनपुट : पीआईबी)

# मध्य एशिया से भारत के जुड़ाव का केंद्र है उज्बेकिस्तान : पीएम मोदी

## भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों को मिली नई दिशा, व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर बनी सहमति

*2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 5 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रक्षा उद्योगों के बीच संयुक्त उत्पादन और विकास को मिलेगा बढ़ावा*



समाज जागरण

ताशकंद, 30 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ताशकंद में भारत और उज्बेकिस्तान के संबंधों को नई ऊंचाई देने का संदेश देते हुए कहा कि उज्बेकिस्तान मध्य एशिया के केंद्र में स्थित होने के साथ इस पूरे क्षेत्र से भारत के जुड़ाव का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की आकांक्षाओं और सोच में गहरी समानता है। युवा शक्ति, इनोवेशन, समावेशी विकास और आधुनिक तकनीक 'यांगी उज्बेकिस्तान' तथा 'विकसित भारत 2047' के प्रमुख आधार हैं।

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगा सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देश आने वाले समय में रक्षा उद्योगों के बीच सीधे संपर्क को बढ़ावा देंगे। संयुक्त उत्पादन और संयुक्त विकास के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाया जाएगा। रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भारत-उज्बेकिस्तान का करीबी सहयोग दोनों देशों के बीच मजबूत आपसी विश्वास को दर्शाता है।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

पीएम मोदी ने आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान इन चुनौतियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का साझा संकल्प रखते हैं। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए दोनों देश अपना सहयोग और मजबूत करेंगे।

### 15वीं वर्षगांठ पर संबंधों को नई ऊंचाई

प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 में भारत और उज्बेकिस्तान की रणनीतिक साझेदारी की 15वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है।

### 2030 तक 5 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 1 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है। दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक इसे 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए बाजार तक पहुंच, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और भुगतान व्यवस्था में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

### व्यापार और कनेक्टिविटी पर फोकस

प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यापार लक्ष्य हासिल करने के लिए दोनों देशों के बीच बाजार पहुंच और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना जरूरी है। बैंकिंग और पेमेंट सिस्टम के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी दोनों देशों के लिए लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा।

### पारंपरिक चिकित्सा में भी मजबूत होगी साझेदारी

पीएम मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में हुए समझौते दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करेंगे। भारत और उज्बेकिस्तान की साझेदारी केवल नई दिल्ली और ताशकंद तक सीमित नहीं रहेगी। दोनों देशों के शहरों और राज्यों के बीच भी साझेदारी विकसित की जा रही है। इन साझेदारियों के माध्यम से शहरी प्रबंधन, उद्योग, शिक्षा, पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में लोगों और संस्थानों के बीच सीधे संपर्क को बढ़ावा दिया जाएगा।

### मिर्जियोयेव की दूरदर्शी सोच की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने ताशकंद में अपने और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव और उज्बेकिस्तान के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान की यह उनकी चौथी यात्रा है, जो दोनों देशों के करीबी संबंधों और गहरी दोस्ती को दर्शाती है।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ करीब एक दशक तक काम करने और इस दौरान उनसे 10 से अधिक बार मिलने का अवसर मिला। उन्होंने मिर्जियोयेव की सकारात्मकता, दूरदर्शी सोच और कुछ नया सीखने की निरंतर इच्छा की सराहना की। साथ ही भारत के प्रति उनकी गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

### युवा और तकनीक बनेगी साझेदारी की ताकत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान की विकास प्राथमिकताओं में कई समानताएं हैं। दोनों देश युवा शक्ति, नवाचार, समावेशी विकास और आधुनिक तकनीक को महत्व देते हैं। साझा विजन और आपसी विश्वास के आधार पर दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

(इनपुट : आईएएनएस)

## 'सीजेपी फाउंडर्स कोई संत नहीं...' सोनम वांगचुक का बड़ा बयान

### *राजनीति में आना गलत नहीं, लेकिन छात्र आंदोलन का इस्तेमाल दलगत एजेंडे के लिए नहीं होना चाहिए*

समाज जागरण

नई दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापकों अभिजीत दिपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को लेकर कहा कि उन्हें इन युवाओं में राजनीतिक महत्वाकांक्षा नजर आती है। प्रखर गुप्ता के



पॉडकास्ट में वांगचुक ने कहा कि राजनीति में आना या अपनी पार्टी बनाना गलत नहीं है, लेकिन जिस छात्र आंदोलन से वे जुड़े रहे, उसका इस्तेमाल किसी राजनीतिक दल के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीजेपी के संस्थापक कोई संत नहीं हैं और सामाजिक कार्य करने वाले युवाओं का राजनीति में आना स्वाभाविक है।

## हिंदूवादी नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या

### फॉर्च्यूनर में वारदात के बाद नहर में फेंका शव, ड्राइवर और साथी हिरासत में

समाज जागरण

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में हिंदूवादी संगठन से जुड़े नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वारदात उनकी फॉर्च्यूनर गाड़ी में हुई, जिसके बाद शव दुबग्गा के पास एक नहर में मिला। पुलिस ने शव और वारदात में इस्तेमाल एसयूवी बरामद कर ली है।

डीसीपी साउथ मोहम्मद मुश्ताक के अनुसार, धीरेंद्र प्रताप सिंह की हत्या उनके ड्राइवर ने अपने एक



साथी के साथ मिलकर की। दोनों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। शुरुआती जांच में हत्या के पीछे उन्नाव की जमीन से जुड़े विवाद की बात सामने आई है। धीरेंद्र प्रताप सिंह मूल रूप से उन्नाव के रहने वाले थे और महाराणा प्रताप वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष थे। संगठन की ओर से जमीन विवाद को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत भी की गई थी।

## शेफाली 64 रन बनाकर आउट, भारत की आधी टीम पवेलियन लौटी

### थाईलैंड के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में भारतीय पारी लड़खड़ाई

समाज जागरण

दुबई। महिला टी20 एशिया कप 2026 में थाईलैंड के खिलाफ भारत की पारी को शेफाली वर्मा ने तेज शुरुआत दी। हालांकि, वह 64 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके साथ ही भारतीय टीम ने अपने पांच विकेट गंवा दिए।



इससे पहले थाईलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। चोटिल जेमिमा रोड्रिग्स की जगह प्रतिका रावल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।

भारतीय टीम टूर्नामेंट में जीत के साथ अभियान शुरू करने के इरादे से उतरी है। भारत महिला टी20 एशिया कप की सबसे सफल टीमों में शामिल है और अब उसकी नजर चौथी टी20 एशिया कप ट्रॉफी पर है।


## ग्रेटर नोएडा में 19 वर्षीय युवती हिंडन नदी में कूदी, तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ

ग्रेटर नोएडा, 30 अगस्त। ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा क्षेत्र में रविवार को एक 19 वर्षीय युवती के हिंडन नदी में छलांग लगाने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को लगाया गया। बचाव दल नदी में सर्च ऑपरेशन चला रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक युवती किसी बात को लेकर नाराज थी और इसके बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। उसे बचाने के प्रयास में एक युवक के भी नदी में कूदने की बात सामने आई है। हालांकि, घटना की पूरी परिस्थितियों और दोनों की स्थिति को लेकर पुलिस की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें नदी में लगातार तलाश अभियान चला रही हैं। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भी जांच की जा रही है।

# मनुस्मृति के बहाने कांग्रेस का भारतीय परिवार संस्कृति पर हमला

मृत्युंजय दीक्षित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने मुद्दों को धार देने के लिए "छात्रों की गूंज" कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस कार्यक्रम का आयोजन लगभग असफल रहा इसलिए आयोजकों ने रणनीति में बदलाव करते हुए विगत 22 अगस्त 2026 महाराष्ट्र के पुणे




में एआईएसए एमएस ग्राउंड पर यह कार्यक्रम केवल छात्राओं के साथ किया। राहुल गांधी ने पुणे की छात्राओं से पीली टी -शर्ट पहनकर संवाद किया। मंच के बैकड्राप में हिन्दू महिलाओं को पिंजरे में दिखाया गया था।

छात्राओं को संबोधित करते हुए राहुल गाँधी ने, "स्मैश द पैट्रिआर्ची" और 'पिंजरा तोड़ो' का नारा दिया। उन्होंने छात्राओं से पितृसत्तात्मक सोच और रूढ़ियों के बंधनों को तोड़कर मुखर होने तथा अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा कि आधी आबादी किसी की गुलाम नहीं है। उन्होंने छात्राओं से अपने सपनों के लिए लड़ने और समाज के बनाए अदृश्य पिंजरे यानि नियंत्रण और पाबंदियों को तोड़ने के लिए कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पितृसत्तात्मक मानसिकता महिलाओं को नियंत्रित करने का प्रयास करती है और उनकी पहचान को सिर्फ पारिवारिक रिश्तों तक सीमित कर देती है। राहुल गाँधी ने अपने भाषण में मनुस्मृति तथा हिन्दू परिवार व्यवस्था पर जमकर हमला बोला और कहा कि मनुस्मृति में महिलाओं की गलत व्याख्या की गई है।

जब राहुल गाँधी मनुस्मृति पर हमला बोल रहे थे और हिन्दू संस्कृति में पितृसत्ता का अंत करने की अपील कर रहे थे तब उनके सामने हिजाब में कैद छात्राएं खड़ी थीं लेकिन राहुल का ध्यान उनकी तरफ नहीं गया। राहुल गांधी के बयानों से प्रतीत हो रहा तथा कि उनका मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज की परिवार संस्था को लांछित करना है और वो वामपंथी हिंदू विरोधी अभियान पिंजड़ा तोड़ के ब्रांड एंबेसडर हैं। पिंजड़ा तोड़ वाले दल विश्वविद्यालयों में ढपली बजाकर आंदोलन करते रहते हैं जो राष्ट्रवाद की आंधी में यह दम तोड़ रहे हैं किंतु अब राहुल गांधी भारतीय पारिवारिक संस्कृति को तहस -नहस करने के लिए इनके ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं।

रहुल गाँधी एक खतरनाक खेल खेल रहे हैं। वह हिन्दू बेटियों को परिवार से परे ले जाकर उन्हें जोखिम में डालना चाहते हैं, उन्हें बरगलाकर एक तीर से कई निशाने साध रहे हैं जिसमें लव जिहाद को बढ़ावा देने से लेकर धर्मांतरण कराने तक के देश विरोधी लक्ष्य हैं। कांग्रेस मनुस्मति की बात करके हिंदू सनातन संस्कृति व परिवार पर हमला बोल रहे हैं लेकिन इस्लाम तथा इसाई मजहबों में स्त्रियों के पिंजड़ों की बात नहीं करते। मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधी हो चुकी कांग्रेस पार्टी हिंदू बेटियों से पिंजरा तोड़ने आह्वान करती है और मुस्लिम छात्राओं के लिए के लिए हिजाब की वकालत उनका धार्मिक अधिकार कह के करती है।

मनुस्मृति के श्लोक का सहारा लेकर राहुल गांधी ने अपना हिंदू विरोधी नैरेटिव सेट करने के लिए यह तो बता दिया कि इसमें स्पष्ट कहा गया है कि बचपन में महिला को अपने पिता के अधीन, युवावस्था में पति और पति की मृत्यु के बाद अपने पुत्रों के अधीन रहना चाहिए किन्तु जो श्लोक नारी के वृहद् अधिकार की बात करते हैं, उनको भूल गए, वास्तविकता यह है कि मनुस्मृति में ही महिलाओ को विवाह से लेकर जीवन यापन तक हर प्रकार की पूर्ण स्वतंत्रता भी दी गई है।

नारी सशक्तीकरण से कांग्रेस का इतना ही सम्बन्ध है कि शाहबानो प्रकरण में इनके नेता और तब के प्रधानमंत्री ने लोकसभा में भारी बहुमत के बाद भी, कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेक कर शाहबानो को उसके अधिकार से वंचित कर दिया था। ये नारी सशक्तीकरण के ऊपर मुस्लिम तुष्टिकरण चुनने वाली पार्टी है। जब मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्त करने का प्रयास होता है, केंद्र सरकार विधेयक लाती है तब यही दोहरे चरित्र वाली कांग्रेस विरोध में खड़ी हो जाती है। राहुल गांधी वादा करते हैं सत्ता में आने पर वह तीन तलाक कानून को रद्द कर देंगे। राहुल गांधी व कांग्रेस के दोहरे मापदंडों से आज मुस्लिम समाज की तीन तलाक पीड़ित महिलाएं भयभीत हैं क्योंकि उन्हें याद है कि राहुल गांधी के पिता के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार ने ही शाहबानो प्रकरण को संसद में कानून बनाकर पलट दिया था ?

कांग्रेस के इतिहास में कई घटनाएं हैं जो इस पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करती हैं। दिल्ली का रोंगटे खड़े कर देने वाले नैना साहनी केस में कांग्रेसी अपने नेता को ही बचाने में लगे रहते थे। शारदा राठौर से लेकर सिमोरन रोजवेल जान तक कांग्रेस की अपनी महिला नेत्रियाँ अपमानजनक व्यवहार का शिकार बनी हैं। बंगाल के संदेशखाली प्रकरण, और आर जी कर रेप केस पर दोहरी मानसिकता वाले राहुल गांधी का मुंह बंद हो गया था राहुल गांधी को लगता है कि लोग यह भूल चुके हैं कि किस तरह उनकी सगी चाची मेनका गाँधी को आधी रात में छह माह के दुधमुहें वरुण के साथ उनकी माँ और दादी ने घर से निकाल कर सड़क पर फेंक दिया था। राहुल गांधी व कांग्रेस की महिला स्वतंत्रता पर दोहरे मापदंड उस समय भी उजागर हुए थे जब उनकी पार्टी के लोगों ने भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का उपहास किया था। कांग्रेस के नेता महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अपनी पार्टी की महिलाओं के लिए ही टंच माल जैसे शब्दों का प्रयोग किया है।

भारत के हिन्दू समाज को राहुल गाँधी के खतरनाक मंसूबों को समझना चाहिए और अपनी परिवार संस्था की रक्षा करनी चाहिए।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

## बांग्लादेश का चीनी दांव,

# भारत के लिए कितना खतरा ?

महेन्द्र तिवारी

दक्षिण एशिया की भू राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां सैन्य शक्ति, कूटनीति और तकनीकी वर्चस्व तीनों मिलकर नए क्षेत्रीय समीकरण बना रहे हैं। भारत के पूर्वी पड़ोसी बांग्लादेश द्वारा चीन से 20 जे 10सीई लड़ाकू विमान खरीदने की दिशा में बढ़ाया गया कदम इसी परिवर्तन का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। लगभग 2.3 अरब डॉलर के इस प्रस्तावित रक्षा समझौते ने केवल ढाका और बीजिंग के संबंधों को ही चर्चा में नहीं लाया, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, बंगाल की खाड़ी के सामरिक महत्व और पूरे दक्षिण एशिया के शक्ति संतुलन पर भी नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यह सौदा अभी अंतिम प्रक्रिया में है, लेकिन दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर इसकी तैयारी को क्षेत्र की सबसे बड़ी रक्षा परियोजनाओं में गिना जा रहा है।

चीन पिछले दो दशकों में बांग्लादेश का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन चुका है। नौसैनिक युद्धपोतों से लेकर टैंक, मिसाइल प्रणालियां और लड़ाकू विमानों तक, चीनी सैन्य उपकरण बांग्लादेश की रक्षा संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। जे 10सीई की खरीद इस दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करती है। यही कारण है कि नई दिल्ली इस घटनाक्रम को केवल एक व्यापारिक सौदा नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की व्यापक रणनीति के रूप में देख रही है।

इस रक्षा समझौते की आर्थिक संरचना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विमान की मूल कीमत लगभग 62.7 मिलियन डॉलर प्रति इकाई बताई जाती है, किंतु वास्तविक लागत इससे कहीं अधिक है। पायलटों का प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, रखरखाव, कल-पुर्जों की दीर्घकालिक आपूर्ति, हथियारों का भंडार और हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण को जोड़ने पर प्रत्येक विमान की प्रभावी लागत लगभग 115 मिलियन डॉलर तक पहुंच जाती है। कुल भुगतान वर्ष 2035 तक किश्तों में किए जाने की योजना है, जिससे बांग्लादेश तत्काल आर्थिक दबाव से बच सकेगा। यह व्यवस्था बताती है कि चीन केवल हथियार नहीं बेच रहा, बल्कि दीर्घकालिक रक्षा निर्भरता भी स्थापित कर रहा है।

किसी भी विकासशील राष्ट्र के लिए इतनी बड़ी सैन्य खरीद एक राजनीतिक निर्णय भी होती है। बांग्लादेश को अभी भी रोजगार, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद वायुसेना के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देना यह संकेत देता है कि ढाका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव को नए स्तर पर ले जाना चाहता है। यदि यह समझौता पूरी तरह लागू होता है तो पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश चीन के इस आधुनिक लड़ाकू विमान का दूसरा विदेशी संचालक बन जाएगा।

इस खरीद के समर्थन में बांग्लादेश के भीतर एक विशेष




राजनीतिक कथा भी गढ़ी जा रही है। वहां यह तर्क दिया जा रहा है कि मई 2025 के भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्ष में चीनी तकनीक वाले जे 10सीई ने अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर दी थी। कुछ राजनीतिक नेताओं और समर्थकों ने इसे पश्चिमी तकनीक के मुकाबले अधिक सक्षम विमान के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। हालांकि स्वतंत्र रक्षा विशेषज्ञों का मत इससे अलग है। उनका कहना है कि उस संघर्ष से जुड़े अनेक दावों की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए किसी विमान की श्रेष्ठता का निष्कर्ष केवल राजनीतिक प्रचार के आधार पर नहीं निकाला जा सकता।

तकनीकी दृष्टि से जे 10सीई निश्चित रूप से एक आधुनिक लड़ाकू विमान है। यह चौथी और आधी पीढ़ी की श्रेणी में रखा जाता है तथा इसमें सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग रडार, डिजिटल उड़ान नियंत्रण प्रणाली और लंबी दूरी तक मार करने वाली पीएल 15 मिसाइल लगाने की क्षमता है। इसका उद्देश्य हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों प्रकार के अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। यही कारण है कि इसे बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान कहा जाता है।

भारत के लिए वास्तविक चिंता केवल इस विमान की क्षमता नहीं, बल्कि इसकी भौगोलिक स्थिति है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान पहले से इसी प्रकार के चीनी विमान का संचालन कर रहा है। यदि पूर्व में बांग्लादेश भी वही तकनीक अपनाता है तो भारतीय वायुसेना को दोनों मोर्चों पर समान प्रकार की रडार प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तकनीक और मिसाइल खतरों का सामना करना पड़ सकता है। सामरिक भाषा में इसे तकनीकी मानकीकरण कहा जाता है। इससे विरोधी देशों के बीच प्रशिक्षण, रखरखाव और सूचना साझाकरण की संभावना भी बढ़ जाती है, जो किसी भी क्षेत्रीय शक्ति के लिए गंभीर रणनीतिक विषय होता है।

इन परिस्थितियों में भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राफेल केवल एक विमान नहीं, बल्कि एक समग्र युद्ध प्रणाली है। इसमें दो शक्तिशाली इंजन लगे हैं, जबकि जे 10सीई एक इंजन पर आधारित है। दो इंजन होने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि युद्ध या तकनीकी खराबी की स्थिति में भी विमान सुरक्षित लौटने की संभावना अधिक रहती है। विशेषकर समुद्र और पर्वतीय क्षेत्रों में यह विशेषता पायलट की सुरक्षा और अभियान की सफलता दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।

राफेल की मारक क्षमता भी उल्लेखनीय है। यह लगभग 9500 किलोग्राम तक हथियार, बम और अतिरिक्त ईंधन ले जा सकता है। इसके लिए इसमें 14 हथियार बिंदु उपलब्ध हैं। दूसरी ओर जे 10सीई की क्षमता लगभग 5600 किलोग्राम और 11 हथियार बिंदुओं तक सीमित मानी जाती है। इसका सीधा अर्थ है कि राफेल एक ही उड़ान में अधिक विविध प्रकार के हथियार लेकर लंबी दूरी तक प्रभावी हमला करने में सक्षम है। यही कारण है कि भारतीय वायुसेना इसे गहरे प्रहार वाले अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानती है।

आधुनिक हवाई युद्ध का सबसे निर्णायक क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक युद्ध है। आज जीत केवल मिसाइलों से नहीं, बल्कि रडार, सेंसर और डिजिटल सुरक्षा प्रणालियों से तय होती है। राफेल की स्पेक्ट्रा प्रणाली दुनिया की सबसे उन्नत इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा प्रणालियों में गिनी जाती है। यह दुश्मन के रडार संकेतों का विश्लेषण करके उन्हें भ्रमित करती है, मिसाइल की चेतावनी देती है और आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक प्रतिरोध उत्पन्न करती है। इससे विमान की उत्तरजीविता कई गुना बढ़ जाती है। चीन ने भी अपने विमानों में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां विकसित की हैं, लेकिन उनकी वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता को लेकर वैश्विक स्तर पर अभी भी सावधानीपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाता है।

लंबी दूरी की मिसाइलों की बात करें तो भारत के पास मीटिओर जैसी अत्याधुनिक प्रणाली उपलब्ध है, जबकि जे 10सीई पीएल 15 मिसाइल से लैस हो सकता है। दोनों ही लंबी दूरी की मिसाइलें हैं, लेकिन उनकी तकनीकी संरचना अलग है। मीटिओर में विशेष प्रणोदन तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे अंतिम चरण तक उसकी ऊर्जा और गति बनी रहती है। यही कारण है कि अनेक अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ इसे वर्तमान समय की सबसे प्रभावी हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों में शामिल करते हैं।

यह भी समझना आवश्यक है कि किसी देश की सैन्य शक्ति केवल विमान की संख्या से निर्धारित नहीं होती। प्रशिक्षण, हवाई चेतावनी प्रणाली, उपग्रह आधारित सूचना, रसद व्यवस्था, साइबर सुरक्षा और संयुक्त सैन्य अभ्यास भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय वायुसेना वर्षों से जटिल बहुराष्ट्रीय युद्धाभ्यासों में भाग लेती रही है और उसके पायलटों का प्रशिक्षण विश्व के श्रेष्ठ मानकों में गिना जाता है। यही अनुभव किसी भी आधुनिक युद्ध में तकनीकी क्षमता के समान ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बांग्लादेश का यह रक्षा सौदा भारत के लिए एक स्पष्ट संदेश भी है कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को केवल सांस्कृतिक या आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सुरक्षा साझेदारी के स्तर पर भी मजबूत करना होगा। बंगाल की खाड़ी आने वाले वर्षों में विश्व व्यापार, समुद्री ऊर्जा मार्गों और सामरिक प्रतिस्पर्धा का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। ऐसे में भारत को अपनी समुद्री शक्ति, पूर्वी वायु कमान और उत्तर पूर्वी राज्यों की रक्षा संरचना को और अधिक सुदृढ़ करना होगा।

दीर्घकालिक समाधान केवल आयातित हथियारों में नहीं, बल्कि स्वदेशी रक्षा उत्पादन में निहित है। उन्नत लड़ाकू विमान, स्वदेशी इंजन, आधुनिक रडार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली और घरेलू मिसाइल तकनीक भारत की भविष्य की सुरक्षा के वास्तविक आधार बन सकते हैं। आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग न केवल विदेशी निर्भरता कम करेगा, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में भी एक महत्वपूर्ण स्थान दिला सकता है।

दक्षिण एशिया की बदलती भू राजनीति यह स्पष्ट कर रही है कि आने वाला समय केवल सीमाओं का नहीं, बल्कि तकनीक, कूटनीति और सामरिक दूरदृष्टि का होगा। बांग्लादेश और चीन का यह रक्षा सहयोग भारत के लिए चिंता का विषय अवश्य है, लेकिन उससे कहीं अधिक यह सजगता, संतुलित नीति और आत्मनिर्भर सैन्य क्षमता को मजबूत करने का अवसर भी है। राष्ट्रीय सुरक्षा का भविष्य केवल शक्तिशाली हथियारों से नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण निर्णयों और दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी से सुरक्षित होगा।
आज आवश्यकता किसी विशेष दिवस तक सीमित उत्सव की नहीं, बल्कि निरंतर सामाजिक संकल्प की है। हर बेटी को पढ़ाने का निर्णय, हर महिला को सम्मान देने का व्यवहार, हर कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने का प्रयास और हर घर में बराबरी की संस्कृति विकसित करना ही महिला समानता दिवस की वास्तविक भावना है। जिस दिन समाज की प्रत्येक महिला बिना भय, बिना भेदभाव और बिना किसी रुकावट के अपने सपनों को जी सकेगी, उसी दिन समानता का यह उत्सव अपने सच्चे उद्देश्य को प्राप्त करेगा। तब भारत केवल विकासशील राष्ट्र नहीं, बल्कि न्याय, गरिमा और समान अवसरों पर आधारित एक संवेदनशील और सशक्त समाज के रूप में विश्व के सामने खड़ा होगा।

*आत्मकथा का सच प्रमाण मांग सकता है, अनुमति नहीं*

# किसी की जिंदगी का 'सुविधाजनक संस्करण' क्यों ?

## शब्दों को रोकने से बहस मिटती नहीं, और गहरी हो जाती है

कुछ अनुभव उम्र के साथ धुंधले नहीं पड़ते, भीतर और गहरे उतरते हैं। मनुष्य उन्हें उसी नजर से लिखता है, जिस नजर से उसने जिया। सोनिया गांधी की आत्मकथा ह्यबिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लवह्ल पर उठी बहस इसी अधिकार की सीमा का सवाल है। कांग्रेस का आरोप है कि पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने मोदी, आरएसएस और चीन की सीमा से जुड़े अंश हटाने या बदलने को कहा। प्रकाशक का कहना है कि वह भारत में इस किताब का प्रकाशक नहीं है और तथ्य-जांच व संपादकीय सुझाव सामान्य प्रक्रिया हैं। दावे अलग हैं, लेकिन भारत में किताब का प्रकाशन फिलहाल रुका है। सवाल है—क्या लेखक की अपनी स्मृतियों को ऐसी कसौटी पर कसा जाना चाहिए, जो उसकी दृष्टि को अधूरा कर दे?
संपादन की कैंची तथ्य पर चलनी चाहिए, स्मृति पर नहीं। प्रकाशक को संदर्भों की शुद्धता, तथ्यों की पड़ताल और कानूनी जोखिमों की जांच का पूरा अधिकार है। लेकिन आत्मकथा सरकारी फाइल का पुनर्लेखन नहीं, बल्कि जीवन को भीतर से देखी गई आंखों का बयान है। सोनिया गांधी ने मोदी से मुलाकातों, आरएसएस और चीन की सीमा से जुड़े प्रसंगों को जिस नजर से देखा, वह उनकी अपनी अनुभूति है। पाठक उसे अंतिम सत्य नहीं, एक व्यक्ति की गवाही मानकर पढ़ता है। तथ्य गलत हों तो सुधारे जाएं, संदर्भ अधूरे हों तो पूरे किए जाएं; पर केवल असुविधाजनक दृष्टि को हटा देना संपादन की सीमा से बाहर है।

इतिहास की स्याही सिर्फ घटनाएं नहीं, उन्हें देखने वाली आंखें भी दर्ज करती है। गांधी की डायरियां, नेहरू की आत्मकथा और इंदिरा गांधी के पत्र इसलिए मूल्यवान हैं कि उनमें समय की धड़कन और लेखक की निजी दृष्टि साथ है। सीमाएं थीं, फिर भी यही अपूर्णता उन्हें जीवंत बनाती है। आत्मकथा का अर्थ अपने अनुभव को अपनी नजर से दर्ज करना है। ऐसे में पेंगुइन का कहना कि वह पुस्तक प्रकाशित करना चाहता था, पर सहमति नहीं बनी, सवाल छोड़ता है। ह्यइच्छाह्ल और ह्यसहमतिह्ल के बीच कितनी दूरी हो कि लेखक की स्मृतियां भी संपादन के दायरे में आ जाएं? तथ्य-जांच प्रकाशक का अधिकार और दायित्व है, लेकिन लेखक की दृष्टि बची रहे—यह भी जरूरी है।
राजनीति की बहस अक्सर अपनी-अपनी सुविधा का आईना लेकर शुरू होती है। कांग्रेस इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रश्न मानती है, जबकि भाजपा राजनीतिक दावों की तथ्य-जांच को जरूरी ठहरा सकती है। दोनों तर्कों में वजन है। लेकिन असली कसौटी दल नहीं, पाठक होना चाहिए। आत्मकथा न अंतिम सत्य है, न केवल इसलिए संदिग्ध कि लेखक राजनीति में रहा है।

संस्मरण को प्रमाण से अलग पहचानने की समझ पाठक में है। उसे सहमत होने जितना ही असहमत होने का अधिकार भी है। लोकतंत्र की परिपक्वता इसी में है कि असहमति का जवाब शब्दों से दिया जाए, शब्दों को रोककर नहीं। किसी किताब की सबसे बड़ी परीक्षा उसके शब्द नहीं, उन्हें सुनने का समाज का साहस होता है। सोनिया गांधी की पुस्तक का सरोकार भारत की राजनीति और समाज से है, फिर भी उसके कुछ अंशों को लेकर भारत में ही अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, जबकि वही सामग्री दुनिया के दूसरे हिस्सों में सामने आ सकती है। अंतरराष्ट्रीय संस्करण अल्फ्रेड ए. नॉफ (पेंगुइन रैंडम हाउस) से 10 नवंबर 2026 को प्रकाशित होगा और उसमें विवादित अंश रहने की संभावना है। भारत में हार्परकॉलिन्स समेत अन्य प्रकाशकों से बातचीत जारी है। इससे सवाल उठना स्वाभाविक है। किसी तथ्य पर संदेह हो तो प्रमाण से जवाब दिया जा सकता है, किसी दृष्टिकोण से असहमति हो तो दूसरा दृष्टिकोण रखा जा सकता है। पन्ने हटाने से बहस मिटती नहीं, अक्सर और गहरी होती है। बेहतर रास्ता यही है कि पाठक को पूरी बात देखने और अपना निष्कर्ष चुनने दिया जाए। लोकतंत्र आखिर नागरिकों की समझ पर भरोसे से ही मजबूत होता है।

बीता हुआ समय किसी आदेश से अपना अर्थ नहीं बदलता। जो किसी ने जिया, उसकी स्मृति में वह उसी की अनुभूति के साथ बचा रहता है; इतिहासकार बाद में उसी घटना को दूसरे स्रोतों और दूसरी नजर से परख सकता है। दोनों सच अपने-अपने स्थान पर रह सकते हैं—यही इतिहास की जटिलता है। इसलिए आज जिन पन्नों पर बहस है, वे कल केवल सोनिया गांधी की यादें नहीं होंगे; वे 2026 के राजनीतिक माहौल की एक झलक भी देंगे। आने वाली पीढ़ियां शायद यह भी देखेंगी कि उस समय भारत अपने अतीत को कैसे याद करता था, किन शब्दों पर ठहरकर सोचता था और किन स्मृतियों को सार्वजनिक करने में कितना संकोच करता था।

इस बहस की मंजिल किसी पक्ष की जीत नहीं, सही सीमा-रेखा तय करना है। प्रकाशक तथ्य और संदर्भ जांचे, लेखक अपने कथनों की जिम्मेदारी उठाए और पाठक को पूरी सामग्री परखने का अवसर मिले। मोदी से जुड़ा प्रसंग हो, आरएसएस पर दृष्टिकोण या चीन की सीमा संबंधी उल्लेख—तथ्य हो तो प्रमाण सामने आए, निजी अनुभव हो तो उसे उसी रूप में समझा जाए। लोकतंत्र में असहमति का उत्तर शब्द मिटाकर नहीं, बेहतर तथ्य और मजबूत तर्क देकर दिया जाता है। यही रास्ता लेखकीय स्वतंत्रता को भी बचाता है और बहस की गरिमा को भी।

किताब की अंतिम कसौटी उसका छपना नहीं, उसे पढ़ने वाला समाज है। पुस्तक किस रूप में छपेगी, यह लेखक और प्रकाशक तय करेंगे; लेकिन स्मृति को न आदेश से रचा जा सकता है, न आदेश से मिटाया जा सकता है। किसी आत्मकथा से सहमत होना जरूरी नहीं, उसे सुनना जरूरी है; क्योंकि कोई स्मृति इतिहास का पूरा सच नहीं, फिर भी सच्ची स्मृति उसके अनदेखे कोनों पर रोशनी डाल सकती है। प्रतीक्षा में पड़े ये पन्ने सिर्फ किताब के पन्ने नहीं, हमारे समय के सामने खड़ा एक सवाल हैं—क्या हम अपनी सुविधा से परे उठती आवाजों को सुनने का साहस रखते हैं? किताबें तभी जीवित रहती हैं, जब वे बहस पैदा करती हैं; और समाज तभी जीवित रहता है, जब वह उस बहस से डरता नहीं।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

## आत्मकथा के पन्नों पर सवाल

सत्य के कितने रंग हैं, हर रंग का अपना राज,
किसके हिस्से में सच, किसके हिस्से है लाज।
कलम उठी हैं तो पन्नों पर यादों ने दस्तक दी,
बीते कल की तस्वीरों ने नई कहानी लिख दी।
किस्से निजी हो या इतिहास का है कोई पन्ना,
जब सच बाहर आने लगे, चकरा जाए सर ना।
किसी की अपनी जिंदगी, किसी की हर बात,
कौन तय करे आखिर कहाँ रुके कलम घात?
आत्मकथा के पन्नों में जो कुछ हैं लिखा गया,
वह केवल एक व्यक्ति नहीं दौर है दिखा गया।
पुस्तक छपेगी तब होगी, सवालों की बरसात,
किसने क्या कहा-क्या देखा, खुलेगी हर बात।
(संदर्भ-सोनिया गांधी की आत्मकथा छापने से पेंगुइन का इनकार)

संजय एम तराणेकर

(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# युवा उद्यमियों के लिए सुनहरा मौका, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ऑनलाइन आवेदन शुरू

## उद्योग क्षेत्र में 25 लाख और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर मिलेगी 25 प्रतिशत मार्जिन मनी

गौतमबुद्धनगर, 30 अगस्त। जिले के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतमबुद्धनगर पंकज निर्वाण ने बताया कि योजना के तहत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयों को 25 प्रतिशत मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जाएगी।

**कौन कर सकता है आवेदन**

योजना के लिए आवेदक गौतमबुद्धनगर का मूल निवासी और 18 से 40 वर्ष की आयु का होना चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या समकक्ष निर्धारित की गई है। आवेदक किसी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था या सरकारी संस्था का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए। साथ ही पहले किसी केंद्र या राज्य सरकार की स्वरोजगार योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया होना चाहिए।

सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं दिव्यांगजन लाभार्थियों को 5 प्रतिशत अंशदान जमा करना होगा।

**ऑनलाइन ही होगा आवेदन**

इच्छुक अभ्यर्थी diupmsme.upsdc.gov.inया `sme.up.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पूर्ण रूप से ऑनलाइन भरा होना और आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा होना अनिवार्य है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में उपायुक्त उद्योग कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा में संपर्क कर सकते हैं। (सौजन्य : सूचना




# गुमशुदा तीन वर्षीय बच्ची को पुलिस ने 30 मिनट में तलाशा

## सेक्टर-126 थाना पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा, परिवार ने जताया आभार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 अगस्त। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रास्ता भटककर लापता हुई करीब तीन वर्षीय बच्ची को महज 30 मिनट में सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-126 में सूचना दी कि वह ग्राम असगरपुर में पेंटिंग का काम कर रहा था। वह अपने पांच वर्षीय बेटे और करीब तीन वर्षीय बेटी को भी साथ लाया था। काम के दौरान बच्ची खेलते-खेलते रास्ता भटक गई और गांव की ओर चली गई। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही पुलिस ने बच्ची की तलाश के लिए तत्काल टीमें गठित कीं। पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए करीब 30 मिनट के भीतर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बच्ची को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# हिंदू महासभा अध्यक्ष ने पीएम मोदी से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग की

## समान नागरिक कानून, गौहत्या पर प्रतिबंध और सनातन बोर्ड के गठन की भी उठाई मांग

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग वाराणसी स्थित संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के सभागार में श्रीकाशी विद्वत धर्म परिषद की ओर से आयोजित सम्मान समारोह को विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए की।



डॉ. शर्मा ने केंद्र सरकार से देश में समान नागरिक कानून लागू करने, गौहत्या पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने, पूजा स्थल अधिनियम को निरस्त करने तथा हिंदू मंदिरों और संतों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की। उन्होंने मजबूत जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने और सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सनातन बोर्ड के गठन की भी मांग रखी। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की यज्ञशाला में आयोजित यज्ञ में संतों, ब्राह्मणों, विद्वानों और पुरोहितों को सम्मानित किया गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के धमार्चार्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत वेदाचार्य पीठाधीश्वर डॉ. अनिकेत शास्त्री महाराज को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्रीकाशी विद्वत धर्म परिषद के अध्यक्ष पं. छोटेलाल त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष पं. कमलाकांत त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में संत, विद्वान और काशी के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं और उनके परिवारों के लिए समान राष्ट्रीय चिकित्सा बीमा नीति की मांग

## लॉयर्स फेडरेशन ने कानून मंत्री को भेजा ज्ञापन, 'नेशनल एडवोकेट्स मेडिकल इंश्योरेंस स्कीम' शुरू करने का प्रस्ताव

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली। लॉयर्स फेडरेशन ने केंद्र सरकार से देशभर के अधिवक्ताओं और उनके आश्रित परिवारजनों के लिए एक समान और व्यापक राष्ट्रीय चिकित्सा बीमा नीति लागू करने की मांग की है। फेडरेशन ने कानून एवं न्याय मंत्री को ज्ञापन भेजकर ह्यनेशनल एडवोकेट्स मेडिकल इंश्योरेंस स्कीम (NAMIS)' शुरू करने का प्रस्ताव रखा है।



फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं और संविधान, कानून के शासन तथा नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों, बार काउंसिलों और बार एसोसिएशनों में उपलब्ध चिकित्सा एवं कल्याणकारी सुविधाओं में काफी अंतर है। फेडरेशन ने प्रस्ताव दिया है कि योजना के तहत अधिवक्ताओं के साथ उनके पात्र आश्रितों–पति या पत्नी, आश्रित बच्चों और माता-पिता–को भी चिकित्सा बीमा सुरक्षा दी जाए। पूरे देश में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों का व्यापक नेटवर्क बनाने की मांग भी की गई है।

राजीव अग्निहोत्री ने कहा, "जो अधिवक्ता जीवनभर दूसरों के अधिकारों और न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष करता है, उसके और उसके परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा भी राष्ट्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।"

फेडरेशन ने केंद्र सरकार से इस प्रस्ताव को अधिवक्ताओं के लिए केवल बीमा योजना के बजाय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा और कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में लागू करने का आग्रह किया है।

# नसीम कुरैशी के नोएडा आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने किया स्वागत

## सेक्टर-80 ककराला में बैठक, संगठन मजबूती और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-80 ककराला में आयोजित बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के संयोजक नसीम कुरैशी के नोएडा आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका फूल-माला, पटका एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।




कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं गौतमबुद्धनगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष हसमत राना ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने को लेकर चर्चा हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश अवाना एडवोकेट, शाहबुद्दीन नोएडा, मोहम्मद आमिर भाटी, शमशेर अब्बासी, जावेद खान, कैप्टन बाजवा, जीशान चौधरी, सलोनी सोलंकी, कदीर खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

## नोएडा पुलिस की टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर चलाया जागरूकता अभियान, साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 अगस्त। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन और डीसीपी महिला सुरक्षा की निगरानी में नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम ने मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।







अभियान के दौरान महिलाओं को महिला सशक्तीकरण, महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया और जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए।

पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं से किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन अथवा पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## फेस-3 थाना पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 अगस्त। थाना फेस-3 (सेंट्रल नोएडा) पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ कर वाहन चोरी से जुड़ी अन्य घटनाओं और उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# 'वृन्दावन प्रेयसी' में कृष्ण और वृन्दावन के प्रति अनुराग का सुंदर काव्य संसार : अलका सिन्हा

## युवा कवयित्री गोस्वामी दिव्या भारती की कृति का लोकार्पण, काव्य-पाठ में गूंजे प्रेम, भक्ति और विरह के स्वर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली, 29 अगस्त। युवा कवयित्री गोस्वामी दिव्या भारती की काव्य-कृति 'वृन्दावन प्रेयसी' का लोकार्पण शनिवार को द्वारका स्थित क्रिएटिव अनलॉक, सेक्टर-7 में साहित्य 24 प्रकाशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कवियों और साहित्यप्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।




मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार अलका सिन्हा ने कृति की सराहना करते हुए कहा कि ह्यवृन्दावन प्रेयसीह्न में श्रीकृष्ण, प्रेम, भाषा, कविता और वृन्दावन के प्रति कवयित्री की सच्ची आस्था दिखाई देती है। प्रेम और भक्ति में डूबी रचनाएं दिव्या भारती के रचनात्मक व्यक्तित्व को व्यापकता प्रदान करती हैं। सारस्वत अतिथि हिंदी अकादमी, दिल्ली के पूर्व उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि दिव्या भारती की कविताएं पढ़ते हुए धर्मवीर भारती की ह्यकनुप्रियाह्न का स्मरण सहज होता है। उन्होंने बताया कि ह्यवृन्दावन प्रेयसीह्न में 76 कविताओं के माध्यम से प्रेम, आस्था, विरह और अंतर्द्वंद्व को अभिव्यक्ति दी गई है। उन्होंने युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

कवयित्री दिव्या भारती ने कहा कि यह कृति उनके अंतर्मन की संवेदनाओं, प्रेम, आस्था और रचनात्मक अनुभूतियों का काव्यात्मक प्रतिफलन है। संग्रह में कृष्ण-भक्ति के साथ मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध भावों को स्वर दिया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ लेखक एवं गायक मनोज कुमार सिन्हा ने सरस्वती वंदना से किया। इसके बाद कवयित्री ने अपनी कृति की चुनिंदा रचनाओं का भावपूर्ण काव्य-पाठ किया, जिसमें प्रेम, कृष्ण-भक्ति, विरह और समर्पण के स्वर प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संचालन लेखक एवं कवि प्रशांत अवस्थी 'प्रखर' ने किया। इस अवसर पर युवा कवि दास आरोही आनंद, साहित्य 24 के संपादक हरिप्रकाश पांडेय, युवा कवि अनुराग सक्सेना, गजलकार अशोक कुमार भारद्वाज सहित अनेक साहित्यकार एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। अंत में हरिप्रकाश पांडेय ने सभी अतिथियों और साहित्यप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नोएडा में बिजली कटौती को लेकर उठे सवाल, 2027 चुनाव में भाजपा को नुकसान की चेतावनी

## चोटपुर कॉलोनी और छिजारसी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर महेंद्र माही ने अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 अगस्त। नोएडा के सेक्टर-63 स्थित चोटपुर कॉलोनी और छिजारसी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठाए गए हैं। महेंद्र माही ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पिछले करीब 10 वर्षों से बिजली आपूर्ति के दो अलग-अलग तरीके रहे हैं। उनके मुताबिक, कुछ स्थानों पर कथित रूप से बिजली चोरी कराई जाती रही, जबकि कई परिवारों ने वैध रूप से मीटर लगाकर बिजली का इस्तेमाल किया।



माही का आरोप है कि मुख्यमंत्री से शिकायत पहुंचने के बाद बिजली विभाग ने कार्रवाई शुरू की, लेकिन कार्रवाई के दौरान मीटर से बिजली इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि कहीं बिजली के तार काटे गए तो कहीं ट्रांसफार्मर हटा दिए गए।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए सवाल किया कि यदि लंबे समय से बिजली चोरी कराई जा रही थी तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। माही ने कहा कि ऐसी कार्रवाई से आम उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ सकती है और इसका असर 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पर पड़ सकता है। हालांकि, सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और बिजली विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# चलती गाड़ी से कूड़ा फेंकने पर नोएडा प्राधिकरण की सख्त अपील

## सड़क पर कचरा डालने से नालियां हो सकती हैं जाम, जलभराव और पशुओं के लिए भी खतरा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 30 अगस्त। नोएडा प्राधिकरण ने शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए लोगों से चलते वाहनों से कूड़ा सड़क पर न फेंकने की अपील की है। प्राधिकरण ने कहा कि सड़कों पर बिखरा कचरा नालियों में पहुंचकर उन्हें अवरुद्ध कर सकता है, जिससे जलभराव की समस्या पैदा हो सकती है।




प्राधिकरण के अनुसार, सड़क पर फेंका गया कचरा पशुओं के लिए भी खतरा बन सकता है। लोगों से कूड़े का जिम्मेदारीपूर्वक निस्तारण करने और नोएडा को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है।

# रक्षाबंधन पर 88.94 लाख यात्रियों ने किया निशुल्क बस सफर

## योगी सरकार की सौगात से 55.17 लाख महिलाओं और 33.76 लाख सहयात्रियों को मिला लाभ

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ, 30 अगस्त। रक्षाबंधन पर्व पर योगी सरकार की ओर से महिलाओं और उनके सहयात्रियों को दी गई तीन दिवसीय निशुल्क बस यात्रा का प्रदेशभर में व्यापक लाभ मिला। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अनुसार 27 से 29 अगस्त 2026 तक कुल 88,94,730 यात्रियों ने निशुल्क बस यात्रा की। इनमें करीब 55.17 लाख महिलाएं और 33.76 लाख सहयात्री शामिल रहे। इस सुविधा पर प्रदेश सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये का खर्च वहन किया।

**2025 का रिकॉर्ड भी टूटा**

इस वर्ष निशुल्क यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 10.68 लाख अधिक रही। वर्ष 2025 में तीन दिनों के दौरान 78.26 लाख यात्रियों ने निशुल्क यात्रा की थी। इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 88.94 लाख पहुंच गया।

**28 अगस्त को सबसे ज्यादा भीड़**

रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को सबसे अधिक 49.96 लाख यात्रियों ने निशुल्क बस यात्रा की। इनमें 32.47 लाख महिलाएं और 17.48 लाख सहयात्री रहे। 27 अगस्त को 9.26 लाख और 29 अगस्त को 29.71 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

**सरकार ने उठाया 106.98 करोड़ का खर्च**

निशुल्क यात्रा के लिए इस वर्ष सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये खर्च किए, जो 2025 के 86.98 करोड़ रुपये से करीब 20 करोड़ रुपये अधिक है। परिवहन निगम ने रक्षाबंधन से पहले अतिरिक्त बसों के संचालन और प्रमुख बस स्टेशनों पर व्यवस्थाएं मजबूत की थीं। 27 से 29 अगस्त तक सुबह छह बजे से रात 12 बजे तक यह सुविधा उपलब्ध रही।

**2017 से जारी है निशुल्क यात्रा की सौगात**

रक्षाबंधन पर महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा वर्ष 2017 से दी जा रही है। 2017 में 11.16 लाख महिला यात्रियों ने इसका लाभ उठाया था। 2018 में 11.69 लाख, 2019 में 12.04 लाख, 2020 में 7.36 लाख, 2021 में 9.63 लाख, 2022 में 22.32 लाख, 2023 में 29.29 लाख और 2024 में 19.78 लाख महिलाओं ने निशुल्क यात्रा की। वर्ष 2025 से महिलाओं के साथ सहयात्रियों को भी सुविधा में शामिल किया गया।

# सपा के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है जेपीएनआईसी: सीएम योगी

## जयप्रकाश नारायण के नाम का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता, जनता के पैसे पर डकैती की छूट नहीं: मुख्यमंत्री

*रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीएम योगी ने किया वीरांगना अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण, पुष्पांजलि भी अर्पित की*

*जाति के नाम पर समाज को बांट रही सपा, हम बटेंगे नहीं, तो कटेंगे भी नहीं: सीएम योगी*

*सीएम ने कहा- दंगों की बादशाह है सपा, कर्फ्यू उसकी पहचान और सरकारी खजाने में लूट-खसोट उसकी आदत*

*लखनऊ, गोरखपुर व बदायूं में वीरांगनाओं के नाम पर गठित की गईं तीन महिला पीएसी बटालियन*

लखनऊ, 30 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में बना जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है। सपा ने इसे अपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का अड्डा जैसा बना दिया था। एक महापुरुष के नाम का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार अपराध व अपराधियों के साथ-साथ बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ वीरांगना अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित करने वाले जयप्रकाश नारायण के नाम पर सपा शासनकाल में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन 864 करोड़ खर्च करने के बावजूद यह अधूरा रहा। जिस काम को 18 महीने में पूरा होना था, वह दो साल बाद भी अधूरा था। सेंटर पर सपा का कब्जा रखने के लिए एक कमेटी गठित की गई, जिसमें अखिलेश यादव, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश के निजी सचिव और सपा प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी शामिल थे।

**जनता के पैसे पर डकैती की छूट नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि जेपीएनआईसी पर खर्च हुए 864 करोड़ रुपये सैफई सिंडिकेट के नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की जनता के हैं। जनता के पैसे पर किसी राजनीतिक दल को डकैती डालने की छूट नहीं दी जा सकती। सरकार ने कमेटी भंग कर इस सेंटर को वापस लिया है। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में इसे संचालित कर जयप्रकाश नारायण की स्मृति को जीवंत किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के खजाने से खर्च धनराशि की वसूली का प्रयास किया जाएगा। सरकार ने जिन लोगों के हाथ से खजाना छीन लिया, वे अब अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

**दंगा-कर्फ्यू, जातीय राजनीति सपा की पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीए के नाम पर समाज को बांटने वाली सपा के लोगों ने कभी महापुरुषों का सम्मान तक नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से श्रद्धांजलि का एक शब्द नहीं निकला, एक ट्वीट तक नहीं किया। सपा दंगों की बादशाह है। कर्फ्यू उसकी पहचान और सरकारी खजाने में लूट-खसोट उसकी आदत रही है। खाली जमीनों पर सपाई गुंडों का कब्जा और महिलाओं- बेटियों में भय का माहौल पिछली सरकार की सबसे बड़ी पहचान रहा है।

**मिशन शक्ति से महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डबल इंजन की भाजपा सरकार मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और स्वावलंबन से जुड़ा अभियान है। जब बेटी को सुरक्षा मिलती है तो उसमें संरक्षण का भाव पैदा होता है। सम्मान मिलने पर वह अपने जीवन की दिशा स्वयं तय करती है और जब उसे स्वावलंबन के अवसर मिलते हैं तो वह अपनी गति को प्रगति में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ती। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई दे रहा बदलाव इसी सशक्तीकरण का परिणाम है। हम बीमारू छवि से निकल कर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बने हैं। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित है, जिसका लोकार्पण मोदी जी ने किया। यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं देश की अखंडता, अंत्योदय और सुशासन की प्रेरणा देती हैं।

# हरवीर अध्यक्ष, केके चौहान बने महासचिव

**पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार देरशाम संपन्न हुआ बार एसोसिएशन का चुनाव।**

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। बार एसोसिएशन का चुनाव पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। अध्यक्ष पद पर हरवीर सिंह यादव एवं महासचिव पद पर कृष्ण कुमार चौहान ने जीत हासिल की। परिणाम घोषित होने के साथ ही समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को पुलिस प्रशासन की सख्त व्यवस्थाओं के बीच कराया गया। सुबह नौ बजे से मतदान प्रारंभ हुआ तो दोपहर तीन बजे तक चला। इसमें 1372 मतदाताओं में से 1098 अधिवक्ता ही मतदान करने को पहुंचे। मतदान के दौरान अभिलेखों की जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। संभावित उम्मीदवार अपने पक्ष में मतदान के लिए कतारबद्ध दिखाई दिए। मतदान की व्यवस्था मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज सिंह यादव सहित उनकी टीम संभाले थी। चार बजे के बाद मतगणना प्रारंभ हुई। देर शाम करीब साढ़े आठ बजे परिणाम घोषित किया गया।

इसमें बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर हरवीर सिंह ने 388 मत पाकर जीत हासिल की। जबकि 303 मत पाकर दलवीर सिंह तोमर दूसरे स्थान पर रहे। महासचिव पद कृष्ण कुमार चौहान ने 277 मत पाकर जीते जबकि दूसरे स्थान पर 181 मत पाकर विमल बाबू रहे। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव, महासचिव केके चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुंदर सिंह यादव व कनिष्ठ उपाध्यक्ष रोहितास कुमार यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रोहितास कुमार, कोषाध्यक्ष बने डॉ. मनोज दीक्षित उपाध्यक्ष पद पर सुंदर सिंह यादव 348 मत पाकर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर इश्तियाक अली 267 मत पाकर रहे। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोहिताश कुमार यादव ने 407 मत पाकर जीत हासिल की।उन्होंने हेमंत कुमार को हराया। हेमंत कुमार को 334 मत प्राप्त हो सके। कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. मनोज दीक्षित ने 330 मत पाकर जीत हासिल

की। उन्होंने रश्मि यादव को 16 मतों से पराजित किया। रश्मि को 314 मत मिले। सह सचिव पद पर आकाश गुप्ता (433), खुशबू जादौन (399) एवं माधव प्रसाद यादव (389) मत पाकर जीत हासिल की।चुनाव संचालन समिति में मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ अजय राही, डीजीसी राजीव प्रियदर्शी, अशोक चंचल, डॉ. दिनेश यादव, रघुराज सिंह यादव, नरेंद्र राठौर, शशिकांत यादव, सौरभ यादव, हरित यादव, प्रदीप यादव, कौशल राठौर, संजय सिंह, दिलीप यादव और प्रेम किशोर यादव सहित कई अन्य अधिवक्ता शामिल हैं।

# खैरगढ़ में 100 साल पुरानी बाल रामलीला के लिए कमेटी गठित, दीपक सोलंकी बने मेला अध्यक्ष।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। खैरगढ़ कस्बे की करीब 100 साल पुरानी बाल रामलीला के आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार शाम रामलीला मैदान स्थित माता मंदिर पर रामलीला कमेटी के गठन को लेकर बैठक हुई। इसमें आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने पर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से मेला कमेटी का गठन किया गया।

दीपक सोलंकी को मेला अध्यक्ष, अंशुल गुप्ता को कोषाध्यक्ष, संजय कुशवाहा को प्रबंधक, डॉ. विनीत गुप्ता को महासचिव, बंटू उपाध्याय को मेला संयोजक और अमित पालीवाल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सुबोध शर्मा को मेला प्रमुख तथा अनुराग गुप्ता, सुदीप दीक्षित, कुसुमवीर कुशवाहा, आरिफ खान और रामनरेश चौहान को मेला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

**अलग-अलग कमेटियों में सौंपी जिम्मेदारी**

उपाध्यक्ष पद पर दीपक नागर, अंशुल पालीवाल, गौरव गुप्ता, आशीष उपाध्याय, देशवीर चौहान, रॉकी गुप्ता, विनय राघव, विष्णु चौहान, बबलू और शेखर को जिम्मेदारी दी गई। उप प्रबंधक के रूप में आलोक यादव, प्रशांत भारद्वाज, मुकेश बघेल, गोपाल पांडे और खचेर सिंह बघेल को शामिल किया गया।

श्रृंगार कमेटी में सौरभ पोद्दार, शीलेश राजोरिया और चेतन शर्मा को शामिल किया गया। श्रृंगार प्रमुख की जिम्मेदारी संजय शर्मा को दी गई। सचिन यादव, कृष्णा वर्मा, तेजेंद्र परिहार, रामनरेश दिवाकर, अमर सिंह और शैलेश चौहान को श्रृंगार व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष भी प्राचीन बाल रामलीला का आयोजन भव्य और आकर्षक तरीके से कराने का प्रयास किया जाएगा। कमेटी गठन के साथ ही रामलीला आयोजन की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

# बबराला पुलिस ने दुष्कर्म एससी एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

**समाज जागरण**

संभल पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में थाना पुलिस ने दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बबराला स्थित योग पार्क से हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, छह अगस्त को दुष्कर्म पीड़िता सपना पुत्री ब्रज किशोर निवासी गुन्नौर, थाना गुन्नौर, जनपद सम्भल की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 212/2026 पंजीकृत किया गया था। मुकदमे में धारा 69, 89, 316(2), 115(2), 352, 351(2) बीएनएस तथा धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) और 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट के तहत विवेक पुत्र अखलेश यादव निवासी लोहिया कॉलोनी, बबराला को नामजद किया गया था।

मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी गुन्नौर अंकित मिश्रा द्वारा की जा रही है। थाना प्रभारी लवनीश चौधरी ने बताया कि मुकदमे में वांछित चल रहे विवेक को रविवार को योग पार्क से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# कुढ़फतेहगढ़ थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**



बहजोई। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा थाना कुढ़फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए प्रचलित अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चैक किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र व साइबर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली गयी तथा आगंतुकों एवं फरियादियों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों को अद्यावधिक रखने, लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने, अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा थाना परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं तत्परता के साथ निर्वहन करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

# दो छात्राओं का सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयन

**समाज जागरण**



सम्भल/ चंदौसी। 22 से 25 अगस्त को बिजनौर के मूलचंद एकेडमी में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी अनन्या तिवारी ने अंडर 17 केटेगरी के 62 किलोग्राम में रजत पदक व पूर्वी राघव अंडर 17 केटेगरी के 38 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया टीम कोच सुरेश कुमार ने दोनों खिलाड़ियों की जीत पर खुशी जताई और बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई की राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 19 से 24 सितंबर तक हरियाणा के पानीपत में होगी। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर उनके स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी उनको शुभकामनाएं दीं। बता दें कि अनन्या तिवारी आर.आर.के स्कूल की कक्षा 9 व पूर्वी राघव के.एच.एम.सी स्कूल बहजोई की कक्षा 10 की छात्रा है।

# पांच घंटे में 39 वारंटी और वांछित गिरफ्तार, रातभर चला पुलिस का अभियान।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। वारंटी और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर फिरोजाबाद पुलिस ने शनिवार रात विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में रात 12 बजे से सुबह पांच बजे तक चले अभियान में पुलिस ने 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में 30 गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के वारंटी, पांच एसआर वांछित और चार अन्य वांछित आरोपी शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई कार्रवाई सिटी सर्किल के दक्षिण थाना क्षेत्र से छह, रसूलपुर और रामगढ़ से एक-एक आरोपी गिरफ्तार किए गए। टूंडला सर्किल में टूंडला से तीन, पचोखरा से एक, नारखी से तीन और रजावली से एक आरोपी पकड़ा गया।

सिरसागंज सर्किल में सिरसागंज से चार और नसीरपुर से एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई। जसराना सर्किल में एका से छह और जसराना से छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सदर सर्किल में मटसेना से एक, लाइनपार से दो और बसई मोहम्मदपुर से दो आरोपी पकड़े गए। शिकोहाबाद थाना पुलिस ने भी एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक महज पांच घंटे में हुई इस कार्रवाई के दौरान जिलेभर में वारंटी और वांछित आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी तैयारियों को लेकर डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा और एसएसपी आदित्य लांग्हे ने वेयरहाउस का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था और एफएलसी कार्य के लिए पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा। वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। पूरे परिसर को सैनिटाइज कराने को भी कहा गया। एफएलसी के दौरान जहां-जहां बैरिकेडिंग की जानी है, उन स्थानों के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल ने जानकारी दी।

कर्मचारियों की ड्यूटी और एफएलसी से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों ने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी ईवीएम/वीवीपैट सुमित कुमार चौहान और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग की जमीन में अवैध खनन के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शिकायत के कई माह बाद पुलिस ने दर्ज किया केस, सरकारी जेसीबी और 14 ट्रैक्टरों से खनन का आरोप**

**समाज जागरण यशवीर यादव**



बबराला थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन में अवैध खनन किए जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सिंचाई विभाग की जमीन में सरकारी जेसीबी और 14 ट्रैक्टरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया गया।

बबराला नगर के शिवपुरी मोहल्ला निवासी मोहित यादव ने मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पड़ी हुई है। आरोप है कि इस जमीन से कई दिनों तक अवैध रूप से खनन किया गया। खनन में 14 ट्रैक्टरों के साथ सरकारी जेसीबी के इस्तेमाल का भी आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर मोहित यादव ने पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता के अनुसार, खनन से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था और समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हुई थीं। इसके बाद सिंचाई विभाग की ओर से भी जमीन में खनन किए जाने की पुष्टि की गई। मोहित यादव ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों, अपर पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर अवैध खनन पर रोक लगाने और मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

मोहित यादव का कहना है कि शिकायत के कई माह बाद अब बबराला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। अब जांच के दौरान अवैध खनन में शामिल लोगों और सरकारी जेसीबी के इस्तेमाल से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जाएगी।

# सिविल डिफेंस जल्द होगा अत्याधुनिक, स्वयंसेवक निभाएं कर्तव्यनिष्ठा से जिम्मेदारी: योगेन्द्र यादव

**समाज जागरण**



बबराला। सिविल डिफेंस नरौरा के प्रखंड गुन्नौर की समीक्षा बैठक रविवार को इंदिरा चौक स्थित चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चीफ वार्डेन एवं ऑफिसर कमांडिंग योगेन्द्र सिंह यादव ने की।

बैठक में वार्डेन प्रवीण कुमार ने नियमित रूप से ड्यूटी करने वाले स्वयंसेवकों के प्रमोशन की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सक्रिय और नियमित ड्यूटी करने वाले लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, जबकि निष्क्रिय सदस्यों के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाए। चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह यादव ने स्वयंसेवकों से लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सिविल डिफेंस विभाग को पूरे देश में और अधिक अत्याधुनिक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सरकार नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बड़े स्तर पर काम कर रही है और भविष्य में स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण की भी बेहतर व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष देश के 244 नगरों में वार्डेन और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया था। आने वाले समय में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से सिविल डिफेंस से जुड़े रहकर देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने का आह्वान किया। बैठक में डिवीजन वार्डेन गुन्नौर घलेन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार, लोकेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, संतरेस, गौरव, विनीत, तारा सिंह, सत्यपाल और हरेंद्र यादव सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# इतिहास संकलन समिति के अनंत अग्रवाल संरक्षक और अतुल शर्मा बने बौद्धिक प्रमुख

**समाज जागरण/पंकज राघव**



संभल।इतिहास संकलन समिति की बैठक में सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। समाजसेवी अनंत कुमार अग्रवाल को जिला संरक्षक तथा अतुल कुमार शर्मा को जिला बौद्धिक प्रमुख मनोनीत किया गया।

असमोली के मिल रोड पर स्थित पुनीत त्यागी के निवास पर इतिहास संकलन समिति की बैठक हुई जिसमें जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने अनंत कुमार अग्रवाल को जिला संरक्षक तथा अतुल कुमार शर्मा को जिला बौद्धिक प्रमुख मनोनीत करना प्रस्तावित किया। समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार रूस्तगी की स्वीकृति उपरांत संभल क्षेत्र के समाजसेवी एवं उद्योगपति अनंत कुमार अग्रवाल को जिला संरक्षक तथा युवा कवि एवं व्यंग्यकार अतुल कुमार शर्मा को बौद्धिक प्रमुख का दायित्व सौंपा गया।

उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने अनंत कुमार अग्रवाल एवं अतुल कुमार शर्मा के जुड़ने से समिति की सक्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि की अपेक्षा व्यक्ति की। वैभव गुप्ता ने अतुल कुमार शर्मा द्वारा साहित्य और इतिहास की अब तक की सेवाओं का उल्लेख करते हुए इतिहास संकलन समिति का बौद्धिक प्रमुख बनने पर गर्व और गौरव व्यक्त किया।

नव मनोनीत जिला संरक्षक अनंत कुमार अग्रवाल तथा जिला बौद्धिक प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने तन मन धन समय एवं हर प्रकार की ऊर्जा का सदुपयोग करते हुए इतिहास संकलन समिति के माध्यम से शिक्षा, इतिहास,समाज एवं राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि इतिहास संकलन समिति के संरक्षक मंडल में कुल संरक्षकों की संख्या सात हो गई है। सोमवार 31 अगस्त को होने वाले राशि समर्पण कार्यक्रम में अपने सभी सदस्यों को कार्यक्रम संबंधी व्यवस्थाएं सौंपते हुए अनुशासित कार्यक्रम आयोजन का आह्वान किया। बैठक में राकेश कुमार शर्मा, उमेश सैनी, मुकेश कुमार सैनी, राकेश कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, भरत मिश्रा, मीनू रस्तोगी, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता रूप किशोर शर्मा ने की और संचालन अत्यंत त्यागी ने किया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया।



पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को थाना रसूलपुर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम ने आरोपी मनीष (23) पुत्र रमाशंकर, निवासी प्रकाशनगर, लाइनपार गढ़ी चांदनी, थाना एत्माद्दौला, जिला आगरा को बरी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना रसूलपुर में मु0अ0सं0 413/26 धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस और धारा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने मुकदमे से संबंधित नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार और कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

# तेंदुआ विचरण की खबरों के बीच गंगा तटीय गांवों में बढ़ी सतर्कता

## गुन्नौर तहसील में मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम को लेकर गोष्ठी, ग्रामीणों को दिए सुरक्षा के टिप्स

**समाज जागरण यशवीर यादव**

बबराला। गुन्नौर क्षेत्र के गंगा तटीय गांवों में तेंदुआ विचरण की खबरों के बीच वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रविवार को तहसील सभागार गुन्नौर में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने भाग लिया।



गोष्ठी में ग्रामीणों को विशेष रूप से बच्चों और पालतू पशुओं की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई। ग्राम प्रधानों को गांवों में पंचायत स्तर पर चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बच्चों को स्कूल अकेले न जाने देने, स्कूल के बाहर अथवा खेतों में अकेले खेलने से रोकने तथा सूर्यास्त के बाद खेतों की ओर न जाने की सलाह दी गई। वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका वाले गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। प्रभावित क्षेत्रों में पंपलेट चस्पा किए गए हैं और मंदिरों के लाउडस्पीकर के माध्यम से भी ग्रामीणों को सावधान किया जा रहा है। जिन गांवों में गन्ने की फसल अधिक है और जहां वन्यजीवों के छिपने की संभावना रहती है, वहां विशेष रूप से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

गोष्ठी में ग्रामीणों को पालतू पशुओं को खुले में न छोड़ने तथा उन्हें बाड़ों अथवा घरों में सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही खुले में शौच न करने और सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग करने की सलाह भी दी गई। मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी गुन्नौर को वन विभाग की टीमों के साथ समन्वय कर संवेदनशील क्षेत्रों में दिन-रात गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग की टीमें भी संवेदनशील गांवों और क्षेत्रों में चार पहिया वाहनों से गश्त कर रही हैं।

प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वन्यजीव दिखाई देने पर घबराकर उसके पीछे न भागें और न ही भीड़ एकत्र करें। इसकी सूचना तत्काल पुलिस या वन विभाग को दें, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

तेंदुआ की मौजूदगी की खबरों के बीच प्रशासन की सक्रियता ने ग्रामीणों को राहत दी है। हालांकि वन्यजीव की गतिविधियों को लेकर किसी भी अपुष्ट सूचना अथवा अफवाह पर भरोसा न करने और केवल आधिकारिक सूचना पर ही विश्वास करने की अपील की गई है।

# गंगावास में रासलीला का ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया शुभारंभ

## काली दह लीला ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

**समाज जागरण**

गुन्नौर। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास के नजदीक गंगा किनारे स्थित दो नंबर आश्रम के हनुमान लोकडिया मंदिर परिसर में रविवार को रासलीला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार उर्फ पप्पू यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



रासलीला के शुभारंभ अवसर पर वृंदावन से आए व्यास अनमोल कृष्णा और कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी मंचन किया। कलाकारों ने काली दह लीला का मंचन कर श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। लीला के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग के मान-मर्दन का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

इस मौके पर आश्रम के महंत रामनारायण गिरी, वीरेश पुजारी, पूर्व ग्राम प्रधान सुखलाल सिंह, जयवीर सिंह, मुनेश कुमार, आदि ग्रामीण मौजूद रहे

# गायत्री फास्ट फूड पर छूटा पर्स पुलिस की सतर्कता से सुरक्षित मिला

**समाज जागरण**

गुन्नौर।बदायूं के एक गांव की रहने वाली पारुल अपने पति कृष्ण कुमार कांत और दो बच्चों के साथ रोडवेज बस से जहीराबाद जिला बुलंदशहर जा रही थी यात्रा के दौरान गुन्नौर चौराहे स्थित गायत्री फास्ट फूड पर बस रुकी यहां चाय पीते समय पारुल का पर्स वहीं छूट गया जिसमें 8 से 10 लख रुपए मूल्य के गहने रखे हुए थे बस जब डिबाई दोराहे बुलंदशहर पहुंची तब महिला को पर्स पास न होने का एहसास हुआ जिससे परिवार में हड़कंप मच गया महिला के पति ने समय रहते तुरंत यूपी डायल 112 संभल पर सूचना दी सूचना मिलते ही तैनात पुलिस कर्मी अजय कुमार एवं विलेश तत्काल मौके पर गायत्री फास्ट फूड पर पहुंचे उन्होंने दुकानदार से बातचीत कर छानबीन की और महिला का गहनों से भरा पर्श सकुशल बरामद कर लिया पुलिस टीम ने पर्स सुरक्षित महिला के हवाले कर दिया पर्स और लाखों के गहने सुरक्षित वापस मिलने पर पीड़ित महिला एवं उनके पति ने पुलिसकर्मी अजय एवं विलेज और गुन्नौर पुलिस की तत्परता व ईमानदारी की सराहना करते हुए उनका हृदय से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया

# नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रथम जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन; विजेता खिलाड़ियों को मिले मेडल और नकद पुरस्कार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आज 'प्रथम जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता 2026' का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से आए सब-जूनियर (अंडर-13) एवं जूनियर (अंडर-17) वर्ग के बालक और बालिकाओं ने क्वाड (Quad) व इनलाइन (Inline) स्केटिंग स्प धाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी वर्गों के विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक स्पर्धा के प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक विजेता) को ₹700, द्वितीय स्थान (रजत पदक विजेता) को ₹600 एवं तृतीय स्थान (कांस्य पदक विजेता) को ₹500 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले में स्केटिंग खेल तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह नकद प्रोत्साहन खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा और लगन को और मजबूत करेगा।

**प्रतियोगिता के परिणामः**

क्वाड स्केट्स (Quad Skates)

बालक अंडर-13ः अर्णव अधिरन (स्वर्ण पदक - ₹700), अंगद भटनागर (रजत पदक - ₹600), आरव वर्मा (कांस्य पदक - ₹500) बालक अंडर-17ः उदित सिंह (स्वर्ण पदक - ₹700), शौर्य (रजत पदक - ₹600), विदित (कांस्य पदक - ₹500)

बालिका अंडर-13ः वाणी शर्मा (स्वर्ण पदक - ₹700), युवांशी सिंह (रजत पदक - ₹600), अंगना (कांस्य पदक - ₹500)

बालिका अंडर-17ः मान्या (स्वर्ण पदक - ₹700), वैष्णवी (रजत पदक - ₹600), शरीफा (कांस्य पदक - ₹500) इनलाइन स्केट्स Inline Skates) बालक अंडर-13ः विहान पूनिया (स्वर्ण पदक - ₹700), आरव कुमार (रजत पदक - ₹600), अनिक कुमार (कांस्य पदक - ₹500) बालक अंडर-17ः स्वस्तिक राणा (स्वर्ण पदक - ₹700), आदर्श ककरान (रजत पदक - ₹600), रिशित गंभीर (कांस्य पदक - ₹500) बालिका अंडर-13ः ध्वनि अग्रवाल (स्वर्ण पदक - ₹700), आरना हयारण (रजत पदक - ₹600), देविका (कांस्य पदक - ₹500) बालिका अंडर-17ः दिविज्या पूनिया (कांस्य पदक - ₹500) प्रतियोगिता का सफल मंच संचालन राजेंद्र सोलंकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक हिमांशु, स्केटिंग कोच शुभम तोमर, हॉकी कोच चित्रा चौहान, वेटलिफ्टिंग कोच विशाल, खो-खो कोच जितेंद्र कुमार, विशु राणा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकृति, शालिनी, सारिका सहित कई खेल प्रेमी, अभिभावक एवं खेल विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। स्केटिंग कोच शुभम तोमर ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। ( क्रिकेट प्रतियोगिता )नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन फाइनल मैच में वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने बिजनौर-ए को 51 रन से हराया फाइनल मैच, प्लेयर ऑफ दी मैच व प्लेयर ऑफ दी सीरीज अभी तोमर रहे, फाइनल मैच मे वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 1 विकेट खो कर रन 88 रन का स्कोर बनाया जिसमे उत्कर्ष शर्मा ने 65 प्रलभ शांतनु ने 22 रन बनाये, बिजनौर -ए की और से गेंदबाजी करते हुऐ वेदांश नें मात्र एक विकेट लिये, जवाबी बल्लेबाजी करते हुऐ बिजनौर -ए ने 9.1 ओवर मे सभी विकेट खोकर 37 रन बना कर सिमट गई, जिसमे समर्थ 10 रन बनाये, वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर की ओर से गेंदबाजी करते हुऐ अभी तोमर ने दो ओवर में दो रन देकर पांच विकेट और मौर्य व लव ने एक एक विकेट लिये, अंपायर - विनीत सिंह और हिमांशु रहे, स्कोरर - अक्ष रहे प्रति योगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार द्वारा किया गया। टूनार्मेंट आयोजनकर्ता नागेंद्र कुमार, दीपक भटनागर, विकास सेतिया, वर्धमान टीम के कोच मो मोहसिन, आदि मौजूद रहे, धन्यवाद

# महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पर जनपद में निकाली गई भव्य बाइक यात्रा

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर, 30 अगस्त। महाराजा दक्ष प्रजापति जी की पावन जयंती के अवसर पर आज महाराजा दक्ष प्रजापति समिति, चांदपुर के तत्वावधान में भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में मा0 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा श्री धर्मवीर प्रजापति ने सम्मिलित होकर समाजजनों का उत्साहवर्धन किया।

बाइक यात्रा श्री सागर बैंकट, चांदपुर से प्रारंभ होकर जालाली रोड स्थित सौभाग्य बैंकट हॉल तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बाइक यात्रा ने समाज की एकता, सामाजिक चेतना, संस्कार एवं स्वाभिमान का संदेश दिया।

इस अवसर पर मा0 राज्य मंत्री श्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि



महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती पर आयोजित बाइक यात्रा में सम्मिलित होकर उन्हें गौरव एवं आत्मीयता की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कार एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मातृशक्ति की गरिमामयी सहभागिता तथा बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्री महेंद्र सिंह प्रजापति, संस्थापक एवं प्रबंधक, आभा फाउंडेशन एवं फादर्स पब्लिक स्कूल श्रीमती आभा सिंह, श्री सुरेश बहादुर प्रजापति, जिला कमांडेंट बिजनौर श्री बेदपाल सिंह चपरान, मंच संचालक श्री जल सिंह तथा कार्यक्रम आयोजक श्री धर्मेंद्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजक श्री धर्मेंद्र प्रजापति एवं उनकी पूरी टीम द्वारा बाइक यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क हादसे में मां की मौत के एक दिन बाद सात वर्षीय बेटी ने भी तोड़ा दम, परिवार में कोहराम

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद रक्षाबंधन पर्व पर ससुराल से घर लौट रहे परिवार के साथ हुए दर्दनाक सड़क हादसे में घायल सात वर्षीय बच्ची की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे एक दिन पहले हादसे में उसकी मां की मौत हो चुकी है। एक साथ दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया है और रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गई हैं। आपको बता दें कि 29 अगस्त को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महावतपुर बिल्लौच निवासी 35 वर्षीय मुकेश अपनी 30 वर्षीय पत्नी रचना, 14 वर्षीय पुत्र प्रत्यक्ष और सात वर्षीय पुत्री आराध्या के साथ थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर स्थित अपनी ससुराल से रक्षाबंधन मनाकर बाइक से गांव लौट रहे थे।ग्राम दाउदपुर नन्हेड़ा के निकट पहुंचने पर सड़क पर चल रही एक रोडवेज बस के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे चल रही दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मुकेश, रचना और दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रचना को मृत घोषित कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सात वर्षीय आराध्या को बिजनौर रेफर किया गया था, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान सात वर्षीय आराध्या ने भी दम तोड़ दिया।थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मां और बेटी की मौत हो गई है। परिजनों द्वारा घटना के संबंध में तहरीर सौंपी गई है, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# जिला कारागार में हुआ विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर रविवार को जिला कारागार बिजनौर में लायन्स क्लब बिजनौर एवं लायनस क्लब बिजनौर के द्वारा सभी प्रकार रोग के प्रसिद्ध व मशहूर चिकित्सकों द्वारा एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बन्दियों एवं कारागार कार्मिकों को उनके रोगों के अनुसार उचित ईलाज का सुझाव दिया गया तथा साथ ही आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। यह भी अवगत कराना है कि क्लीनिकल पैथोलोजी का भी स्टॉल लगाया गया साथ ही लायनस क्लब के द्वारा जेल में निरूद्ध महिला बन्दियों व उनके साथ रह रहे बच्चों को ब्रान्डेड कपड़े व साड़ियों का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती जसजीत कौर जिलाधिकारी बिजनौर, श्री के०के० विश्नोई पुलिस अधीक्षक बिजनौर, श्री पीयूष कुमार अध्यक्ष लायन्स क्लब बिजनौर, श्रीमती प्रतिभा सिंह



अध्यक्षा लायनस क्लब, बिजनौर एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा इस महान चिकित्सा कैम्प का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। चिकित्सा शिविर में नाक, कान, आँख, गला, स्किन, कार्डियोलोजी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ, सामान्य फिजिशियन, क्लीनिकल पैथोलोजी, नैचर पैथी के विशेषज्ञों द्वारा सभी प्रकार के रोगों का उपचार किया गया तथा समस्त बन्दियों एवं कारागार कर्मियों को आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। लायन्य क्लब एवं लायनस क्लब द्वारा अगले वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इसी प्रकार का भव्य महा चिकित्सा शिविर लगाये जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर कार्यक्रम के अन्त में जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु संस्थाओं का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया।

# चोरी किये गये ग्यारह बैटरें व घटना में प्रयुक्त गाड़ी सहित तीन युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद पीड़ित राहुल कुमार सिंह पुत्र गौतम सिंह निवासी आदर्शनगर गली न -12 थाना नजीबाबाद ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा कोतवाली रोड स्थित अबुल फजलपुर तबैला पैट्रोल पम्प यार्ड से ग्यारह बैटरे चोरी कर लिए गये है। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद में



बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मोहम्मद नदीम पुत्र मोहम्मद फैय्याज निवासी ग्राम घिसटपुरी थाना नजीबाबाद ,अब्बास पुत्र इशरत निवासी ग्राम जोगीरमपुरी मजार के पीछे थाना नगीना देहात, अजीम पुत्र सगीर निवासी मौहल्ला कुरैशियान रायपुर थाना नगीना देहात को चोरी किये गये ग्यारह बैटरे व घटना में प्रयुक्त कार सहित तीनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि दौरान बताया कि बीते दिनों रात्रि मे ग्राम अबुल फजलपुर तबेला के पास स्थित पैट्रोल पम्प के पीछे बने यार्ड मे खडे ट्रकों से बारह बैटरे चुराये थे जिनमे से एक बैटरा वही पर टूटकर गिर गया था तथा ग्यारह बैटरे को कार में रखकर ले आये थे और हमने छः बैटरे अजीम को 12500/- रूपयो मे बेच दिये थे तथा बचे हुए पांच बैटरो को बेचने के लिए बिजनौर जा रहे थे।पुलिस ने तीनो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और आगे की कार्यवाही जारी है।

# ट्रेन मैनेजर ने पेश की ईमानदारी की मिसाल,महिला यात्री को लौटाया एप्पल मोबाइल

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर ।मुरादाबाद उत्तर रेलवे में तैनात द्वितीय ट्रेन मैनेजर/मेल रामपाल सिंह ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की ।उन्होंने ट्रेन में छूटा महिला यात्री का कीमती एप्पल मोबाइल सुरक्षित वापस लौटाकर यात्री सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार को गाड़ी संख्या 13258 में मुरादाबाद से लखनऊ की ड्यूटी के दौरान एक महिला यात्री बुशरा का एप्पल मोबाइल ट्रेन के टॉयलेट में छूट गया था ।महिला यात्री मुरादाबाद स्टेशन पर उतर गईं, जबकि उनका मोबाइल ट्रेन में ही रह गया ।ड्यूटी पर तैनात ट्रेन मैनेजर रामपाल सिंह की नजर



मोबाइल पर पड़ी ।उन्होंने सहयात्रियों के सहयोग से मोबाइल को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और तत्काल महिला यात्री से संपर्क किया। इसके बाद उनका मोबाइल सकुशल वापस लौटा दिया ।कीमती मोबाइल वापस मिलने पर श्रीमती बुशरा और उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए ट्रेन मैनेजर रामपाल सिंह की ईमानदारी और तत्परता की सराहना की ।उन्होंने भारतीय रेल और मुरादाबाद मंडल प्रशासन का भी आभार जताया ।र ।मपाल सिंह के इस कार्य की रेल विभाग में भी सराहना की जा रही है ।उनका यह कार्य रेलकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और यात्री सेवा के प्रति समर्पण को दशार्ता है।

# राष्ट्रपति ने कटनी के आरुष की कलाई पर बांधी राखी, सपनों को मिला देश की प्रथम नागरिक का आशीर्वाद

**समाज जागरण**

कटनी ।एक छोटे से शहर का सपना जब देश के सर्वोच्च संवैधानिक भवन तक पहुंचता है, तो वह सिर्फ उपलब्धि नहीं रहता–वह प्रेरणा की कहानी बन जाता है। कटनी के सी. डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास, प्रेमनगर के प्रतिभाशाली छात्र आरुष सिंह के लिए राष्ट्रपति भवन में बीता यह पल कुछ ऐसा ही था। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में आरुष को राष्ट्रपति से मिलने का गौरव मिला। मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने स्वयं आरुष की कलाई पर राखी बांधी। स्नेह से भरा यह क्षण आरुष के लिए भावुक भी था और गौरवपूर्ण भी। राष्ट्रपति ने उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे निरंतर मेहनत करने और एक उत्कृष्ट



जूडो चैंपियन बनकर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया ।कलेक्टर कटनी श्री आशीष तिवारी के निर्देशन में आरुष को मिला यह अवसर जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राष्ट्रपति भवन तक पहुंची आरुष की मेहनत की कहानी आरुष की यह यात्रा अचानक नहीं बनी। इसके पीछे खेल के प्रति समर्पण और लगातार मेहनत की कहानी है। 14वीं नेशनल पैरा जूडो चैंपियनशिप-2025 में आरुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया था। श्रीगंगानगर, राजस्थान में 19 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिली यह सफलता कटनी और मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय बनी। मैट पर जीता गया वह सिल्वर मेडल अब आरुष को राष्ट्रपति भवन तक ले आया, जहां उसे देश की प्रथम नागरिक का स्नेह और आशीर्वाद मिला। राखी के धागे में बंधा आशीर्वाद राष्ट्रपति द्वारा आरुष की कलाई पर राखी बांधने का दृश्य उसके लिए जीवनभर याद रहने वाला बन गया। यह केवल रक्षाबंधन की रस्म नहीं थी। आरुष के लिए यह उसकी मेहनत की पहचान, उसके सपनों का सम्मान और आगे बढ़ने का आशीर्वाद था। राष्ट्रपति ने उसे प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह इसी तरह मेहनत करता रहे और खेल के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाए। इस आत्मीय मुलाकात ने आरुष के उत्साह को नई ऊर्जा दी। राष्ट्रपति भवन से प्रधानमंत्री संग्रहालय तक–ज्ञान और इतिहास की यात्रा आरुष के दिल्ली प्रवास में राष्ट्रपति भवन की गौरवपूर्ण स्मृति के साथ इतिहास और विरासत से जुड़ने के अवसर भी मिले। उसने प्रधानमंत्री संग्रहालय, अमृत उद्यान और किला राय पिथौरा प्रदर्शनी का भ्रमण किया। इन स्थलों ने उसके दिल्ली प्रवास को केवल सम्मान यात्रा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे ज्ञान, इतिहास और प्रेरणा से भरी यादगार यात्रा बना दिया। आरुष के साथ खड़ा रहा कटनी का शिक्षा परिवार इस ऐतिहासिक अवसर पर आरुष के मार्गदर्शन एवं सहयोग में श्री अनिल त्रिपाठी, ए.पी.सी. (आई.ई.डी.), जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरुष की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद पाण्डेय, जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयकगण, जिला शिक्षा केन्द्र के समस्त कर्मचारी, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकगण, वार्डन, एम. आर.सी. एवं छात्रावास के कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आरुष को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आरुष का दिल्ली प्रवास 30 अगस्त 2026 को वापसी के साथ संपन्न होगा।

# बहू-बेटियों को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक, घरेलू हिंसा पर चुप्पी न साधने की दी सीख

**विवेक कुमार दैनिक ससमाज जागरण संवाददाता/**

मोहनलालगंज। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो0 मुश्ताक के निर्देशन में रविवार को मिशन शक्ति केंद्र मोहनलालगंज की टीम ने बहू-बेटी सम्मेलन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के दीवानगंज गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं और बहू-बेटियों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं महिला अपराधों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया ।चौपाल के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना तथा दहेज उत्पीड़न जैसी परिस्थितियों में आत्महत्या जैसा कदम न उठाने के लिए जागरूक किया गया। विपरीत परिस्थितियों में मानसिक रूप से मजबूत रहते हुए कानून का सहारा लेने की अपील की गई। वहीं अविवाहित युवतियों और पढ़ने वाली छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें जल्दबाजी में कोई निर्णय न लेने तथा अपने भविष्य को लेकर



सोच-समझकर कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया ।मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को महिला अपराधों की रोकथाम और आपात स्थिति में सहायता के लिए सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 1930, 101, 102 एवं 108 की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर के बारे में जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया ।पुलिस टीम ने महिलाओं से कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या प्रताड़ना को सहन करने के बजाय समय रहते पुलिस एवं संबंधित हेल्पलाइन की मदद लें। चौपाल के माध्यम से महिलाओं और बेटियों में सुरक्षा के प्रति विश्वास पैदा करने के साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

# वर्षों से अधूरी पड़ी नाली, बारिश में जलभराव से जूझ रहा वार्ड क्रमांक 15

## एमपीआरडीसी ने वर्षों पहले स्टेट हाईवे किनारे शुरू कराया था नाली निर्माण, सरस्वती शिशु मंदिर से विदेशी शराब दुकान तक ही बना काम; आगे का हिस्सा आज भी अधूरा

**समाज जागरण शहडोल**

बकहो। नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 15 स्थित इंदिरा नगर बस्ती में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वर्षों पहले शुरू कराया गया नाली निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाए तो बस्ती में जलभराव की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। इसके बावजूद अधूरे पड़े निर्माण को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, स्टेट हाईवे के किनारे एमपीआरडीसी (मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) द्वारा वर्षों पूर्व नाली निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था। नाली का निर्माण सरस्वती शिशु मंदिर इंदिरा नगर के आगे स्थित क्षेत्र से लेकर विदेशी शराब दुकान तक किया गया, लेकिन इसके आगे का हिस्सा आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य रुकने के बाद से नाली का अधूरा हिस्सा स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

अधूरी नाली बनी जलभराव की बड़ी वजह बारिश के दौरान जब बड़ी मात्रा में पानी बस्ती और सड़क किनारे के हिस्सों से बहकर आता है तो उसके निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी इधर-उधर फैल जाता है। कई स्थानों पर पानी घरों के आसपास जमा हो जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी के साथ-साथ कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को भी खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि स्टेट हाईवे किनारे बनी इस नाली को निर्धारित हिस्से तक आगे बढ़ाकर पूरा कर दिया जाए और पानी की निकासी को उचित स्थान से जोड़ दिया जाए तो बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से काफी राहत मिल सकती है। नगर परिषद को एमपीआरडीसी से करना चाहिए पत्राचार स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला केवल नगर परिषद के स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संबंधित सड़क एवं निर्माण एजेंसी से समन्वय की आवश्यकता है। ऐसे में नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर परिषद अधिकारी को इस अधूरी नाली का स्थल निरीक्षण कराकर एमपीआरडीसी के अधिकारियों को पत्राचार करना चाहिए। पत्र के माध्यम से अधूरे निर्माण की स्थिति, जलभराव से उत्पन्न समस्या और नाली को पूरा करने की आवश्यकता से एमपीआरडीसी को अवगत कराया जा सकता है। साथ ही निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति और इसे पूरा करने की संभावनाओं के संबंध में भी जानकारी मांगी जानी चाहिए।

**पार्षद की भूमिका भी महत्वपूर्ण**

वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद को भी इस जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद एवं संबंधित विभाग के समक्ष लिखित रूप से मामला उठाना चाहिए। वार्ड की जनता की ओर से पत्र देकर अधूरी नाली का निर्माण पूरा कराने की मांग की जा सकती है। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती है और समस्या सामने आने के बाद कुछ समय के लिए समाधान की कवायद होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो पाती। यदि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से अधूरी नाली का निर्माण पूरा कर दें तो आने वाले समय में वार्डवासियों को बड़ी राहत मिल सकती है।

**अब जरूरत है ठोस पहल की**

वार्डवासियों की मांग है कि नगर परिषद केवल जलभराव के बाद अस्थायी इंतजाम करने के बजाय समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में काम करे। एमपीआरडीसी द्वारा वर्षों पूर्व शुरू किए गए नाली निर्माण को पूरा कराने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष, मुख्य नगर परिषद अधिकारी और वार्ड पार्षद को संयुक्त रूप से पहल करनी चाहिए।

सवाल यह है कि जब वर्षों पहले जल निकासी की व्यवस्था के उद्देश्य से नाली निर्माण शुरू किया गया था, तो उसे अधूरा छोड़ने का कारण क्या है और शेष निर्माण कब पूरा होगा? यदि संबंधित विभाग इस दिशा में गंभीरता से पहल करते हैं तो वार्ड क्रमांक 15 की इंदिरा नगर बस्ती में हर बरसात दोहराई जाने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकता है।

# जमीयत उलेमा शहर बागपत ने किया सद्भावना सर्वधर्म एकता सम्मेलन



**समाज जागरण**

बागपत। जमीयत उलेमा शहर बागपत की ओर से सद्भावना सर्वधर्म एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता हाफिज मोहम्मद कासिम ने की, सरपरस्ती मौलाना मोहम्मद यामीन ने की और संचालन मुफ्ती मोहम्मद आकिल सिराज ने किया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में प्रेम और एकता बनाए रखना बताया गया। कार्यक्रम में कुरान की तिलावत की गई। मास्टर राकेश गर्ग ने श्लोक पढ़े। बिरज मोहन ने कहा कि यह देश अनेकता में एकता वाला देश है। महेंद्र सिंह धामा ने कहा कि जैसे सदियों से मिलजुल कर रहते आए हैं, आगे भी ऐसे ही रहेंगे। कुंडू खाप के अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी ने कहा कि नफरतों को मिटाना है। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज जोशी लंगड़े बाबा की बगीची से और उद्धव स्वरूप ब्रह्मचारी पक्का घाट मंदिर से पहुंचे। इसके अलावा नंदलाल डोगरा, बसंत अश्वनी तोमर, धीरज शास्त्री, आचार्य विवेक शर्मा और टटीरी से अभिमन्यु गुप्ता ने भी विचार रखे। अंत में मुफ्ती आकिल सिराज नोमानी ने बताया कि जमीयत उलेमा शहर बागपत अब नशा छोड़ो अभियान चलाएगी और पानी की बर्बादी रोकने के लिए लोगों को जागरूक करेगी। इस मौके पर भवी कश्यप, मास्टर बशीर, राजपाल शर्मा, विनोद शर्मा, विनोद गुप्ता, मौलाना कलीम, कारी मोहम्मद, जमीयत उलेमा शहर बागपत के जनरल सेक्रेटरी हाफिज मुजफ्फर नसीम, मौलाना नईम, मौलाना हुसैन, कारी आमिर और जमीयत उलेमा शहर बागपत की पूरी टीम मौजूद रही।

# भाकियू अखंड की मांग पर वार्ड-15 में पुलिया निर्माण शुरू, चेयरमैन का जताया आभार

**शेष मांगें पूरी न होने पर 8 सितंबर को नगर पालिका घेराव की चेतावनी**



**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड द्वारा उठाई जा रही जनहित की मांगों का असर धरातल पर दिखाई देने लगा है। संगठन की प्रमुख मांग पर वार्ड नंबर-15 में इरफान अख्तर एडवोकेट के क्षेत्र की पुलिया का निर्माण कार्य नगर पालिका बागपत द्वारा शुरू करा दिया गया है। जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान ने नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता की समस्या को समझकर पुलिया निर्माण शुरू कराना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि संगठन की लड़ाई किसी व्यक्ति से नहीं बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है और यह निर्माण कार्य संगठन की एकजुटता का परिणाम है। संगठन ने कहा कि पहली मांग पूरी होने के बाद उम्मीद है कि शेष मांगों पर भी तत्काल कार्रवाई होगी। शेष मांगों में वार्ड-20 में खारी कुआं से उमर मस्जिद होते हुए मल्हार वाले कब्रिस्तान तक रास्ता निर्माण, बिल्लू परचून से सुनहरी मस्जिद तक रास्ता निर्माण, वार्ड-20 व 21 में गरीब परिवारों के लिए छोटा सामुदायिक विवाह स्थल बनाने, वार्ड-21 में शेख बाबूद्दीन मजार के मुख्य द्वार की पुलिया और पास के हाईटेंशन खंभे की लाइट चालू कराने की मांग शामिल है। इसके अलावा सब्जी मंडी रोड का अधूरा निर्माण पूरा कराने, हनुमान मंदिर और पंजाबी स्कूल के पास कलीराम वाले खत्ते से कूड़ा हटाने, पांडव रोड हवेली के बाहर एसबीआई बैंक के पास बने कूड़ा प्वाइंट को हटाने, मेरठ रोड पशु पैठ के सामने वाटर कूलर लगवाने, आवास कॉलोनी नौरोजपुर रोड पर नाला निर्माण और जाहिदा मस्जिद के बाहर खराब रास्ते को ठीक कराने की मांग भी प्रमुख है। साथ ही जीशान खान के वार्ड क्षेत्र के वर्षों से लंबित कच्चे रास्ते, वार्ड-1 सहित अन्य वार्डों की जनसमस्याओं, जलभराव के स्थायी समाधान और सभी लंबित सड़क, नाली, सफाई कार्यों को पूरा करने की मांग की गई है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि शेष मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो 8 सितंबर को नगर पालिका बागपत का दोबारा घेराव किया जाएगा। जिला अध्यक्ष चौधरी धीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में संगठन पूरी मजबूती के साथ पहुंचेगा। हालांकि मांगें पूरी होने पर आगे की रणनीति पर पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष तस्लीम चौधरी, जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, वार्ड अध्यक्ष कलीम खान, जीशान खान, शौकीन अल्वी, मीनू, गफ्फार खान और इरफान अख्तर एडवोकेट सहित कई कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद रहे।

# गांव की बात चौधरी रामवीर के साथ जनसंवाद यात्रा में गूंजी ग्रामीणों की आवाज



**समाज जागरण**

बड़ौत। बड़ौत विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे गांव की बात चौधरी रामवीर के साथ अभियान के तहत रविवार को चार गांव लोयन, मलकपुर, चौबली और औधापुर में चौपाल बैठकों का आयोजन किया गया। चौपालों में बुजुर्गों, प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया और भारतीय किसान यूनियन चौधरी रामवीर सिंह का स्वागत किया। ग्रामीणों ने संपर्क मार्गों की खस्ताहाली, जल निकासी, बिजली, पेयजल संकट, खेल सुविधाओं और रोजगार की कमी के मुद्दे उठाए। समस्याएं सुनने के बाद रामवीर सिंह ने तीन बड़े संकल्प दोहराए। पहला आर्थिक तंगी के कारण किसी होनहार बच्चे की उच्च शिक्षा नहीं रुकेगी। दूसरा हर गांव में युवाओं के लिए निशुल्क खेल मैदान तैयार कराया जाएगा। तीसरा परिवारों की सेहत के लिए गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से फ्री मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। गांव लोयन में दोपहर 12.30 बजे आंतरिक गलियों और शिक्षा पर चर्चा हुई। मलकपुर में दोपहर 2.10 बजे कृषि और रास्तों की मरम्मत पर मंथन हुआ। चौबली में अपराह्न 3.45 बजे जलभराव के समाधान पर चर्चा हुई। औधापुर में शाम 5.20 बजे बुनियादी विकास और युवा सशक्तिकरण पर विचार रखे गए। रामवीर सिंह ने चारों गांवों की जनता का आभार जताया और कहा कि ग्रामीणों के हर सुझाव को प्राथमिकता से धरातल पर उतारा जाएगा।

# बड़ौत की धरती पर गूंजा अखंड भारत संकल्प का नारा

**रेलवे स्टेशन से पीएन शर्मा पार्क तक निकली भव्य यात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**



**समाज जागरण**

बड़ौत। रविवार को बड़ौत नगर अखंड भारत संकल्प, सनातन संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। रेलवे स्टेशन से पीएन शर्मा पार्क तक अखंड भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। हाथों में भगवा ध्वज और जुबां पर भारत माता की जय, जय श्रीराम, वंदे मातरम् के नारों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बाइक रैली के साथ पूरा शहर भगवा ध्वज में रंग गया। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे बड़ौत रेलवे स्टेशन से हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा पीएन शर्मा पार्क पहुंची, जहां समापन किया गया। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। बाजार के सनातनी बंधुओं ने श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए। यात्रा में स्वामी दीपंकर जी महाराज, श्री शिव गोरखनाथ आश्रम भगवानपुर नांगल के महंत अर्जुन नाथ सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि अखंड भारत का संकल्प केवल विचार नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, संस्कृति और गौरव के प्रति जागरूकता का संदेश है। स्वामी दीपंकर महाराज ने कहा कि सभी को कदम से कदम मिलाकर अखंड भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना चाहिए। यदि देश का युवा एकजुट होकर आईपी सनातन धर्म की ओर बढ़ेगा तो देश सनातनी होगा। हम अखंड भारत को एक मंच पर देखना चाहते हैं। देश की संस्कृति और राष्ट्रभावना को मजबूत करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। समापन पर आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर चौधरी रामवीर सिंह, पवेंद्र शेखावत, मधुसूदन शास्त्री, अंकित बड़ौली, प्रियंका आर्य, जयकुमार कंडेरा, सतीश कुमार एडवोकेट, प्रमोद सभासद, आलोक शास्त्री, वैभव प्रताप, अजय निरवाल, रकम सिंह सोलंकी, अमन गुप्ता, नितिन जैन, आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, आचार्य संजय शास्त्री, आचार्य उमेश शास्त्री, राधेश्याम फौजी, रवि शास्त्री, रॉबिन प्रधान, अनिल महादेव, योगेश बैटरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# शौकेंद्र खोखर बदरखा ने युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

**शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, मीडिया से हुए रूबरू**



**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर में रविवार को पीएन शर्मा पार्क स्थित शहीद स्मारक पर देश के अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि और पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद शहर के एक रेस्टोरेंट में मीडिया से रूबरू होते हुए तेजस्वी बिल्डर डायरेक्टर, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा ने राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी जरूरी है। देश के युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। युवा ही देश की शक्ति हैं। उन्होंने नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने जीवन और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए आगे बढ़ना चाहिए। शौकेंद्र खोखर ने समाज में चल रहे नशा मुक्ति अभियान को और अधिक बल देने पर जोर दिया। उन्होंने माताओं-बहनों से भी आह्वान किया कि अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं और नशे की ओर जा रहे युवाओं को रोककर नशा मुक्ति का संकल्प दिलाएं। उन्होंने बताया कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में महिला संगठनों के साथ मिलकर विश्व हिंदू महासंघ बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को "नशा छोड़ो, अपना भविष्य उज्ज्वल करो" का नारा दिया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत जनपद बागपत के छपरौली ब्लॉक से की जाएगी, जिसको लेकर महिला संगठनों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र पवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बड़ौत तहसील के यमुना तटवर्ती गांवों में लंपी वायरस का कहर, सैकड़ों गौवंश की मौत

**ग्रामीणों ने गांव-गांव में चिकित्सा शिविर लगाने की मांग की**



**समाज जागरण**

बड़ौत। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लंपी स्किन बीमारी का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। हजारों गौवंशीय पशु संक्रमण की चपेट में हैं और सैकड़ों की मौत हो चुकी है। इससे पशुपालकों में भारी चिंता है। ग्रामीणों ने बताया कि जागौश, शबगा, आदिलाबाद, कोताना, खेड़ी प्रधान, बदरखा, ककोर, माढी, लुहारी, राजपुर, खामपुर, फैजपुर, निनाना सहित सभी गांव यमुना नदी के तट पर स्थित हैं। इन गांवों में अधिकांश पशु लंपी बीमारी से संक्रमित हैं। शनिवार को अकेले इस क्षेत्र में दर्जनों पशुओं की मौत हो गई ग्रामीणों ने जिला चिकित्सा अधिकारी बागपत से जागौश गांव में चिकित्सा शिविर लगवाने और हर गांव में पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह गौवंश की मौत होती रही तो किसानों के सामने दूध का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। ग्रामीणों ने गाय के दूध के सैंपल भरकर जांच कराने की भी मांग की है, क्योंकि उन्हें आशंका है कि बीमारी का असर दूध पर भी पड़ सकता है। जागौश गांव में विधवा महिला पूनम कौशिक की दुधारू गाय की मौत हो गई। शबगा गांव में रवि कश्यप की एक बछिया और एक गाय की मौत हुई। कोताना गांव में यमुना किनारे रमजान, मोहम्मद अख्तर और अनीश चौधरी की दो गायों की मौत हो गई। लुहारी, राजपुर, खामपुर, फैजपुर में दर्जनों पशु इस समय गंभीर रूप से बीमार हैं। किसान अपने घरों में चूना डालकर बीमारी से बचाव का प्रयास कर रहे हैं। पशु चिकित्सकों के अनुसार लंपी स्किन बीमारी एक खतरनाक संक्रामक वायरस है। इसमें पशुओं के शरीर पर बड़ी-बड़ी गांठें बन जाती हैं, बुखार आता है और दूध उत्पादन घट जाता है।

# तीर्थंकरों की आराधना के साथ लोक कल्याण महामंडल विधान का शुभारंभ

**समाज जागरण**

बागपत। सोलहकारण पर्व के अवसर पर बड़ौत में अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वाधान में अजितनाथ सभागार में आठ दिवसीय लोक कल्याण महामंडल विधान का शुभारंभ आचार्य आर्जव सागर महाराज के सानिध्य में हुआ। विधान के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर भगवान की आराधना की। सौधर्म इंद्र इंद्राणी का सौभाग्य वरदान जैन और नीलू जैन को प्राप्त हुआ। विधान का आयोजन 30 अगस्त से 6 सितंबर 2026 तक होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ झंडारोहण के साथ मुकेश जैन अध्यक्ष अजितनाथ मंदिर कमेटी ने किया। आचार्य द्वारा बोले गए मंत्रों के बीच शांतिधारा सौधर्म इंद्र वरदान जैन और अतिशय जैन ने की। ब्रह्मचारी गौरव और ऋषिका दीदी के निर्देशन में इंद्र इंद्राणियों ने सोलहकारण पूजन और लोक कल्याण विधान की पूजन की। सौधर्म इंद्र द्वारा मंडल पर 71 अर्घ समर्पित किए गए। संगीतकार संतोष जैन के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य 108 आर्जवसागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि विधान का उद्देश्य केवल बाहरी पूजा नहीं बल्कि आत्मा को धर्ममय बनाकर सद्भाव, करुणा और समता का विकास करना है। रात्रि में आरती हुई और जे एस वी किड्स स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया।





# बड़ौत में रालोद की बैठक, बूथ मजबूत करने और स्वाभिमान रैली को सफल बनाने का आह्वान



**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत स्थित राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर प्रमुख ने की और संचालन ओमबीर तोमर ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। 3 सितंबर को सहारनपुर के रामपुर मनिहारान में होने वाली स्वाभिमान रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्य कर्ताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। छपरौली विधायक अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह किसानों, युवाओं और सर्व समाज के नेता हैं। उनके नेतृत्व में रालोद लगातार मजबूत हो रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर सिंह भाटी ने कहा कि चुनाव बूथ पर ही जीता जाता है। बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करना होगा और प्रत्येक बूथ पर यूथ को जोड़ना होगा। जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर प्रमुख ने कहा कि स्वाभिमान रैली को लेकर युवाओं और किसानों में उत्साह है। रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बैठक में पूर्व विधायक वीरपाल राठी, जयवीर तोमर, विश्वास चौधरी, कुलदीप उज्ज्वल, जयदेव राजू तोमर सिरसली, राहुल धामा, रामकुमार चैयरमैन, वरुण तोमर, प्रज्ञा बालियान, साहब सिंह, सुरेश राणा, दीपक राणा, राजीव मान, कुलदीप तोमर, हारून चौधरी, सोमपाल, नरेश तोमर, अमित चिंकारा, सतवीर पंवार, अशोक खोखर, जितेंद्र मलिक, हरवीर सिंह, अश्वनी तोमर और अनुज मौजूद रहे।

# मन की बात प्रेरणादायक और उत्साहित करने वाला कार्यक्रम : मनोज पहलवान

**बड़ौत देहात मंडल में सुना गया पीएम मोदी के मन की बात का 137वां एपिसोड**

**समाज जागरण**

बड़ौत। विधानसभा बड़ौत-51 के बागपत देहात मंडल के ग्राम जवाहरपुर मेवला में बूथ संख्या 332 पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 137वां एपिसोड सुना गया। कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम



में मुख्य अतिथि के रूप में नामित सभासद टटीरी मनोज पहलवान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायक होता है और उत्साहित करता है। यह ऐसा मंच है जहां प्रधानमंत्री सीधे जनता से संवाद करते हैं और समाज के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है। आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री ने अलग-अलग भाषाओं में स्लोगन बनाकर शेयर करने, नशा मुक्त युवा अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने, नए प्रयासों को सामने लाने और हर घर तिरंगा से देशभक्ति की भावना प्रबल करने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील मेवला, बूथ अध्यक्ष राकेश आर्य, करतार सिंह, ब्रह्म सिंह, प्रवेश गुर्जर, कंवरपाल सिंह, प्रशांत गुर्जर, विक्की गुर्जर, मंडल महामंत्री अनुज त्यागी, कपिल कुमार, रोहित मास्टर, अंकुर राणा, निखिल मुंडेल, राहुल, संदीप, अनुज चौधरी, हैप्पी गुर्जर, अक्की गुर्जर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घुनघुटी उप स्वास्थ्य केंद्र में टपकती छत के नीचे हुई प्रसूता की डिलीवरी

**चिकित्सकीय रूप से बेहद जोखिम भरा रहा प्रसव**

**समाज जागरण**

उमरिया - उमरिया जिले के पाली विकासखंड के घुनघुटी उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की बदहाली की दिल दहला देने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां तुमी निवासी प्रसूता द्रोपती यादव की डिलीवरी टपकती छत और पानी से लबालब भरे जर्जर कमरे में कराई गई, द्रोपती ने बताया कि वह 27 अगस्त की रात 11 बजे प्रसव पीड़ा के साथ केंद्र पहुंची थी, लेकिन अंदर चारों तरफ छत से पानी टपक रहा था, फर्श पर पानी भरा था, बिजली नहीं थी और डिलीवरी के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं थी, वह रात भर पानी के बीच तड़पती रही और सुबह बड़ी मुश्किल के बाद कमरे के एक कोने में बोरी बिछाकर उसकी डिलीवरी कराई गई, चिकित्सकों के अनुसार इस तरह गीले और अस्वच्छ वातावरण में डिलीवरी जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जानलेवा हो सकती है, टपकते पानी और सीलन में मौजूद बैक्टीरिया से प्रसूता को प्यूरल सेप्सिस, यूट्स इन्फेक्शन और टिटनेस का खतरा रहता है जबकि नवजात को हाइपोथर्मिया, निमोनिया और नाल में संक्रमण का गंभीर खतरा होता है, साथ ही बिजली नहीं होने से अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति में प्रसूता की जान भी जा सकती है, मौके की तस्वीरों में भवन की हालत साफ दिख रही है, छज्जे का प्लास्टर उखड़ कर गिर रहा है, दीवारों पर दरारें और काली सीलन है, आंगन से सड़क तक हरी काई जमी है जिससे आने-जाने वाले फिसल कर गिर जाते हैं, ग्रामीणों के अनुसार यह केंद्र घुनघुटी, तुमी, सहित 15 से 20 ग्राम पंचायतों का एकमात्र सहारा है जहां रोजाना 4 से 5 डिलीवरी होती हैं, लेकिन जर्जर भवन और सुविधाओं के अभाव के कारण डॉक्टर और एएनएम यहां नियमित नहीं आते, जब इस संबंध में एएनएम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब यहां कोई सुविधा नहीं है, छत से पानी टपक रहा है, बिजली नहीं है, रहने लायक आवास नहीं है तो हम कैसे 24 घंटे रहें, कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में अवगत कराया गया, पूर्व में खबरें भी प्रकाशित हुई लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, ग्रामीणों ने कलेक्टर और सीएमएचओ से मांग की है कि घुनघुटी उप स्वास्थ्य केंद्र की तत्काल मरम्मत कर नए भवन में शिफ्ट किया जाए और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी प्रसूता को इस तरह की नारकीय स्थिति से न गुजरना पड़े।

# भारी बारिश की चेतावनी के चलते चमोली में कल स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद

**31 अगस्त को कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश, मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन का फैसला**

**समाज जागरण**

चमोली, 30 अगस्त। मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए उत्तराखंड के चमोली जिले में 31 अगस्त को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले में कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों के साथ-साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्र भी सोमवार को बंद रहेंगे। प्रशासन ने यह निर्णय मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश की चेतावनी और संभावित मौसम संबंधी जोखिमों को ध्यान में रखते हुए लिया है। अवकाश का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जिले के सभी संबंधित विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

# भारी बारिश की चेतावनी के बीच नैनीताल में कल स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद

**31 अगस्त को कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश, मौसम विभाग की चेतावनी के बाद प्रशासन का फैसला**

**समाज जागरण**

नैनीताल, 30 अगस्त। मौसम विभाग की ओर से जारी भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए नैनीताल जिले में 31 अगस्त को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों के साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्र सोमवार को बंद रहेंगे। मौसम विभाग, देहरादून की ओर से भारी बारिश की चेतावनी जारी किए जाने के बाद विद्यार्थियों और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अवकाश के दौरान स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। प्रशासन ने जिले के सभी संबंधित विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की अपील की गई है। नैनीताल के साथ चमोली में भी 31 अगस्त को कक्षा 1 से 12 तक के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

# श्री बालाजी धाम डोभ में भव्य संकीर्तन सम्पन्न, पहुंची 105वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**जरूरतमंद मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे भी किए जाते है निःशुल्क वितरित**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 30 अगस्त। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। धाम के संस्थापक एवं प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक श्री बालाजी धाम में संकीर्तन, भंडारा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं। स्वास्थ्य शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी, दवाइयों एवं उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। जरूरतमंद मरीजों को दवाइयाँ एवं चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप लाहली द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का पाठ किया गया। इसके पश्चात हवन का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। पूनम सेन, सुरेंद्र भाली, मोहन आर्य एवं अमित कौशिक ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं रिंकू महादेव द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। प्रत्येक रविवार शनि देव मित्र मंडल, रोहतक एवं अन्य भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से श्री बालाजी धाम डोभ तक पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाती है। इसी क्रम में इस रविवार 105वीं पैदल ध्वजा यात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ श्री बालाजी धाम पहुँची। यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्री राम के जयकारों एवं भजनों के साथ झूमते-गाते हुए धाम तक पहुँचे।

पैदल ध्वजा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के विश्राम एवं जलपान के लिए दो स्थानों पर व्यवस्था की जाती है। पहला पड़ाव खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रैक्टर हाउस तथा दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिवानी रोड पर रखा जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम से वापसी हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

इस अवसर पर नवीन तनेजा, विनोद गुप्ता, रमेश गुप्ता, बिट्टू दुआ, कालू, रमेश गांधी, बलदेव कात्याल, पवन सरीन, रवि चिटकारा, शिवम कात्याल, वंश चुघ, राजेश गोयल, आनंद, सुनील निमड़ी, कविता निमड़ी, ममता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रदेश प्रभारी संजय दत्त से मिले देवेंद्र श्योराण, संगठन को मजबूत करने को लेकर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल - नई दिल्ली। कांग्रेस नेता देवेंद्र श्योराण ने आज नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने को लेकर अपने विचार एवं सुझाव उनके समक्ष रखे। देवेंद्र श्योराण ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को साथ लेकर चलना, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना और मेहनती एवं समर्पित कार्यकताओं को उचित जिम्मेदारी देना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र के कार्यकताओं की समस्याओं और राजनीतिक परिस्थितियों से भी प्रदेश प्रभारी को अवगत करवाया। मुलाकात के दौरान आगामी समय में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। देवेंद्र श्योराण ने कहा कि एकजुट और मजबूत संगठन ही कांग्रेस को नई मजबूती प्रदान कर सकता है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी संजय दत्त का समय देने और कार्यकताओं की बात सुनने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बीआरसीएम शिक्षण समिति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न खेल गतिविधियों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन हॉकी के महान जादूगर एवं भारत के गौरव मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विभिन्न शारीरिक गतिविधियों एवं व्यायाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बीआरसीएम शिक्षण समिति के स्पोर्ट्स विभाग द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एस. के. सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि व्यक्ति में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, संघर्ष करने की शक्ति एवं सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। डॉ. सिन्हा ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। नियमित व्यायाम और खेलकूद स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूक करना है और सभी को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

उन्होंने महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके खेल जीवन, समर्पण और उपलब्धियां देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। मेजर ध्यानचंद ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया और आने वाली पीढ़ियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इन गतिविधियों में बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों, व्यायामों एवं फिटनेस गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन एवं खेल भावना का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. एस. के. सिन्हा, निदेशक, डॉ. अनुज शर्मा, प्राचार्य बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ. सुनील शुक्ला, प्राचार्य बीआरसीएम लॉ कॉलेज, राजेश झाझड़िया, प्राचार्य बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, संदीप टंडन, प्राचार्य बीआरसीएम शिशु कुंज स्कूल, सरस्वती दीक्षित, उप-प्राचार्य बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, पवन पंघाल, रजिस्ट्रार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. संजय गौड़, डॉ. सुखेन्द्र महला, डॉ. पवन, रामकिशन, संदीप लाखलाण, मदन मोहन, डॉ. अंजू, डॉ. पूनम सहित संस्थान के अनेक शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 21 सदस्यीय कमेटी ने सर्वसम्मति से अत्तर सिंह गोपालवास को बनाया सतगामा प्रधान

**सिधनवा के सिद्ध धाम में हुई बैठक में उपप्रधान, महासचिव व सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन**

**ग्रामीणों और मौजिज लोगों ने जताई सहमति, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सामाजिक एकजुटता के साथ जिम्मेदारी निभाने का दिया भरोसा**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 30 अगस्त। बहल क्षेत्र के गांवों से जुड़े सामाजिक संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 30 अगस्त 2026 को गांव सिधनवा स्थित सिद्ध धाम में आयोजित हुई। बैठक में सतगामा प्रधान पद के चयन को लेकर गठित 21 सदस्यीय कमेटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के मौजिज ग्रामीणों ने विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मति से अत्तर सिंह गोपालवास को सतगामा प्रधान पद के लिए मनोनीत किया गया।

बैठक में संगठन की सामाजिक व्यवस्था एवं आगामी गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अन्य पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारियां तय की गईं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार मुकेश कासनी को उपप्रधान, रणवीर डाटक को महासचिव तथा ओमप्रकाश गोकलपुरा को सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा संगठन के अन्य सदस्यों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सामाजिक एकजुटता के साथ कार्य करने का भरोसा बैठक में मौजूद ग्रामीणों एवं मौजिज लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हुए संगठन के हित में कार्य करेगी और क्षेत्र से जुड़े सामाजिक विषयों पर सकारात्मक भूमिका निभाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला पार्षद रविन्द्र मंढोली, सोनू सरपंच, महेंद्र गोकलपुरा, सुरेश ठेकेदार, रामफल मास्टर, सुभाष पूर्व सरपंच, राकेश मोटू सहित अनेक मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

# भिवानी के नांगल में एसएसबी जवान सोनू कुमार का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, गांव में शोक की लहर

## भिवानी के जवान सोनू कुमार का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार, एसएसबी और प्रशासन ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से एसएसबी जवान सोनू कुमार का निधन, पैतृक गांव नांगल में दी गई अंतिम विदाई**

**एसएसबी जवान सोनू कुमार पंचतत्व में विलीन, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि**

**देश सेवा के दौरान शहीद हुए नांगल के लाल सोनू कुमार, परिवार के भरण-पोषण के लिए मदद की उठी मांग**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल-भिवानी, 30 अगस्त : भिवानी जिले के गांव नांगल निवासी और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 43वीं बटालियन में तैनात जवान सोनू कुमार का ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पडड्टे से असामयिक निधन हो गया। जवान की पार्थिव देह जब उनके पैतृक भिवानी जिला के गांव नांगल पहुंची, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद रविवार को गांव के शमशान घाट में सैन्य व प्रशासनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां सैकड़ों ग्रामीणों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

इस मौके पर एसएसबी के सब इंस्पेक्टर हमीर सिंह ने बताया कि सोनू कुमार बटालियन में कांस्टेबल पद पर निष्ठा और लगन से अपनी सेवाएं दे रहे थे। ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पडड्टे से उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि एसएसबी परिवार इस दुख की घड़ी में पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। विभाग के नियमानुसार मिलने वाली पेंशन और अन्य सभी अनुग्रह सुविधाएं परिवार को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जाएंगी। प्रशासन की ओर से पहुंचे भिवानी के तहसीलदार जयवीर सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई है। राज्य सरकार के नियमानुसार जो भी सुविधाएं और सहायता राशि बनती है, वह औपचारिकताएं पूरी कर परिवार को जल्द से जल्द प्रदान की जाएगी। सोनू के मामा प्रीतम सिंह ने बताया कि सोनू वर्ष 2012 में एसएसबी में भर्ती हुए थे और लगभग 14 वर्षों से देश सेवा में समर्पित थे। वह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। उनके परिवार में बुजुर्ग माता-पिता के अलावा तीन भाई और एक पांच साल का बेटा है। सोनू के अचानक चले जाने से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से पीड़ित परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है। अंतिम संस्कार में पहुंचे भिवानी विधायक के बेटे अमन सर्राफ ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोनू कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश सेवा करते हुए सोनू कुमार ने प्राण त्यागे हैं।

वह स्वयं इस संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और सरकार के नियमों के तहत परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाएं दिलवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर गांव के आसपास के क्षेत्र कि ग्रामीणों ने भी जवान के अंतिम विदाई में हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आवारा पशुओं से दुर्घटना पर मिलेगा आर्थिक सहारा, दयालु-2 योजना में 5 लाख रुपये तक सहायता

**घटना के 90 दिनों के भीतर ऑनलाइन आवेदन जरूरी, परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य**

**समाज जागरण**

रेवाड़ी, 30 अगस्त। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को आर्थिक राहत देने के लिए हरियाणा सरकार की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-द्वितीय (दयालु-2) लागू है। योजना के तहत पात्र लोगों को दुर्घटना में मृत्यु, स्थायी दिव्यांगता अथवा चोट की स्थिति में निर्धारित मानकों के अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से योजना का लाभ लेने के लिए समय पर आवेदन करने की अपील की है। घटना की तारीख से 90 दिनों के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए परिवार का हरियाणा का निवासी होना तथा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में पंजीकरण होना आवश्यक है। मृत्यु या दिव्यांगता पर पांच लाख तक सहायता दयालु-2 योजना के तहत आवारा पशुओं या कुत्ते के कारण हुई दुर्घटना में मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता की स्थिति में उम्र के आधार पर एक लाख से पांच लाख रुपये तक आर्थिक सहायता का प्रावधान है। 25 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में अधिकतम पांच लाख रुपये तक सहायता दी जा सकती है। वहीं अन्य आयु वर्गों के लिए निर्धारित राशि अलग-अलग है।

चोट की स्थिति में भी योजना के तहत आर्थिक सहायता का प्रावधान है। सामान्य चोट के लिए न्यूनतम 10 हजार रुपये की सहायता दी जा सकती है। कुत्ते के काटने से संबंधित मामलों में भी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सहायता उपलब्ध है। इन पशुओं से हुई दुर्घटनाएं योजना में शामिल योजना के तहत गाय, बैल, सांड, भैंस, नीलगाय, गधा, कुत्ता सहित अन्य आवारा, जंगली अथवा परित्यक्त पशुओं के कारण हुई दुर्घटनाओं को निर्धारित शर्तों के साथ कवर किया गया है। ऑनलाइन करना होगा आवेदन पात्र व्यक्ति या परिवार को योजना का लाभ लेने के लिए दयालु-2 के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए परिवार पहचान पत्र से जुड़ी जानकारी आवश्यक है। योजना की स्वीकृत सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। दयालु-2 योजना का आधिकारिक पोर्टल आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेज मृत्यु के मामले में मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ एफआईआर या डीडीआर की प्रति देनी होती है, जिसमें दुर्घटना का कारण आवारा पशु अथवा कुत्ते से संबंधित होना दर्शाया गया हो। दिव्यांगता की स्थिति में सक्षम चिकित्सा अधिकारी या मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, डिस्चार्ज सारांश तथा एफआईआर/ डीडीआर जैसे दस्तावेज आवश्यक होते हैं। चोट के मामलों में अस्पताल से संबंधित उपचार दस्तावेज और घटना से जुड़े प्रमाण भी मांगे जा सकते हैं। समय सीमा का रखें ध्यान प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए 90 दिन की निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करें। जिला स्तर पर गठित समिति दस्तावेजों और पात्रता की जांच के बाद सहायता राशि पर अंतिम निर्णय लेती है। सरकार का उद्देश्य आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संकट से राहत देना और पात्र लाभार्थियों तक सहायता को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है।

# पुराने वाणिज्यिक वाहनों पर सख्ती, रोहतक में 3,757 वाहन चिन्हित

**बीएस-1 से बीएस-3 वाहन सड़क पर मिले तो भेजे जाएंगे स्क्रैपिंग सेंटर, बीएस-4 के लिए भी तय किए गए विकल्प**

**परिवहन परिवर्तन योजना के तहत नए बीएस-6 और इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स छूट व ब्याज सहायता का लाभ**

**समाज जागरण**

रोहतक, 30 अगस्त। राष्ट्रीय राज धानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए रोहतक प्रशासन ने पुराने वाणिज्यिक वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की है। उपायुक्त सतबीर सिंह के मार्गदर्शन में जिले में बीएस-1 से बीएस-4 श्रेणी के पुराने वाणिज्यिक ट्रकों और बसों को परिवहन परिवर्तन योजना के तहत नए एवं स्वच्छ ईंधन वाले वाहनों में बदलने पर जोर दिया जा रहा है। प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव विरेंद्र सिंह ढुल ने बताया कि रोहतक जिले में 3,757 पुराने वाणिज्यिक वाहन चिन्हित किए गए हैं। हालांकि, अब तक केवल 35 वाहन मालिकों ने परिवहन परिवर्तन पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने शेष वाहन मालिकों से जल्द पंजीकरण कराने और योजना का लाभ उठाने की अपील की है। बीएस-1 से बीएस-3 वाहनों पर कार्रवाई योजना के तहत बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 श्रेणी के पुराने वाणिज्यिक वाहनों के खिलाफ कड़ाई बरती जाएगी। ऐसे वाहन यदि सड़क पर चलते पाए गए तो उन्हें अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र भेजे जाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार करना है। बीएस-4 वाहन मालिकों को विकल्प बीएस-4 श्रेणी के वाहन मालिकों के लिए भी योजना के तहत विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। ऐसे वाहन मालिक अपने वाहन को एनसीआर से बाहर बेच सकते हैं अथवा बीएस-6 या इलेक्ट्रिक वाहन में बदलाव कर सकते हैं। इससे पुराने वाणिज्यिक वाहनों को कम प्रदूषण फैलाने वाले आधुनिक वाहनों से बदलने को प्रोत्साहन मिलेगा। नए वाहन पर टैक्स में छूट परिवहन परिवर्तन योजना के तहत पात्र नए बीएस-6 और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर वाहन मालिकों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। पुराने वाहन को बदलकर नया पात्र वाहन लेने पर मोटर व्हीकल टैक्स में 50 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। इसके अलावा नए वाहन की खरीद के लिए लिए जाने वाले ऋण पर 5 प्रतिशत तक ब्याज सहायता भी दी जाएगी। वाहन निमार्ताओं की ओर से 8 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। बीएस-6 डीजल और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन भी योजना में शामिल किए गए हैं। परमिट मामलों में भी राहत योजना के तहत एक वर्ष से अधिक समय से लंबित परमिट मामलों में निर्धारित शर्तों के अनुसार राहत देने का प्रावधान भी किया गया है। इससे पुराने वाणिज्यिक वाहन मालिकों को नए वाहनों की ओर स्थानांतरित होने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया परिवहन विभाग ने योजना की प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाया है। परिवहन परिवर्तन पोर्टल के माध्यम से वाहन की पात्रता जांच से लेकर पुराने वाहन के निस्तारण, नए वाहन की खरीद, ऋण सुविधा और पंजीकरण तक की प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जा सकती है। प्रशासन ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने पुराने वाहनों की पात्रता जांच कराकर योजना के तहत पंजीकरण करवाएं। प्रदूषण कम करने पर जोर प्रशासन के अनुसार पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाना एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नए बीएस-6 और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलने से परिवहन क्षेत्र से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने वाहन मालिकों से पुराने वाहन बदलने, प्रदूषण घटाने और स्वच्छ एनसीआर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है।

# पंचकूला में सीएम नायब सैनी ने परिवारजनों के साथ सुनी मन की बात

**प्रधानमंत्री मोदी के 137वें एपिसोड का हुआ लाइव प्रसारण**

पंचकूला, 30 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंचकूला में प्रदेशवासियों और परिवारजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 137वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम का सार्वजनिक प्रसारण पंचकूला के रेड बिशप कन्वेंशन हॉल में किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन में देशभर के प्रेरणादायक कार्यों, नवाचार और जनभागीदारी से जुड़े प्रयासों को प्रमुखता से सामने रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जनहित और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों के प्रति अधिक सक्रिय रूप से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में पंचकूला के महापौर श्यामलाल बंसल, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की अध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हरियाणा में लगेंगे चार इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट

**रोजाना 5 हजार टन कचरे का होगा वैज्ञानिक प्रसंस्करण, 50 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य**

**हिसार, अंबाला, फरीदाबाद और गुरुग्राम क्लस्टर में स्थापित होंगे संयंत्र, अक्टूबर 2028 तक संचालन शुरू करने की तैयारी**

चंडीगढ़, 30 अगस्त। हरियाणा सरकार ने शहरी कचरा प्रबंधन को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने चार इंटीग्रेटेड वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन संयंत्रों की स्थापना हिसार, अंबाला, फरीदाबाद और गुरुग्राम क्लस्टर में की जाएगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में प्रतिदिन करीब 5,000 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा। कचरे से ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया के तहत लगभग 50 मेगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार के अनुसार इन संयंत्रों के अक्टूबर 2028 तक संचालन में आने की उम्मीद है। कचरा प्रबंधन को मिलेगा नया स्वरूप हरियाणा में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ कचरा प्रबंधन बड़ी चुनौती बन रहा है। ऐसे में वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजनाओं को कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के साथ ऊर्जा उत्पादन से जोड़कर देखा जा रहा है। इन संयंत्रों में शहरी क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे का व्यवस्थित तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस पहल से कचरे के पारंपरिक निस्तारण पर निर्भरता कम करने और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। साथ ही कचरे को संसाधन के रूप में इस्तेमाल करते हुए ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकेगा। चार प्रमुख क्लस्टरों में होंगे संयंत्र प्रस्तावित वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट प्रदेश के चार प्रमुख क्लस्टरों में स्थापित किए जाएंगे। इनमें हिसार, अंबाला, फरीदाबाद और गुरुग्राम शामिल हैं। इन परियोजनाओं के जरिए संबंधित शहरों और आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले ठोस कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद प्रतिदिन हजारों टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा सकेगा। इससे शहरी निकायों पर बढ़ते कचरा प्रबंधन के दबाव को कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। कचरे से बनेगी बिजली इन परियोजनाओं की खासियत कचरे का केवल निस्तारण करना नहीं, बल्कि उससे ऊर्जा का उत्पादन भी करना है। सरकार के अनुसार चारों संयंत्रों से मिलकर करीब 50 मेगावाट बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे एक ओर कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन की दिशा में भी राज्य को लाभ होगा। यह व्यवस्था कचरा प्रबंधन और ऊर्जा उत्पादन को एक साथ जोड़ने वाली पहल होगी। अक्टूबर 2028 तक शुरू होने की उम्मीद राज्य सरकार की योजना के अनुसार चारों वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्रों को अक्टूबर 2028 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजनाओं के निर्माण और संचालन के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सरकार का कहना है कि इस पहल से प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को वैज्ञानिक आधार मिलेगा और आने वाले वर्षों में शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल हरियाणा की दिशा में कदम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने इस पहल को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल हरियाणा के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। वेस्ट-टू-एनर्जी मॉडल के माध्यम से कचरे के बेहतर प्रबंधन के साथ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार के मुताबिक, शहरी कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार और पर्यावरण संरक्षण भविष्य की शहरी विकास नीति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। चार नए संयंत्र इसी दिशा में राज्य की एक बड़ी पहल माने जा रहे हैं।

# जल जीवन मिशन के 90% पूरे प्रोजेक्ट को सितंबर तक पूरा करने का निर्देश

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 90 से 99 प्रतिशत प्रगति वाली 135 पेयजल योजनाओं को सितंबर-अक्टूबर में हर हाल में पूरा कर लें। जिलाधिकारी ने अन्य परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि 75-90 प्रतिशत प्रगति वाली 74 योजनाओं को दिसंबर में और 50-75 प्रतिशत प्रगति वाली 64 योजनाओं को फरवरी 2027 जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सूचना विभाग निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए।



जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए जहां भी जरूरी हो श्रमिकों की संख्या में आवश्यक वृद्धि करते हुए योजनाओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कर लें। साथ ही तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों व राष्ट्रीय राजमार्ग एनओसी से संबंधित मामलों की साप्ताहिक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा मासिक रूप से भौतिक बैठक आयोजित कर समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबंधक एलएंडटी आदि शामिल रहे।

# बच्चों के बीच पर्यावरण व जल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आराजी लाइन विकासखंड के खेवली स्थित कवि धूमिल स्मारक पुस्तकालय में रविवार दोपहर करीब 12 बजे पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन पर्यावरण एवं जल संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल के नेतृत्व में किया गया।

कार्यशाला में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बच्चों को बताया कि पेड़-पौधों का संरक्षण, जल की बचत, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों को पानी की बबार्दी रोकने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की और जल संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजक मनीष पटेल ने कहा कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना समय की आवश्यकता है। यदि बचपन से ही बच्चे प्रकृति और जल के महत्व को समझेंगे, तो वे आगे चलकर समाज में भी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यशाला में प्रियांशु पाल, लौटन राम, साजन, अनुभव, युग, लवकुश, मयंक पटेल, अवनीश कुमार, शिवम, अंशिका, अंश, देविका और वृजेश कुमार सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे।

# मंदिर से कलश हुआ चोरी केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।**

जंसा थाना क्षेत्र स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर से कलश (हंडा) चोरी हो गया है। इस घटना के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। जंसा निवासी संपत राम ने जंसा पुलिस को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त 2026 की शाम करीब पांच बजे तक मंदिर में कलश मौजूद था। अगले दिन, 29 अगस्त की सुबह जब श्रद्धालु पूजा-पाठ और साफ-सफाई के लिए मंदिर पहुंचे, तो कलश गायब मिला।श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने आसपास काफी खोजबीन की और पूछताछ भी की, लेकिन चोरी हुए कलश का कोई सुराग नहीं मिल सका। मंदिर से कलश चोरी होने की खबर फैलते ही लोगों में नाराजगी बढ़ गई। आज रविवार सुबह जंसा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

30 अगस्त 2026 को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने जंसा थानाध्यक्ष से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और चोरी हुए कलश की जल्द बरामदगी की मांग की है।

तहरीर मिलने के बाद जंसा पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# जात धर्म मजहब से उपर है हमारा पर्व रक्षाबंधन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर ब्लाक क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत करीमुद्दीन पुर में ग्राम सभा प्रशासक पति अलीम भाई ने रक्षाबंधन के दिन वरिष्ठ पत्रकार बिकास राय प्रभु जी के घर पहुंच कर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती



पूनम राय से इस बार भी रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बंधवाई। श्रीमती पूनम राय ने भी अपने धर्म भाई का अपने आवास पर स्वागत किया। इसके पश्चात टीका, आरती के पश्चात राखी बांध कर मुह मिठा कराया।इस अवसर पर अलीम भाई ने कहा की रिश्ते बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण रिश्ते को निभाना होता है। रिश्ते जीवन में बार बार नहीं बनाये जाते हैं।पद का क्या है आज है कल नहीं रहेगा लेकिन संबंध तो आजीवन रहेगा।और इसी लिए मै इस बार भी अपनी बड़ी बहन के घर खुद चल कर आया हूं।अलीम भाई ने सभी को रक्षाबंधन की बधाई दी।

# पशुधन को मिलेगा बीमा का सुरक्षा कवच, 85 प्रतिशत प्रीमियम देगी सरकार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत जिले में जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकरण कार्य शुरू हो गया है। जिले में 20 अगस्त से बीमाकरण किया जा रहा है। योजना के तहत बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत केंद्र व राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि पशुपालक को केवल 15 प्रतिशत राशि देनी होगी। केंद्र सरकार 51 और राज्य सरकार 34 प्रतिशत प्रीमियम देगी। हरहुआ ब्लाक के



गांव-गांव जाकर पशुपालकों को योजना की जानकारी देने और बीमा के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। स्वदेशी पशुओं के बीमाकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। बीमा के लिए पशुओं की टैगिंग और टीकाकरण आवश्यक होगा। भूमिहीन, सीमांत व लघु किसान, बीपीएल परिवार, एससी-एसटी तथा महिला पशुपालकों को प्राथमिकता मिलेगी। पशु की मृत्यु होने पर 24 घंटे के भीतर संबंधित अधिकारी या बीमा प्रतिनिधि को सूचना देनी होगी। पशु चिकित्सा अधिकारी हरहुआ डॉ0 आशीष वर्मा ने पशुपालकों से योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# हजारों नगदी सहित लाखों की चोरी ,लोन समेत अन्य पेपर भी उठा ले गए चोर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र के निहालापुर गांव में मंगलवार की रात एक बंद मकान के दरवाजे और अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने चालीस हजार रुपए नगद सहित लाखों रुपए मूल्य के आभुषण एवं एफडी एवं गोल्ड लोन के पेपर सहित अन्य आवश्यक कागजात चुरा ले गये। सुबह घर वापस आने पर गृह स्वामिनी को चोरी की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस घटना की जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

उक्त गांव निवासिनी चांदनी गिरी पुत्री श्याम लाल गिरी ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह घर में ताला बंद कर मंगलवार की सुबह वाराणसी ड्यूटी करने चली गई और रात वहीं रुक गई बुधवार सुबह जब वापस लौटी तो देखा घर का सामान बिखरा पड़ा था और घर में रखे आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर सोने के आभुषणों में दो चैन, मंगलसूत्र, कान की बाली एक जोड़ी झाली एक जोड़ी,नथिया एवं चुड़ी सहित चांदी के आभूषणों में एक चैन,एक करधनी और तीन जोड़ी पायल के साथ जरुरी दस्तावेज चुरा ले गये और जाते जाते चोर घर में रखे मोबाइल को भी तोड़कर नुकसान कर दिये। पुलिस जाँच कार्य मे जुट गई है।

# युवाओं को नशे से बचकर राष्ट्र निर्माण कार्य में अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें:अजय मिश्रा

## हरहुआ मण्डल मे सुनी गईं137वी प्रधानमंत्री के मन की बात।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भाजपा हरहुआ मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने हरहुआ मण्डल भाजपा अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व में सातो महुआ स्थित कार्यालय पर 'मन की बात' सुना। प्रधानमंत्री द्वारा बताये गए प्रेरणा दायक कथन सुनकर व्यवहारिक जीवन में अपनाने व राष्ट्रीय हितों के प्रति दायित्व निभाने पर जोर दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम- 'मन की बात' में देशवासियों को संबोधित करते हुए युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर गहरी चिंता जताई और 'सूर्य पथ तिरंगा' अभियान जैसे विषयों पर देशवासियों से अपने विचार साझा किए।

भाजपा हरहुआ मण्डल के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि युवा नशे से बचकर राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं। वहीं मण्डल उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ने कहा कि युवा 'सूर्य पथ तिरंगा'अभियान में अधिकाधिक



जुड़कर इसे सफल बनायें।

नेपाल त्रासदी पर पदाधिकारीयो व कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देकर शांति और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बूथ न0 61 पुरबपुर पंचायत भवन पर महामन्त्री अनिल पांडेय के नेतृत्व में मनोज पटेल ,उत्सव सिंह, धर्मेंद्रकुमार ,विनोद ,ओमकार ,रामचरित ,अरुण तिवारी ,पंकज मौर्य ,गोविंद गिरी ,आशीष कुमार ,विजय कुमार ,राहुल गुप्ता, शुभम ,जय ,रमेश, पंकज तिवारी व विजय वर्मा ने सुनी मन की बात। दर्जनों बूथो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के' मन की बात' कार्यक्रम में कार्यकर्त्ता व ग्रामीणों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा,अरुणेंद्र सिंह, महामंत्री अनिल पाण्डेय,उपाध्यक्ष अपरवल सिंह, अरुण तिवारी, अंशुमान सिंह, रामकृष्ण उपाध्याय, शिवबालक पटेल, , गौरव चौबे, अनिल पटेल, अनिल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र,सहित मंडल के कार्यकर्ता व मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# "अंक ब्रह्म" का "विमोचन" अंक-ज्योतिष को आत्मबोध से जोड़ने का प्रयास

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। ज्योतिष विज्ञान समिति के समारोह में लेखक विशाल पोरवाल की पुस्तक 'अंक ब्रह्म : जीवन, भाग्य और ऊर्जा का विज्ञान' का विमोचन किया गया। पत्रकार एवं संपादक विजय विनीत द्वारा संपादित इस पुस्तक में अंक-ज्योतिष को केवल भविष्यवाणी नहीं बल्कि व्यक्तित्व, आत्मबोध और जीवन-प्रबंधन के माध्यम के रूप में समझने का प्रयास किया गया है।

लेखक विशाल पोरवाल ने कहा कि मनुष्य का जीवन जन्मतिथि, नाम, समय और अन्य अनेक रूपों में अंकों से जुड़ा है। पुस्तक में मूलांक, भाग्यांक, नामांक, नवग्रह और अंक-ऊर्जा के संबंध के साथ करियर,




व्यापार, धन, प्रेम-विवाह, राजनीति, वास्तु और जीवन-प्रबंधन जैसे विषयों पर विचार किया गया है।

उन्होंने कहा कि अंक भविष्य का फैसला नहीं करते बल्कि आत्मविश्लेषण का माध्यम हो सकते हैं। पुस्तक का मूल संदेश है कि भाग्य अवसर दे सकता है, लेकिन उपलब्धि पुरुषार्थ से आती है।

विजय विनीत ने कहा कि अंक ब्रह्म भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ने का प्रयास है। पुस्तक श्री काशी विश्वनाथ को समर्पित है। लेखक ने कहा, अंक दिशा का संकेत दे सकते हैं, लेकिन यात्रा हमें स्वयं करनी होती है।

# लालगंज क्षेत्र के भरोह गांव में बारिश से कच्चा मकान गिरने से महिला की मौत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भरोह में रविवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया।जिससे कच्चे मकान के मलबे में दबकर अनुराधा पटेल की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है।परिजनों में कोहराम मच गया सूचना मिलते ही एसडीएम लालगंज अजीत कुमार और नायब तहसीलदार राजू यादव मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और शासन से यथासंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

प्रशासन ने मृतका के परिजनों को दैवीय आपदा राहत के तहत कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# हलिया के गुर्गी-देवरी संपर्क मार्ग के पुल के ऊपर से बह रहा पानी

**समाज जागरण**

मीरजापुर / होलिया क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर हो गए है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण जान जोखिम में डालकर अपने गंतव्य को पहुंच रहे है। लगातार क्षेत्र में हो रही बारिश से गांव का संपर्क मार्ग खराब हो रहा है नदी नाले उफान पर हैं और घरेलू सामान अन्य खाने पदार्थ के के लिए बाजार की ओर रुक करना पड़ रहा है। हलिया के गुर्गी-देवरी संपर्क मार्ग पर के ऊपर से चार फीट पानी



चलने से करीब पांच घंटे आवागमन बाधित रहा पानी कम। रपटा के ऊपर से तेज बहाव के बावजूद ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हर साल बारिश होने से यही स्थिति आती है और आने-जाने में जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं।

# मीरजापुर में बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, जिलाधिकारी ने किया अकोढ़ी और चौकठ का निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जनपद में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बाढ़ प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी एवं राजस्व ग्राम चौकठ का दौरा कर निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले दोनों गांवों के संपर्क मार्ग का जायजा लिया।उन्होंने देखा कि बाढ़ की स्थिति में संपर्क मार्ग पर जलभराव की क्या स्थिति हो सकती है। साथ ही उन्होंने गांवों के आसपास गंगा नदी के जलस्तर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों से वार्ता कर जानकारी ली। लोगों ने बताया कि बाढ़ के समय संपर्क मार्ग टूटने से आवागमन में भारी परेशानी होती है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर



स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से पहले ही सभी एहतियाती कदम उठा लिए गए हैं। किसी भी ग्रामीण को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश करते हुए कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को तत्काल सक्रिय किया जाए और उन पर कर्मचारियों की तैनाती की जाए। नावों की उपलब्धता, राहत सामग्री और चिकित्सा व्यवस्था पहले से दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि ऊंचे और सुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर वहां अस्थायी शरणालय बनाने की तैयारी पूरी रखें। पशुओं के चारे और पीने के साफ पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राजस्व और बाढ़ खंड के अधिकारियों को लगातार जलस्तर पर नजर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें, प्रशासन द्वारा दी जा रही जानकारी पर ही भरोसा करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार, संबंधित लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गड्ढा युक्त सड़कों को कराया गया मरम्मत ग्रामीणों को मिली राहत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के कोन भरूहवा गांव में विगत कई दिनों से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों के आने जाने का मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया था। लगातार हो रहे इन दिनों बारिश के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया था। इसी को देखते हुए युवा समाजसेवी शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह छोटू पटेल के द्वारा गिट्टी गिरा कर रास्ते को दुरुस्त कराया गया जहां पर ग्रामीणों को सहूलियत प्रदान हुई।इसी मार्ग पर गांव का कंपोजिट विद्यालय भी संचालित होता है। दूर दराज के अन्य गांव के भी छात्र-छात्रा प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते जाते हैं। दलदली रास्ता के कारण छात्र-छात्रा इन उसमें फंसकर गिर कर घायल हो जा रहे थे। गांव के आम जनमानस को



मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। गांव के ग्रामीण नीरज सिंह राकी सिंह ने शहनाई परिवार के सदस्यों के द्वारा सूचना दी गई। जैसे ही यह सूचना शकतेशगढ़ क्षेत्र के रामपुर शकतेशगढ़ गांव निवासी शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर युवा समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा रविवार को रास्ते पर आवश्यकता अनुसार रोड मरम्मत का सामग्री गिरवाकर ग्रामीण मार्ग का मरम्मत करवाया। समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा विकासखंड राजगढ़ के विभिन्न गांवो में जनहित में समाजसेवी एवं ग्रामीणों के मांग पर निशुल्क रोड मरम्मत की सामग्री कराकर निरंतर दर्जनों मार्गो को आवागमन हेतु सुलभ बनाया गया है। सरकारी प्रशासन मौन धारण कर लिया है वही अजय कुमार सिंह द्वारा निरंतर निशुल्क समाज सेवा जारी है।

वहीं क्षेत्र के अमरेश चंद्र, अजय कुमार सिंह उर्फ सिंबू मनीष प्रवीण कुमार ने शहनाई परिवार के सहयोग से कार्य हो रहा है।

# श्रीमती बिन्दू राय के निधन पर डाक्टर सानंद सिंह ने जताया शोक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल की मां श्रीमती बिन्दू राय पत्नी श्री रमेश चन्द्र राय का निधन 26 अगस्त बुधवार को हो गया।



इस समय आपके गाजीपुर सिद्धेश्वर नगर कालोनी स्थित आवास पर लोगों के पहुंचने एवं शोक संवेदना प्रकट करने का तांता लगा हुआ है। सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डाक्टर सानंद सिंह ने पहुंचकर स्व0 बिन्दू राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। रेवतीपुर ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने बताया की श्रद्धांजलि सभा एवं ब्रह्मभोज का आयोजन 6 सितंबर दिन रविवार को 11बजे से आयोजित किया गया है। समस्त कार्यक्रम सिद्धेश्वर नगर कालोनी गाजीपुर से सम्पन्न किया जाएगा।

# सेंट मोनिका पर्व धूमधाम से मनाया गया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

सेंट फ्रांसिस चर्च, परसिया में सेंट मोनिका पर्व को माँ दिवस के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

पर्व की तैयारी के लिए एक दिन पूर्व ही मरियाबाद से आए फादर मनोज ने महिलाओं को विशेष तैयारी कराई। आज फादर मनोज के साथ पल्ली के तीनों पुरोहितों ने पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया। महिलाओं ने अपने व्रतों का नवीनीकरण किया तथा माताओं और परिवारों के लिए विशेष प्रार्थना की।

मिस्सा के बाद महिलाओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने फादर मनोज का सम्मान किया।



पल्ली पुरोहित फादर कामलियुस ने माताओं को परिवार को प्रार्थना और प्रेम के सूत्र में बाँधकर आदर्श बनने का संदेश दिया।

श्रीमती प्रभा ने महिलाओं की ओर से आभार व्यक्त किया। फादर सोनेलाल एवं फादर मुदित ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। अंत में सभी को लड्डू खिलाकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं।

# वाराणसी महानगर सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में रविवार को वाराणसी महानगर सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी आशुतोष सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने पूर्व सैनिक साथियों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत,सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का आह्वान किया। बैठक के आयोजक जे.पी. यादव सेना सेवा मेडल,शहर उत्तरी विधानसभा अध्यक्ष एवं सेना सेवा मेडल ने सभी अतिथियों एवं सैनिक साथियों का स्वागत किया। बैठक में प्रदेश,जिला एवं महानगर स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक साथी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सैनिक हितों,संगठन की मजबूती तथा आगामी ग्राम पंचायत चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान फौजी फेकन यादव,गाजीपुर ने ग्राम पंचायत चुनाव से जुड़े मुद्दे को लेकर एमएलसी आशुतोष सिन्हा के समक्ष सवाल रखा। इस पर एमएलसी ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

मुख्य अतिथि द्वारा संगठन से जुड़े नए पदाधिकारियों का सम्मान कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर से लेकर संगठनात्मक स्तर तक और अधिक मजबूत करने तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कार्यकताओं एवं सैनिक साथियों को संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाने का मंत्र दिया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव धर्मेंद्र यादव,महानगर अध्यक्ष शिव कुमार यादव,महानगर महासचिव बहादुर यादव,मीडिया प्रभारी रमेश यादव फौजी,महानगर उपाध्यक्ष लालमन साहब,बाबूलाल साहब,हरेंद्र साहब,कैप्टन गोविंद साहब,कैप्टन बड़े लाल साहब,जिला महासचिव रोहित यादव,जैराम यादव,गिरिजा शंकर,लक्ष्मण,राकेश फौजी,पार्षद सुभाष यादव मास्टर,धर्मेंद्र मास्टर सहित,भावी जिलापंचाय सदस्य प्रत्याशी दिलावार सिंह यादव,उपाध्यक्ष गामा यादव अनेक पदाधिकारी एवं पूर्व सैनिक साथी मौजूद रहे।

# स्व०उदय नारायण राय को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे संजय सिंह बबलू

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गोंडी निवासी मृत्युंजय राय के पिताजी उदय नारायण राय के निधन की सूचना पर संजय कुमार सिंह बबलू अध्यक्ष-भारतीय कुश्ती संघ ने उनके निवास स्थान पर पहुँचकर स्व० उदय नारायण राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।एवं शोक संतप्त परिजनों से भेंट मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की।



# शहडोल को चाहिए दिल्ली-भोपाल में आवाज उठाने वाला मजबूत नेतृत्व

**समाज जागरण**

शहडोल। शहडोल में मजबूत विकास नेतृत्व को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में यह चर्चा तेज है कि स्वर्गीय दलवीर सिंह के बाद क्या ऐसा प्रभावशाली नेतृत्व उभर पाया है, जो शहडोल की समस्याओं को भोपाल और दिल्ली के निर्णायक मंचों तक मजबूती से पहुंचा सके। स्वर्गीय दलवीर सिंह को क्षेत्र में विकास पुरुष के रूप में याद किया जाता है। उनके राजनीतिक प्रभाव और प्रशासनिक स्तर पर मजबूत पकड़ के कारण स्थानीय मुद्दों को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का भरोसा लोगों में था। उनके बाद रेलवे, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग जैसे कई मुद्दे आज भी अपेक्षित गति का इंतजार कर रहे हैं। रेलवे के क्षेत्र में शहडोल को संभागीय मुख्यालय के अनुरूप सुविधाएं और बेहतर कनेक्टिविटी दिलाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। वहीं शहडोल-उमरिया मार्ग के विकास की धीमी गति भी लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सवाल किसी समाज या वर्ग के प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि प्रभावी विकास नेतृत्व का है। शहडोल को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जो चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष जनता के मुद्दों को सरकार तक पहुंचाए।

अब सवाल यही है कि स्वर्गीय दलवीर सिंह के बाद शहडोल को वैसा मजबूत विकास नेतृत्व कब मिलेगा?

# बेल महादेव के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की उठी मांग

## पर्यटक सुविधाओं के विस्तार, क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत और बेहतर प्रकाश व्यवस्था की मांग

**समाज जागरण विजय तिवारी**



जशपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर शहर के समीप स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल बेल महादेव के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटक सुविधाओं के विस्तार की मांग उठी है। इस संबंध में जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव माननीय राजेश अग्रवाल, मंत्री, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व, छत्तीसगढ़ शासन को पत्र भेजकर स्थल के विकास के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया है। बेल महादेव भगवान भोलेनाथ के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण पर्यटकों के आकर्षण का महत्वपूर्ण स्थल है। यहां वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में स्थल पर मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि वर्तमान में पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए कई विकास कार्य आवश्यक हैं। इनमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, पर्यटकों के बैठने के लिए पर्याप्त एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना, क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत, पर्याप्त विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था तथा पूरे परिसर का समुचित सौंदर्यीकरण प्रमुख रूप से शामिल है। मांग की गई है कि बेल महादेव के प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए यहां आवश्यक जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य शीघ्र कराए जाएं। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा जशपुर जिले के पर्यटन को भी नई पहचान मिल सकती है। स्थल के समुचित विकास से बेल महादेव को जशपुर के प्रमुख धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाएं और मजबूत होंगी। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने से रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। अब देखना होगा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा बेल महादेव के विकास को लेकर क्या पहल की जाती है और लंबे समय से अपेक्षित सुविधाओं का लाभ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को कब तक मिल पाता है।

# अवैध रेत परिवहन करते डग्गी वाहन को वन विभाग ने पकड़ा

**मुखबिर की सूचना पर निपनिया बीट में कार्रवाई, नरवार से रेत उत्खनन कर परिवहन करने की बात सामने आई; वाहन जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन के खिलाफ वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत वन परिक्षेत्र शहडोल की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से लदे एक डग्गी वाहन को पकड़ा है। वाहन चालक के पास रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। वन विभाग ने वाहन को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय गोहपारू परिसर में खड़ा कराया है तथा वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल महेन्द्र प्रताप सिंह (भा.व.से.) के निर्देशन तथा वन मंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे (भा.व.से.) एवं उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में वन अमले द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए गश्त की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी 26 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 3 बजे गश्ती के दौरान वन परिक्षेत्र शहडोल के बीट निपनिया अंतर्गत कक्ष क्रमांक आर एफ-745, रीवा-शहडोल मुख्य मार्ग पर वन अमले को एक डग्गी वाहन दिखाई दिया। संदेह के आधार पर वाहन को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालक ने अपना नाम बृहस्पति सिंह पिता बैजनाथ सिंह, निवासी कटहरी बताया। वाहन की पहचान क्रमांक MP18 GA 4357 के रूप में हुई। वन अमले द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रेत लोड पाई गई। नरवार से रेत उत्खनन की बात पूछताछ के दौरान वाहन चालक द्वारा नरवार क्षेत्र से रेत का उत्खनन कर उसका परिवहन किए जाने की जानकारी दी गई। रेत के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद वन विभाग की टीम ने नियमानुसार वाहन को जब्त कर कार्रवाई शुरू की। वन विभाग द्वारा वाहन के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20452/16, दिनांक 26 अगस्त 2026 पंजीबद्ध किया गया है। जब्त वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय गोहपारू कैंपस में खड़ा कराया गया है। इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका कार्रवाई में वन परिक्षेत्राधिकारी शहडोल विनायक कुमार गौतम, परिक्षेत्र सहायक बड़खेरा श्रीप्रकाश शुक्ला, वनरक्षक एवं बीटगार्ड निपनिया राजेन्द्र तिवारी सहित वन अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप की स्थिति बताई जा रही है। विभाग द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

# रात के अंधेरे में रेत का सिंडिकेट, दिन के उजाले में वैधता का खेल!

**बरही-अमरपुर सीमा पर बेखौफ रेत कारोबार का आरोप, एक ही टीपी से कई चक्कर लगाने का दावा; कटनी-उमरिया की सीमा बन रही कार्रवाई से बचने का जरिया**

**समाज जागरण कटनी।**

दिन ढलते ही जब बरही और आसपास के इलाकों में सन्नाटा गहराने लगता है, उसी दौरान नदी घाटों पर रेत के अवैध कारोबार की गतिविधियां तेज होने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि आधी रात के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवा जाही शुरू होती है और सुबह होने से पहले बड़ी मात्रा में रेत को चिन्हित ठिकानों पर डंप कर दिया जाता है। इसके बाद दिनभर इसी डंप रेत को वैध परिवहन की शक्ल देने का खेल चलता है। सबसे गंभीर सवाल अमरपुर चौकी क्षेत्र के सिद्ध महाराज घाट (मुरुगुड़ी), जाजागढ़, बिचपुरा और कनौर से जुड़ी गतिविधियों को लेकर उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि रात के समय इन क्षेत्रों से रेत का उठाव किया जा रहा है और फिर इसे बरही क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर डंप किया जाता है। रात में नदी से उठती रेत, सुबह बदल जाता है पूरा खेल सूत्रों के अनुसार, रात 12 बजे के बाद रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही बढ़ जाती है। कथित तौर पर नदी घाटों से निकाली गई रेत को पहले ऐसे स्थानों पर जमा किया जाता है, जहां दिन के समय उसे आसानी से ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके। यहीं से इस पूरे कारोबार का दूसरा चरण शुरू होने की बात कही जा रही है। आरोप है कि उमरिया जिले के बढ़छड़ क्षेत्र से जारी टीपी का इस्तेमाल कटनी अथवा मैहर की ओर जाने वाले परिवहन के लिए किया जाता है, जबकि वास्तविकता में इसी दस्तावेज की आड़ में स्थानीय स्तर पर पहले से डंप की गई रेत की सप्लाई किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। एक पर्ची, कई वाहन और कई फेरे– क्या हो रही है टीपी की जांच? पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल टीपी के कथित दुरुपयोग को लेकर है। यदि एक ही टीपी के आधार पर एक ही दिन में कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेत लेकर निकल रही हैं, तो यह जांच का विषय है कि संबंधित वाहनों की टीपी संख्या, समय, वाहन क्रमांक, मात्रा और वास्तविक गंतव्य क्या दर्ज है। सवाल यह भी है कि यदि टीपी कटनी या मैहर के लिए जारी हुई है, तो उसी दस्तावेज की आड़ में स्थानीय बाजारों में रेत की आपूर्ति कैसे हो रही है? यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल अवैध रेत उत्खनन का मामला नहीं, बल्कि वैध दस्तावेज के संभावित दुरुपयोग और राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले संगठित नेटवर्क की ओर भी इशारा कर सकता है। दो जिलों की सीमा बनी सुरक्षा कवच? कटनी और उमरिया जिले की सीमा से लगे इलाकों में कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कार्रवाई की भनक लगते ही वाहन सीमा बदल लेते हैं। एक जिले की टीम सक्रिय होती है तो कथित तौर पर वाहन दूसरे जिले की सीमा में चले जाते हैं। यही वजह है कि स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पूरे क्षेत्र में संयुक्त रूप से जांच और नाकेबंदी की जाए तो रेत के इस कथित नेटवर्क की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकती है। खनिज विभाग की निगरानी पर भी सवाल रेत परिवहन में इस्तेमाल होने वाली टीपी, वाहन नंबर, निर्धारित मात्रा, खनन स्थल और वास्तविक गंतव्य का रिकॉर्ड विभागीय स्तर पर उपलब्ध रहता है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि एक ही टीपी के आधार पर बार-बार परिवहन किया जा रहा है, तो इसकी निगरानी क्यों नहीं हो रही? क्या विभाग के पास टीपी और वाहनों की डिजिटल जानकारी की जांच की व्यवस्था नहीं है? क्या रात के समय घाटों पर नियमित निगरानी होती है? और यदि होती है तो फिर कथित अवैध उत्खनन और डंपिंग की शिकायतें लगातार क्यों सामने आ रही हैं? कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ेगा नेटवर्क स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि लंबे समय से चल रही कथित गतिविधियों पर अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे रेत कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि होना अभी बाकी है, लेकिन जिस तरह रात में कथित अवैध उत्खनन, डंपिंग और दिन में टीपी की आड़ में सप्लाई का पैटर्न सामने आ रहा है, वह खनिज विभाग और जिला प्रशासन के लिए गंभीर जांच का विषय जरूर है। अब देखना यह है कि प्रशासन केवल वाहनों की औपचारिक जांच तक सीमित रहता है या फिर टीपी से लेकर नदी घाट, डंपिंग स्थल और अंतिम खरीदार तक पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़कर जांच करता है।

# 15 वार्डों में थमेगा नहीं स्वच्छता अभियान, हर गली-मोहल्ले तक पहुंचेगी सफाई व्यवस्था : डॉ. राज तिवारी

## नगर की स्वच्छता पहली प्राथमिकता, सफाई कर्मचारियों की कमी दूर करने २५ अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की तैयारी – सीएमओ शिवांगी सिंह के सहयोग से तेज होगा अभियान

**समाज जागरण**

अनूपपुर/ बरंगवा-अमलाई। नगर परिषद बरंगवा-अमलाई में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर चल रही चचाओं के बीच नगर परिषद उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी ने स्पष्ट किया है कि नगर के सभी 15 वार्डों में स्वच्छता का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर परिषद की पहली प्राथमिकता है। संसाधनों और सफाई कर्मचारियों की कमी के बावजूद उपलब्ध कर्मचारियों के माध्यम से अलग-अलग टुकड़ियों में सफाई कार्य लगातार कराया जा रहा है।

डॉ. तिवारी ने बताया कि वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मचारियों की कमी महसूस की जा रही है। इसी समस्या को देखते हुए सभी पार्षदों की सहमति से 25 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की भर्ती की योजना बनाई गई है। इस संबंध में मुख्य नगर परिषद अधिकारी शिवांगी सिंह से भी चर्चा की जा चुकी है। कर्मचारियों की उपलब्धता बढ़ने के बाद नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक गति देने के साथ ही वार्डवार नियमित सफाई सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। हर वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर डॉ. राज तिवारी ने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि सफाई व्यवस्था केवल मुख्य मार्गों तक सीमित न रहे, बल्कि नगर के प्रत्येक वार्ड, गली और मोहल्ले में नियमित रूप से सफाई हो। उन्होंने कहा कि बरंगवा-अमलाई में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले लोगों की नजर में नगर की पहचान उसकी स्वच्छता और व्यवस्थित वातावरण से भी बनती है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां स्थानीय नागरिकों के साथ बाहर से आने वाले लोगों को भी स्वच्छ और बेहतर नगर का अनुभव हो। स्वच्छ वातावरण नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए भी महत्वपूर्ण है। बारिश के बाद जलभराव वाले स्थानों पर भी तत्काल कार्रवाई हाल की भारी बारिश के कारण नगर के कुछ स्थानों पर जलभराव और पानी के रुकने की स्थिति सामने आई है। नगर परिषद द्वारा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां आवश्यकतानुसार मिट्टी एवं अन्य सामग्री डालकर समतलीकरण तथा पानी की निकासी की व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बारिश के बाद लंबे समय तक पानी जमा रहने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करना है। इसके साथ ही नालियों के आसपास तथा सार्वजनिक स्थलों पर ब्लीचिंग पाउडर और आवश्यक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है, ताकि बरसात के मौसम में मच्छरों तथा अन्य कीट-पतंगों के पनपने की संभावनाओं को कम किया जा सके। सीएमओ शिवांगी सिंह के प्रयासों की सराहना नगर परिषद उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी शिवांगी सिंह के सहयोग की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इस दिशा में सीएमओ शिवांगी सिंह का सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग, सफाई व्यवस्था की निगरानी और बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों पर त्वरित कार्रवाई के लिए नगर परिषद प्रशासन सक्रिय है। आने वाले समय में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता से व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की उम्मीद है। केंद्र और मध्य प्रदेश शासन की स्वच्छता की सोच को धरातल पर उतारने का प्रयास स्वच्छता को लेकर देशभर में चलाए जा रहे अभियानों में केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है। इसी सोच के अनुरूप मध्य प्रदेश शासन और नगरीय प्रशासन स्तर पर भी नगरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। बरंगवा-अमलाई नगर परिषद का प्रयास भी इसी व्यापक स्वच्छता सोच को स्थानीय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने का है। नगर परिषद का मानना है कि केवल प्रशासनिक प्रयासों से ही स्थायी स्वच्छता संभव नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। जनता के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं होगा स्वच्छता अभियान डॉ. राज तिवारी ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। नागरिक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें, नालियों में कचरा न फेंकें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद अपने स्तर पर सफाई व्यवस्था को लगातार बेहतर करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन यदि नागरिक भी स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझकर सहयोग करें तो बरंगवा-अमलाई को स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने का लक्ष्य और तेजी से पूरा किया जा सकता है। डॉ. राज तिवारी ने दोहराया कि नगर परिषद के सभी 15 वार्डों में स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ने के साथ इसे और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। नगर की स्वच्छता ही नगर परिषद की पहली प्राथमिकता है।

# आंगनबाड़ी की... नन्हीं बेटियों ने कलेक्टर की कलाई पर बांधा स्नेह का धागा

**हर्षिता की कविता ने जीता कलेक्टर का दिल,राखी बंधवाकर बेटियों को दिया स्नेह और उपहार**



**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी । सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने निकले कलेक्टर आशीष तिवारी जब विकासखंड कटनी के ग्राम डिठवारा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, तो माहौल कुछ ही पलों में बदल गया। निरीक्षण के बीच नन्हीं बालिकाओं ने कलेक्टर को राखी बांधने की इच्छा जताई। कलेक्टर श्री तिवारी ने भी बड़ी सहजता और आत्मीयता के साथ उनसे राखी बंधवाया।इस छोटे-से पल ने पूरे आंगनवाड़ी केंद्र में अपनत्व की मुस्कान भर दी। कलेक्टर ने बच्चों को लाड़,प्यार और दुलार किया,जिससे बच्चे अत्यंत प्रफुल्लित हो गये। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य,एसडीएम कटनी श्री जितेन्द्र पटेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बीच बच्चों से जुड़े सवाल कलेक्टर श्री तिवारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके दस्तावेजों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती करुणा शुक्ला से केंद्र में आने वाले बच्चों के आधार कार्ड और समग्र आईडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र से जुड़े प्रत्येक बच्चे का आधार कार्ड एवं समग्र आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज पूर्ण होना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा शासन की योजनाओं और सुविधाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर ने बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों, पढ़ाई, मिलने वाले नाश्ता और सुविधाओं के बारे में सहजता से जानकारी ली। हाथी राजा कहाँ चले... और कलेक्टर के चेहरे पर आ गई मुस्कान इसी दौरान कलेक्टर श्री तिवारी की नजर नन्हीं बिटिया हर्षिता राजपूत पर पड़ी। उन्होंने हर्षिता से कविता सुनाने को कहा।हर्षिता ने बिना झिझक अपनी तोतली बोली में पूरे आत्मविश्वास के साथ थी राजा कहाँ चले.... कविता सुनानी शुरू कर दी। नन्हीं बालिका का आत्मविश्वास और उसकी मासूम प्रस्तुति देखकर कलेक्टर श्री तिवारी भी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर्षिता को चॉकलेट देकर उत्साह बढ़ाया। यह पल केवल एक कविता सुनने का नहीं था, बल्कि उसे प्रोत्साहित करने का था, जो किसी बच्चे के व्यक्तित्व की मजबूत नींव बनता है। बन गया भाई-बहन का रिश्ता डिठवारा आंगनवाड़ी में सबसे भावुक क्षण तब आया, जब नन्हीं बालिकाएं संजना राजपूत और हर्षिता राजपूत ने कलेक्टर की कलाई पर राखी बांधी। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्नेहपूर्वक दोनों से राखी बंधवाई और उन्हें चाकलेट और उपहार भेंट कर सभी बच्चों से प्रतिदिन आंगनबाड़ी आने की बात कही।

# जल भराव की समस्या को लेकर गंभीर नहीं नगर प्रशासन

## वार्ड क्रमांक 15 की इंदिरा नगर बस्ती में नाली निर्माण का वर्षों से इंतजार, घरों में घुस रहा बारिश का पानी; कच्चे मकानों पर मंडरा रहा खतरा

**समाज जागरण**

बकहो। नगर परिषद बकहो में बारिश के दौरान होने वाले जल भराव की समस्या को लेकर नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 के अंतर्गत आने वाली इंदिरा नगर बस्ती में बारिश के दौरान स्थिति बेहद खराब हो जाती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात का पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। वहीं लगातार पानी भरने से कच्चे मकानों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है, जिससे स्थानीय रहवासियों में चिंता व्याप्त है। पूरी बस्ती में नहीं बनी नाली स्थानीय लोगों के अनुसार इंदिरा नगर बस्ती में अब तक व्यवस्थित नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। बस्ती से बारिश के पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण लंबे समय से आवश्यक माना जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि हाईवे मुख्य मार्ग से बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर नाली का निर्माण करा दिया जाए तो बारिश के पानी की निकासी काफी हद तक सुचारू हो सकती है। इसके लिए वार्डवासियों द्वारा लगातार मांग किए जाने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। पंप से पानी निकालने की व्यवस्था पर उठे सवाल बारिश के दौरान जब बस्ती में जल भराव की स्थिति निर्मित होती है, तब नगर परिषद द्वारा पंप के माध्यम से पानी निकालने की व्यवस्था किए जाने की बात सामने आती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। उनका कहना है कि पंप लगाकर पानी निकालने के दौरान पानी की निकासी को लेकर भी उचित व्यवस्था नहीं होने पर आसपास के खेतों और घरों की ओर पानी पहुंचने की स्थिति बन जाती है। चार वर्ष बाद भी नहीं हुआ स्थायी समाधान स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के गठन के बाद करीब चार वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन वार्ड क्रमांक 15 की इंदिरा नगर बस्ती में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्या जस की तस बनी हुई है। नागरिकों के अनुसार नगर परिषद के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन और बजट होने के बावजूद जल निकासी जैसी बुनियादी समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। इससे लोगों में नगर प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। निरीक्षण नहीं होने से बढ़ रही परेशानी रहवासियों का यह भी कहना है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता। यदि अधिकारी बारिश के दौरान मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लें तो उन्हें जल भराव के कारण लोगों को होने वाली परेशानियों का प्रत्यक्ष अनुभव हो सकता है। लोगों का कहना है कि घरों में पानी घुसने, रास्तों पर जल भराव होने और कच्चे मकानों को नुकसान की आशंका के बीच उन्हें नारकीय परिस्थितियों में रहना पड़ रहा है। स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग इंदिरा नगर के रहवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि बारिश के दौरान होने वाले जल भराव को केवल पंप के जरिए अस्थायी रूप से दूर करने के बजाय इसका स्थायी समाधान किया जाए। हाईवे मुख्य मार्ग से बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग सहित आवश्यक स्थानों पर नाली निर्माण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए। नागरिकों का कहना है कि मूलभूत सुविधा के रूप में नाली निर्माण होने से बस्ती को हर साल बारिश में होने वाली परेशानी से राहत मिल सकती है।

# किरगी जल प्रदाय योजना में ठेकेदार की हिटलरशाही बदस्तूर जारी

**हक मांगने पर आदिवासी पंप ऑपरेटरों को बनाया बंधक कोरे स्टांप व नोटरी पर कराए जबरन हस्ताक्षर**




**समाज जागरण**

अनूपपुर। किरगी जल प्रदाय योजना में कार्यरत आदिवासी श्रमिकों द्वारा न्यूनतम मजदूरी, बकाया वेतन और पीएफ की मांग करने पर कंपनी प्रबंधन द्वारा उन्हें बंधक बनाकर डराने-धमकाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि 29 अगस्त को कार्यालय में 9 आदिवासी पंप ऑपरेटरों को कई घंटों तक बंधक रखकर ₹50 के स्टांप पेपर एवं अन्य दस्तावेजों पर जबरन दस्तखत कराए गए है। नौकरी से निकालने की धमकी देकर मनमाने तरीके से नोटरी कराने की तैयारी की जा रही थी जिसमें 2 पंप ऑपरेटरो के जबरन हस्ताक्षर करवाए गए है, जिसे लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाई गई है।मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत राजेंद्रग्राम क्षेत्र में किरगी जल प्रदाय योजना के तहत वर्ष 2018 से सेवाएं दे रहे आदिवासी श्रमिकों का शोषण लगातार गहराता जा रहा है। जब श्रमिकों ने संगठित होकर अपने विधिक अधिकारों, न्यूनतम वेतन और ओवरटाइम भुगतान के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया, तो निजी कंपनी के जिम्मेदारों ने वैधानिक समाधान निकालने के बजाय दमनकारी रास्ता अख्तियार कर लिया है। 29 अगस्त 2026 को दोपहर 1 से 4 बजे के बीच श्रमिकों को योजना कार्यालय में बुलाकर कमरे में बंधक जैसी स्थिति में रखा गया। आरोप है कि प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों ने कमजोर आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि का फायदा उठाकर दबाव बनाया और नौकरी छीनने का भय दिखाकर सादे स्टांप पर हस्ताक्षर करवाए है। इस सुनियोजित कृत्य के जरिए कंपनी भविष्य में श्रमिकों की आवाज दबाने और जाली दस्तावेज तैयार करने की फिराक में है, जिससे पूरे क्षेत्र और मजदूर संगठन में रोष व्याप्त है। हक की मांग पर दफ्तर में बंधक बनाकर डराने का आरोप किरगी जल प्रदाय योजना में वर्षों से सेवा दे रहे 9 आदिवासी श्रमिकों ने जब अपने बकाया वेतन और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई, तो उन्हें समाधान देने के बजाय प्रताड़ित किया गया है। 29 अगस्त को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक उन्हें किरगी कार्यालय में जबरन रोककर रखा गया था। अधिकारियों ने बंद कमरे में दबाव बनाते हुए स्पष्ट धमकी दी कि यदि उन्होंने विरोध बंद नहीं किया तो उन्हें तत्काल नौकरी से बेदखल कर दिया जाएगा। ₹50 के स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर और नोटरी करवा कूटरचना की आशंका कार्यालय में बंधक बनाए गए श्रमिकों से बिना किसी विधिक प्रक्रिया और सहमति के ₹50 के स्टांप पेपर तथा पीएफ दस्तावेजों पर जबरिया दस्तखत करवाए गए है। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें इन कागजातों की सामग्री पढ़ने तक नहीं दी गई है। उन्हें गंभीर अंदेशा है कि इन हस्ताक्षरित स्टांप पेपरों पर कंपनी मनगढ़ंत शर्तें जोड़कर कूटरचित अनुबंध या घोषणा पत्र तैयार करेगी, जिससे भविष्य में उनके वैधानिक श्रम अधिकारों का पूरी तरह हनन हो जाएगा। गैरकानूनी तरीके से नोटरी कराने की तैयारी में निजी कंपनी शिकायत में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि श्रमिकों से दबाव में लिए गए हस्ताक्षरों के आधार पर कंपनी प्रबंधन अब अवैध तरीके से जबरन दबाव डाल कर नोटरी करवाने के प्रयास में जुटा है जिसमें 2 पंप ऑपरेटरो से अभी तक दबाव में हस्ताक्षर करवा लिए गए है। बिना श्रमिकों की उपस्थिति और स्वतंत्र सहमति के इन दस्तावेजों को कानूनी जामा पहनाने की साजिश रची जा रही है। पीड़ितों ने पुलिस से मांग की है कि किसी भी प्रकार की फर्जी नोटरी और छेड़छाड़ की निष्पक्ष जांच हो तथा मूल स्टांप पेपर को तुरंत जब्त किया जाए। आदिवासी श्रमिकों की मजबूरी का फायदा उठाकर दोहरा शोषण पीड़ित पंप ऑपरेटर अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से आते हैं और बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से संघर्ष कर रहे हैं। ठेकेदार कंपनी प्रबंधन द्वारा उनकी इसी लाचारी का अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि उनकी जातिगत और सामाजिक स्थिति को निशाना बनाकर लगातार अपमानित किया गया और डराया-धमकाया गया है। इस मामले में पुलिस से मांग की गई है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी सख्त जांच की जाए और कार्यवाही की जाए। पुलिस से एफआईआर, मूल दस्तावेज जब्ती और सुरक्षा की मांग श्रमिकों ने राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी को विस्तृत लिखित आवेदन सौंपकर बीएनएस (BNS) और संबंधित श्रम कानूनों के तहत तत्काल एफ आईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ितों ने जबरन हस्ताक्षरित ₹50 के मूल स्टांप पेपर को तुरंत पुलिस अभिरक्षा में लेने और सभी श्रमिकों के पृथक बयान दर्ज करने का आग्रह किया है। साथ ही शिकायत के बाद कंपनी या ठेकेदार द्वारा काम से निकाले जाने और अन्य प्रताड़ना से विधिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# शहडोल में अवैध प्लाटिंग के आरोप, प्रशासन की जांच पर टिकी निगाहें

**समाज जागरण**

शहडोल। शहर के विस्तार के साथ ही सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों की कथित प्लाटिंग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पटेल नगर, गोरतरा सहित कई इलाकों में कृषि एवं ग्रामीण भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर बेचने की शिकायतें सामने आने की चर्चा है। स्थानीय स्तर पर कुछ व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम भी सामने बताए जा रहे हैं, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग से होना बाकी है। नागरिकों का कहना है कि जमीन पर प्लाटिंग से पहले भू-उपयोग, डायवर्सन, कॉलोनी विकास अनुमति और स्वीकृत ले-आउट जैसी प्रक्रियाओं का पालन आवश्यक है। इसके अलावा सड़क, नाली, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी नियमानुसार होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर से लगे क्षेत्रों में चल रही प्लाटिंग की व्यापक जांच कराई जाए। उनका कहना है कि केवल राजस्व रिकॉर्ड की जांच के बजाय मौके का भौतिक सत्यापन भी कराया जाना चाहिए। सबसे बड़ी चिंता उन खरीदारों को लेकर है, जो अपनी जीवनभर की कमाई लगाकर प्लॉट खरीदते हैं। बाद में स्वामित्व, रास्ते या विकास संबंधी विवाद होने पर उन्हें परेशानी उठानी पड़ सकती है। अब लोगों की निगाह जिला प्रशासन की जांच और संभावित कार्रवाई पर है।

# विहिप की जिला योजना बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। विश्व हिंदू परिषद सोनभद्र जिले की योजना बैठक रविवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित होटल सूर्या में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस, हित चिंतक अभियान, दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम तथा श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय ने बताया कि सोनभद्र जिले में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के



अवसर पर 38 बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 250 स्थानों पर छोटे कार्यक्रम किए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा जिले के 39 स्थानों पर दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किए जाएंगे। वहीं, जिले में 51 हजार हित चिंतक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समापन सत्र में प्रांत के सह मंत्री एवं सोनभद्र विभाग के पालक सत्य प्रकाश सिंह ने बजरंग दल की टोली, मिलन, बलोपासना, गौ रक्षा, संतों की सूची तैयार करने तथा मंदिरों के अर्चक एवं पुरोहितों की सूची तैयार करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने वंदे भारत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यात्रा निकालने, सेवा कार्यों का विस्तार करने, रामायण परीक्षा एवं सत्संग विस्तार योजना तथा महर्षि वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रमों के संबंध में भी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रांत के उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, प्रांत के सह गौरक्षा प्रमुख सत्य प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री नरेंद्र जी, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी रिंकू खरवार सहित जिले एवं विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री हरिशंकर वर्मा ने किया।

# विद्यालय में बच्चों से ईंट ढुलवाने के मामले में प्रधानाध्यापिका पर कार्रवाई

## एक वार्षिक वेतनवृद्धि तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध, विद्यालय अवधि में बच्चों पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश

समाज जागरण/
डॉ अरूण पांडेय "गुरूजी"



सोनभद्र। सोशल मीडिया पर दिनांक 27 अगस्त 2026 को प्रसारित वीडियो के संज्ञान में आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय पुरनाकलां, विकास खण्ड घोरावल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती माण्डवी कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्रसारित वीडियो में विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से विद्यालय की टूटी हुई बाउण्ड्री के निर्माण कार्य के लिए ईंट ढुलवाए जाने का मामला सामने आया था। प्रकरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापिका को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्रधानाध्यापिका द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण में बताया गया कि विद्यालय की लगभग 10 फीट चहारदीवारी अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दी गई थी, जिसकी मरम्मत के लिए दो मजदूर एवं एक राजगीर मिस्त्री लगाए गए थे। विद्यालय के अतिरिक्त कक्षा-कक्ष में रखी ईंटों को मजदूरों द्वारा निकाला जा रहा था। इसी दौरान कुछ बच्चे स्वयं ईंट ढोने लगे, जिन्हें देखकर प्रधानाध्यापिका द्वारा तत्काल कक्षा-कक्ष में बुला लिया गया। प्रस्तुत स्पष्टीकरण के परीक्षण के उपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पाया कि शिक्षण कार्य के दौरान बच्चों का कक्षा-कक्ष से बाहर होना तथा उन पर प्रभावी नियंत्रण न रहना कार्य एवं दायित्व के प्रति शिथिलता का द्योतक है। इस पर श्रीमती माण्डवी कुमारी, प्रधानाध्यापिका, प्राथमिक विद्यालय पुरनाकलां, विकास खण्ड घोरावल की एक वार्षिक वेतनवृद्धि तत्काल प्रभाव से अवरुद्ध कर दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया है कि विद्यालय अवधि में बच्चों पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए, तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने दी जाए। अन्यथा की स्थिति में कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाध्यापिका की होगी।

# राखड़ के दबाव से शांतिनगर में घर पर मंडराया खतरा, बारिश का पानी घुसने से घर में रखा सामान खराब

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार




बीजपुर/ सोनभद्र। शांतिनगर निवासी राजकेश्वर के घर में बारिश का पानी घुसने से घर में रखा सामान भीगकर खराब हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि घर के आसपास बड़ी मात्रा में राखड़ पाटे जाने के कारण पानी की प्राकृतिक निकासी प्रभावित हो गई है। बारिश के दौरान पानी की निकासी नहीं हो पाने से पानी घर के अंदर पहुंच गया। राजकेश्वर के अनुसार, एनटीपीसी रिहंद की ओर से राखड़ को नाला तक पाटे जाने की बात कही गई थी, लेकिन राखड़ घर तक पहुंचा दिया गया। उनका कहना है कि राखड़ पाटे जाने के बाद समय रहते उसके ऊपर मिट्टी की पर्याप्त परत नहीं डाली गई, जिसके कारण बारिश का पानी राखड़ के रास्ते घर की ओर आने लगा। पीड़ित ने बताया कि राखड़ लगातार जमा होने से घर के आसपास दबाव बढ़ रहा है। इससे मकान की नींव और दीवारों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते राखड़ और पानी की निकासी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मकान के गिरने की भी आशंका है। राजकेश्वर के मुताबिक, उन्होंने समस्या को लेकर एनटीपीसी से मदद मांगी, लेकिन उन्हें लेखपाल के पास जाने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि राखड़ पाटे जाने के बाद यदि समय रहते मिट्टी की परत डाल दी जाती और पानी की उचित निकासी की व्यवस्था होती तो शायद यह स्थिति नहीं बनती। पीड़ित ने प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन से मौके का निरीक्षण कराकर राखड़ की स्थिति की जांच, मिट्टी की परत डलवाने, जल निकासी की व्यवस्था कराने तथा मकान को संभावित नुकसान से बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन, फर्द चालानी, केस डायरी, बेला/जमानत सत्यापन एवं रिमाण्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त न्यायालय पैरोकार, शाखा प्रभारी, मॉनिटरिंग सेल, जमानत सत्यापन सेल एवं रिट सेल के साथ ऑपरेशन कन्विक्शन, फर्द चालानी, केस डायरी, बेला/जमानत सत्यापन एवं रिमाण्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण भी मौजूद रहे। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए प्रचलित प्रकरणों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा न्यायालय से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी, फर्द चालानी एवं केस डायरी से संबंधित कार्यवाही, बेला/जमानत सत्यापन तथा रिमाण्ड से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि न्यायालय से संबंधित समस्त कार्यवाहियों में समयबद्धता, शुद्धता एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

# ओबरा पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करते हुए अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर सोनभद्र अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा सोनभद्र श्री प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना ओबरा सदानन्द राय के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 181/2026 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद करते हुए अभियुक्त राहुल पुत्र रंजीत, निवासी सेक्टर-10, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष को आज दिनांक 30.08.2026 को समय करीब 09.40 बजे ओबरा डैम स्टेशन के पीछे वाली रोड से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण- दिनांक 30.08.2026 को आवेदिका द्वारा थाना ओबरा पर एक लिखित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि उनकी नाबालिग पुत्री को दिनांक 26.08.2026 को समय करीब 18.30 बजे अभियुक्त राहुल पुत्र रंजीत स्वीपर, निवासी सेक्टर-10, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 22 वर्ष द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। उक्त प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 181/2026, धारा 137(2) बीएनएस बनाम राहुल उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह दिनांक 26.08.2026 को नाबालिग बालिका को शादी करने की बात कहकर बहला-फुसलाकर अपने साथ प्रयागराज ले गया था, जहां नैनी रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अर्पित लॉज में कमरा लेकर करीब 03 दिन तक रहा। अभियुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि उसे जानकारी हुई कि बालिका की माता द्वारा उसके विरुद्ध थाना ओबरा पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है, जिसके बाद वह बालिका को वापस छोड़कर स्वयं बाहर जाने की फिराक में था, तभी आप लोगों द्वारा मुझे पकड़ लिया गया।

# थाना रॉबर्ट्सगंज के PRV-8503 द्वारा लावारिस अवस्था में मिली वृद्ध महिला को वृद्धाश्रम छपका में कराया दाखिल

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। आज दिनांक 30.08.2026 को प्रातः समय लगभग 07:34 बजे PRV-8503 को सूचना प्राप्त हुई कि एक वृद्ध महिला, जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष है, अपना नाम एवं पता बताने में असमर्थ है। सूचना प्राप्त होने पर PRV-8503 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर वृद्ध महिला को अपने संरक्षण में लिया गया तथा महिला आरक्षी की सहायता से आवश्यक कार्यवाही की गई। वृद्ध महिला के परिजनों की जानकारी प्राप्त न होने के कारण आज दिनांक 30.08.2026 को समय लगभग 13:00 बजे उसे वृद्धाश्रम छपका, सोनभद्र में सुरक्षित रूप से दाखिल कराया गया। उक्त वृद्ध महिला के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह महिला के परिजनों को जानता हो, तो थाना रॉबर्ट्सगंज के CUG नंबर 9454404286 अथवा क्षेत्राधिकारी नगर के CUG नंबर 9454401595 पर तत्काल सूचना दें। सोनभद्र पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील है कि उक्त वृद्ध महिला की पहचान अथवा उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# थाना ओबरा में पुलिसकर्मियों को फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण

थाना ओबरा में फायर सर्विस चोपन द्वारा पुलिसकर्मियों को अग्निशमन उपकरणों की दी गई जानकारी, कराया गया फायर फाइटिंग रिहर्सल

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। फायर सर्विस चोपन के कर्मचारियों द्वारा थाना ओबरा पहुंचकर अधिकारी एवं कर्मचारीगण को अग्निशमन उपकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान फायर सर्विस कर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार के फायर फाइटिंग उपकरणों के संचालन एवं उपयोग की जानकारी देते हुए आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों एवं त्वरित बचाव उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को आग बुझाने का व्यावहारिक रिहर्सल कराया गया, जिससे आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में पुलिसकर्मी तत्परता एवं कुशलता के साथ राहत एवं बचाव कार्य कर सकें। इस प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों के सही एवं सुरक्षित उपयोग, आग लगने के संभावित कारणों तथा आपात स्थिति में समन्वित रूप से कार्रवाई किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जनसुरक्षा एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# थाना दुद्धी पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के



विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-74/2019, धारा 354अ, 452, 506 IPC से संबंधित वारण्टी अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र बाबूलाल खरवार निवासी ग्राम सुन्दरी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को दिनांक 29.08.2026 को समय करीब 21:00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर आज दिनांक 30.08.2026 को माननीय न्यायालय सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# थाना रॉबर्ट्सगंज के परिवार परामर्श केंद्र की प्रभावी पहल : 05 प्रकरणों की सुनवाई, 04 मामलों में आपसी सहमति से सुलह

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई महिला थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज की अध्यक्षता में की गई। कुल 05 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें दोनों पक्षों को उपस्थित कराकर काउंसलिंग एवं आपसी संवाद की प्रक्रिया अपनाई गई। सुनवाई एवं विस्तृत परामर्श के उपरांत प्राप्त 04 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति स्थापित कर सुलह-समझौता कराया गया, जिससे संबंधित परिवारों में पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ। इसके अतिरिक्त 01 प्रकरणों में आवश्यक काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों को अग्रिम तिथि प्रदान की गई। महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

# थाना शक्तिनगर पुलिस ने 05 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण/ अकबर अली



शक्तिनगर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में एवं प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित/वारण्टी अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.08.2026 को 05 नफर वारण्टी/अभियुक्त को थाना शक्ति नगर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार वारण्टी/अभियुक्त 1. विनोद बैगा पुत्र लालता प्रसाद निवासी चिल्काटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष, 2. पप्पू कोल पुत्र बाबूराम कोल निवासी चिल्काटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष, 3. लालबाबू कोल पुत्र राम भजन निवासी चिल्काटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष, 4. महेश बैगा पुत्र राम खेलावन निवासी चिल्काटाड़ थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष, 5. पप्पू पनिका पुत्र मंगल पनिका निवासी जमशीला थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष।

# महुली में NH-77 का ओवरहेड दिशा-सूचक बोर्ड बीच से टूटा, प्रेम शंकर यादव ने वीडियो बनाकर किया उजागर

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र

महुली/दुद्धी/ सोनभद्र। सोनभद्र जिले के दुद्धी तहसील अंतर्गत महुली बाजार NH-77 पर लगा बड़ा ओवरहेड दिशा-सूचक बोर्ड बीचों-बीच टूट कर लटक गया है, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कत हो रही है। ग्राम सभा फुलवार के जागरूक नागरिक प्रेम शंकर यादव ने इस टूटे बोर्ड का वीडियो बनाकर प्रशासन और मीडिया का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। प्रेम शंकर यादव ने बताया कि यह बोर्ड डाल्टनगंज 106 किमी, महुली 00, गढ़वा 5 किमी, नगर 19 किमी और विंढमगंज-रांची मार्ग की दूरी बताता है। बोर्ड के बीच से फट जाने के कारण अक्षर पढ़े नहीं जा रहे और बोर्ड कभी भी सड़क पर गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। प्रेम शंकर यादव ने बताया कि -"मैं रोज इसी रास्ते से गुजरता हूँ। ये बोर्ड काफी दिन से टूटा पड़ा है। बाहर से आने वाले यात्रियों को रास्ता समझ नहीं आता। इसलिए, मैंने इसका वीडियो बनाकर सभी को दिखाया ताकि जल्द से जल्द इसकी मरम्मत हो सके।" स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस बोर्ड को तत्काल ठीक कराया जाए।



# मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण को मिली प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति

जामपानी, दुद्धी में 25.28 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आधुनिक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय

विद्यालय निर्माण के लिए प्रथम किश्त के रूप में 8.85 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत



समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। शासन द्वारा जनपद सोनभद्र की तहसील दुद्धी के ग्राम जामपानी में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने बताया कि इस परियोजना के लिए शासन स्तर पर 25 करोड़ 28 लाख 08 हजार रुपये की स्वीकृत लागत निर्धारित की गई है, जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 35 प्रतिशत धनराशि, अर्थात 8 करोड़ 84 लाख 82 हजार 800 रुपये अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे विद्यालय के निर्माण कार्य को गति मिलेगी तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय का निर्माण कार्य शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) के माध्यम से कराया जाएगा। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण से दुद्धी क्षेत्र में विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण, बेहतर आधारभूत सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

# जौराई बुग्याल में दिखा आस्था और पहाड़ी लोक संस्कृति का अनूठा संगम

उत्तरकाशी के स्याबा क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच जीवंत हैं पौराणिक परंपराएं

उत्तरकाशी, 30 अगस्त। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी विकासखंड के स्याबा क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध जौराई बुग्याल इन दिनों आस्था, पौराणिक मान्यताओं और पहाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति के अनूठे संगम का प्रतीक बना हुआ है। हिमालय क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित यह बुग्याल स्थानीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। जौराई बुग्याल में पहुंचने वाले लोगों को यहां प्रकृति, आस्था और लोक जीवन का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। पहाड़ों की शांत वादियों और हरे-भरे बुग्यालों के बीच स्थानीय मान्यताएं आज भी लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बनी हुई हैं। पौराणिक मान्यताओं से जुड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों के लिए जौराई बुग्याल केवल प्राकृतिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र भी माना जाता है। यहां पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं और मान्यताओं के कारण इस क्षेत्र का सांस्कृतिक महत्व और बढ़ जाता है। बुग्याल क्षेत्र में आयोजित होने वाली पारंपरिक गतिविधियां और धार्मिक आयोजन पहाड़ की लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रकृति और संस्कृति का खूबसूरत मेल जौराई बुग्याल की विशेषता यहां का प्राकृतिक परिवेश भी है। विशाल पर्वतीय क्षेत्र, हरी घास के मैदान और शांत वातावरण इसे आकर्षक बनाते हैं। प्रकृति के बीच स्थानीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की मौजूदगी इस क्षेत्र को विशिष्ट पहचान देती है। उत्तरकाशी के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी लोक परंपराएं आधुनिकता के साथ अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं। जौराई बुग्याल इसका एक सुंदर उदाहरण है। पर्यटन की संभावनाएं आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण जौराई बुग्याल में धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन की भी व्यापक संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र के लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकते हैं। जौराई बुग्याल उत्तरकाशी की उस समृद्ध विरासत को सामने लाता है, जहां हिमालय की प्रकृति, लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था एक-दूसरे से जुड़कर पहाड़ की विशिष्ट पहचान बनाती हैं।

# बिस्किट का लालच देकर 5 वर्षीय बच्ची को घर ले गया नाबालिग, दुष्कर्म का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



टाउन थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप का मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, पड़ोस में रहने वाला 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बिस्किट खिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया था। करीब एक घंटे बाद बच्ची के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में बच्ची आरोपी के घर से मिली।

घर पहुंचने पर बच्ची की हालत देखकर परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। परिजनों का आरोप है कि बच्ची के साथ गलत हरकत की गई, जिसके बाद उसके निजी अंग से रक्तस्राव हुआ। अस्पताल में बच्ची का इलाज और चिकित्सकीय जांच जारी है।

**एक घंटे तक नहीं लौटी तो परिजनों ने शुरू की तलाश**

बच्ची के पिता के अनुसार, रविवार सुबह वह मजदूरी के लिए घर से बाहर गए थे, जबकि मां घरेलू काम में व्यस्त थीं। करीब नौ बजे बच्ची खेलते हुए घर से बाहर निकली। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस का 12 वर्षीय नाबालिग उसे बिस्किट देने की बात कहकर अपने घर ले गया।

बच्ची के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर मां ने आसपास तलाश की। पूछताछ के दौरान उसके आरोपी के घर में होने की जानकारी मिली। परिजन वहां पहुंचे और बच्ची को घर लाकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

**पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में लिया**

पुलिस ने मामले में नाबालिग को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चिकित्सकीय जांच रिपोर्ट, बच्ची के बयान और परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग की उम्र 12 वर्ष होने के कारण उसके खिलाफ किशोर न्याय कानून के प्रावधानों के तहत कार्रवाई होगी।

# पटना के फतुहा में दो टेम्पो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के नदी थाना क्षेत्र के जेठुली स्थित उमेश चाय दुकान के पास रविवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ दो तेज रफ्तार टेम्पो के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर भारी अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृत महिला की पहचान निर्मला देवी (31 वर्ष), पत्नी - दीपक कुमार, निवासी ग्राम माधोपुर, थाना दीदारगंज (पटना) के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जेठुली में उमेश की चाय दुकान के समीप दो टेम्पो आपस में अनियंत्रित होकर जोरदार तरीके से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नदी थाना पुलिस तुरंत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) भेज दिया है। साथ ही, इस घटना की दुखद सूचना मृतका के परिजनों को भी दे दी गई है, जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के शुरूआती अनुसंधानों के अनुसार, यह हादसा दो वाहनों की आपसी टक्कर के कारण हुआ है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने और इसमें शामिल वाहन व चालकों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है और चालकों की तलाश जारी है।

# पटना के बाढ़ में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से चार युवकों की मौत, इलाके में मचा हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बेढ़ना गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीली शराब पीने से चार युवकों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है और स्थानीय पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक रूप से जहरीली शराब से मौत की पुष्टि नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच बेढ़ना गांव के चार युवक एक साथ बैठकर पार्टी कर रहे थे। कुछ ही देर बाद अचानक उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी, उनके मुंह से झाग निकलने लगा और वे अहोश की स्थिति में पहुंच गए। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में उन्हें पहले बाढ़ के एक स्थानीय निजी क्लिनिक और फिर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अनुमंडलीय अस्पताल की चिकित्सक डॉ. श्रेया शेखर ने बताया कि युवकों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत पटना के पीएमसीएच (PMCH) रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई। इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले चारों युवक बेढ़ना गांव के ही रहने वाले थे। मृतकों की पहचान शशि कुमार (आयु 32 वर्ष), विकास राम (आयु 40 वर्ष), पंकज सिंह (आयु 45 वर्ष), निशु कुमार (आयु 30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार और बाढ़ अनुमंडलीय डीएसपी आयुष श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान घटनास्थल से शराब की खाली बोतलें, स्नैक्स, प्लास्टिक गिलासों में बने पैग और 'फ्रूटी' शैली में आने वाली अवैध शराब का खाली डिब्बा बरामद किया गया है। साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने चारों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर राज्य में शराबबंदी के बीच अवैध शराब के कारोबार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पटना के दुल्हिन बाजार में देशी कट्टा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के इचीपुर ओपी क्षेत्र के सोनियावां गांव में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। हाल ही में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक मारपीट की घटना के मुख्य प्राथमिकी अभियुक्त सुदर्शन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर घर से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। बीते 29 अगस्त 2026 को सोनियावां गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर हिंसक झड़प और मारपीट हुई थी। इस घटना के बाद दुल्हिनबाजार थाने में त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 336/26 दर्ज किया गया था और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

पालीगंज एसडीपीओ-2 पंकज कुमार शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पश्चिमी सिटी एसपी के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था। इसी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सुदर्शन यादव को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने आरोपी सुदर्शन यादव से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखने की बात स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने उसके घर पर दोबारा छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने उसके घर से 01 देशी कट्टा, 02 जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद की है। अवैध हथियार और कारतूस बरामद होने के बाद दुल्हिनबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक और नया मामला (कांड संख्या 339/26) दर्ज कर लिया है। अब पुलिस सुदर्शन यादव के खिलाफ पुरानी मारपीट की प्राथमिकी के साथ-साथ आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत भी कठोर कानूनी कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस सभी आवश्यक कागजी प्रक्रिया और अग्रिम कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की तैयारी में जुटी हुई है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# पटना के बिहटा में सोन नदी के दियारा में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़

## एक बदमाश के पैर में लगी गोली, एसआई भी घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के परेव इलाके में रविवार की सुबह सोन नदी के दियारा क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ का मामला सामने आया है। इस दौरान दोनों तरफ से कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक कुख्यात अपराधी के पैर में गोली लग गई, जबकि अपराधियों की गोलीबारी में बिहटा थाने के एसआई राजू कुमार सिंह भी घायल हो गए। घायल पुलिस अधिकारी और अपराधी दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोन नदी के रास्ते नावों का संचालन करने वाले नाविकों से कुछ अपराधी जबरन रंगदारी वसूल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की सत्यता की पुष्टि की और अपराधियों को धर दबोचने के लिए परेव क्षेत्र में जाल बिछाया। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, खुद को घिरता देख अपराधियों ने पुलिस बल पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से चली गोलियों से कुछ देर के लिए इलाके में सनसनी फैल गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुए अपराधी की पहचान अवनीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अवनीश पुलिस के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल है और वह बहुचर्चित एके-47 से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। वहीं, दूसरी ओर मुठभेड़ के दौरान एसआई राजू कुमार सिंह की बांह को छूकर एक गोली निकल गई, जिससे वे जख्मी हो गए। इसके अलावा थानाध्यक्ष अमित कुमार के भी घायल होने की प्रारंभिक सूचना है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पटना पश्चिमी सिटी एसपी संकेत कुमार और डीएसपी अमरेंद्र कुमार तुरंत दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे इलाके का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल की तलाशी के दौरान एक अवैध पिस्टल समेत अन्य हथियार और वारदात में प्रयुक्त एक नाव को जब्त कर लिया है। घटना के बाद सोन नदी और आसपास के घाटों पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है तथा फरार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# पटना सिटी में गंगा स्नान के दौरान डूबे युवक की तलाश जारी पारिवारिक कलह में कूदने की आशंका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खाजेकलां थाना क्षेत्र के खाजेकलां घाट के समीप रविवार को गंगा नदी के बढ़े जलस्तर और उफान के बीच स्नान करने गए एक 41 वर्षीय युवक के डूबने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना के बाद से इलाके में कोहराम मचा हुआ है और प्रशासनिक स्तर पर गोतखोरों व एसडीआरएफ (रऊअफ) की टीम द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूल रूप से पीड़ित परिवार खाजेकलां थाना क्षेत्र के मीतन घाट मोहल्ले में किराए पर रहता है। लापता युवक की पहचान 41 वर्षीय चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है, जो रविवार को खाजेकलां और सीता घाट के बीच गंगा नदी में स्नान करने उतरे थे। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से वे डूब गए। घटना की भनक लगते ही परिजन रोते-बिलखते घाट पर पहुँचे और स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही खाजेकलां थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा दल-बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बिना देर किए राज्य आपदा अनुक्रिया बल (रऊअफ) की विशेष टीम को बुलाया, जो गंगा की तेज धाराओं में डूबे युवक के शव की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर खोजबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने प्रारंभिक पूछताछ के हवाले से बताया कि शुरूआती जाँच में यह बात सामने आ रही है कि पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने कथित तौर पर गंगा में छलांग लगाई है। फिलहाल पुलिस गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढने का प्रयास कर रही है। इसी घाट से जुड़ा एक अन्य मामला साझा करते हुए थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा ने बताया कि शनिवार की रात भी खाजेकलां घाट के पास एक युवक अपने परिवार से झगड़ा करने के बाद आत्महत्या की नीयत से पहुँचा था। हालांकि, परिजनों द्वारा समय पर सूचना दिए जाने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को सुरक्षित बचा लिया और काउंसलिंग कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जाँच कर रही है।

# पटना के दुल्हिन बाजार में बंद मार्केट का ताला काटकर लाखों की चोरी दुकानदारों में बढ़ा आक्रोश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय बाजार से गुजरने वाले शहर रामपुर मुख्य पथ पर शनिवार देर रात चोरों ने एक बंद कमर्शियल मार्केट को अपना निशाना बनाया। चोरों ने आधुनिक उपकरणों की मदद से तालों को काटकर लाखों रुपये के कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस बड़ी चोरी की घटना से स्थानीय व्यवसायियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना का खुलासा रविवार की सुबह हुआ, जब दैनिक कार्यों के लिए दुकानदार और मार्केट मालिक अपनी दुकानें खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि मार्केट का मुख्य गेट का ताला कटा हुआ है और अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त होकर बिखरा पड़ा है। पीड़ित गृहस्वामी एवं मार्केट मालिक गणेश कुमार ने बताया कि इस इमारत में कई कारोबार संचालित होते हैं। उनके मार्केट के भीतर एक किराना दुकान, बाइक मिस्त्री एवं पार्ट्स की दुकान, डेकोरेशन और पंडाल सामग्री का गोदाम, तथा एक कोचिंग संस्थान चलता है। चोरों ने शातिर तरीके से मशीन का इस्तेमाल कर विभिन्न कमरों के ताले तोड़े और अंदर रखी कीमती सामग्री, एलईडी टीवी तथा गल्ले में रखे नकद रुपये चुरा ले गए। मुख्य प्रवेश द्वार से ही चोरों के अंदर आने के निशान मिले हैं। इस इलाके में लगातार बढ़ रही चोरी और आपराधिक वारदातों से व्यापारियों का सब्र टूटता जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित गणेश कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।

प्रशासनिक सुस्ती और खुलासे में हो रही देरी के कारण स्थानीय लोगों और दुकानदारों में पुलिस प्रशासन के प्रति भी गहरा रोष देखा जा रहा है। फिलहाल, पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है और मामले की गहनता से तफ्तीश कर रही है।

# पटना के मसौढ़ी में टोका फंसाकर खेत की पटवन करना पड़ा महंगा किसान पर 56 हजार का जुमार्ना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी उपमंडल अंतर्गत भगवानगंज थाना क्षेत्र के रोहिलापर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। बिजली विभाग की टीम ने चेकिंग के दौरान एक किसान को अवैध रूप से टोका फंसाकर मोटर चलाते और खेत की पटवन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस मामले में किसान के खिलाफ भगवानगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, साथ ही विभाग ने उन पर 56,562 रुपये का भारी-भरकम जुमार्ना भी लगाया है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-1 के कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। यह टीम रोहिलापर गांव में कृषि परिसरों की जांच कर रही थी।

जांच के दौरान यह पाया गया कि गांव के ही रहने वाले रामजी प्रसाद (आयु 55 वर्ष) बिना किसी वैध बिजली मीटर के एलटी (LT) लाइन में सीधे टोका फंसाए हुए थे। वे सर्विस तार के माध्यम से दो हॉर्सपावर (2 HP) का मोटर चलाकर अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। विभाग ने इसे सीधे तौर पर बिजली की चोरी माना है। कनीय विद्युत अभियंता के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी किसान रामजी प्रसाद के खिलाफ भगवानगंज थाने में बिजली चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा, विभाग ने नियमों के उल्लंघन और राजस्व नुकसान को लेकर उन पर 56,562 रुपये का जुमार्ना ठोका है।

बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस तरह की सख्त कार्रवाइयों से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# नबीनगर: फरार चल रहे अजमानती वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने अजमानती वारंट में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के झरी धनाव गांव निवासी प्रिंस कुमार सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि एसआई जितेंद्र कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के साथ छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पटना के जगनपुरा मोड़ के पास लावारिस मिली चोरी की स्कूटी

## एचएचडी मशीन से हुआ खुलासा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना / के जगनपुरा मोड़ के पास पिछले कई दिनों से लावारिस हालत में खड़ी एक स्कूटी की जब पुलिस ने डिजिटल तकनीक (HHD मशीन) की मदद से जाँच की, तो वह चोरी की निकली। पुलिस की इस तत्परता से वाहन मालिक को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। मिली जानकारी के अनुसार, जगनपुरा मोड़ के पास एक स्कूटी काफी दिनों से लावारिस अवस्था में पड़ी हुई थी। इस संदिग्ध वाहन पर जब यातायात पुलिस की नजर पड़ी, तो पुलिसकर्मियों ने तुरंत हैंडहेल्ड डिवाइस (HHD) मशीन की मदद से उस स्कूटी के नंबर की जाँच की। जाँच के दौरान जो सच सामने आया, उसने पुलिस को भी चौंका दिया। बरामद की गई स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नंबर BR01DX3675 है। जब पुलिस ने इसका रिकॉर्ड खंगाला, तो पता चला कि यह स्कूटी गत 22 अगस्त 2026 की रात को ही चोरी हो चुकी थी। इस वाहन की चोरी को लेकर पहले से ही पत्रकार नगर थाने में एफआईआर संख्या 375/26 दर्ज है। वाहन के चोरी का होने की पुष्टि होते ही यातायात पुलिस ने बिना देर किए वायरलेस (PIR) के माध्यम से इसकी सूचना तुरंत संबंधित थाने और अन्य पुलिस इकाइयों को दी। इसके बाद बरामद स्कूटी को आवश्यक कानूनी और कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पत्रकार नगर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने इस सफलता के बाद बताया कि शहर की सड़कों पर लावारिस या संदिग्ध अवस्था में खड़े वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आम नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा और वाहन चोरी जैसी वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस लगातार पूरी तरह सक्रिय और मुस्तैद है।




# पटना सिटी में गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

## दूसरे मामले में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ सिटी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने मादक पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। मेहंदीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक गांजा तस्कर को रंगे हाथों दबोच लिया, जबकि आलमगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। मेहंदीगंज थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र के रानीपुर मोर्चा मोहल्ला में अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मोहल्ले में छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने अरुण राय उर्फ बनठा नामक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर के पास से पुलिस ने 1 किलो 144 ग्राम गांजा और अवैध कारोबार में इस्तेमाल होने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है और इस अवैध धंधे में संलिप्त अन्य कारोबारियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। दूसरी ओर, अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आलमगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी कर कुल 42.66 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत नया कांड दर्ज कर लिया गया है और जब्ती की आगे की प्रक्रिया पूरी करते हुए शराब तस्करों की पहचान की जा रही है। पुलिस की इस दोहरी कार्रवाई से अपराधियों और तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# पटना के खगौल में केंद्रीय विद्यालय का सह उपायुक्त पूर्णेंदु मंडल ने किया पैनल निरीक्षण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना / केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय पटना के निदेर्शानुसार शनिवार को केंद्रीय विद्यालय खगौल में शैक्षणिक सत्र 2026झ27 के अंतर्गत पैनल निरीक्षण किया गया। सह उपायुक्त पूर्णेंदु मंडल की अगुवाई में यह निरीक्षण संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का बारीकी से मूल्यांकन करना था। इस निरीक्षण दल में सह उपायुक्त श्री मंडल के साथ-साथ कई अन्य विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्य और मुख्य प्राध्यापक भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान दल ने विद्यालय की प्रार्थना सभा, कक्षा-शिक्षण, विद्यार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं, नोटबुक, शिक्षकों की डायरी व पाठ-योजनाओं के साथ-साथ प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय का सघन निरीक्षण किया। इसके अलावा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से सीधे संवाद कर शिक्षण गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण, नियमित मूल्यांकन, उच्च गुणवत्तापूर्ण अध्यापन और अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण दल ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए प्राचार्या स्निग्धा आनंद को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विद्यालय परिवार ने आगत अतिथियों का स्वागत कर उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने इसे शैक्षणिक सुधार की दिशा में एक अहम कदम बताया है। केंद्रीय विद्यालय खगौल विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा देने और उनके नैतिक व सामाजिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# खेत में काम कर रहे किसान पर गिरी आकाशीय बिजली, एक की मौत एक घायल

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के अंकोड़हा पंचायत के महुली गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार खेत में काम करने के दौरान किसान पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई।



इस हादसे मे सुजय यादव (47 वर्ष), पिता - रामविलास यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ में मौजूद आशा कुमारी (18 वर्ष), पिता - रामाशीष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज डेहरी ऑन सोन में जारी है।घटना की सूचना पर माली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।गांव में घटना के बाद मातम पसरा हुआ है।

# मेहरमा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में रविवार को संपन्न हो गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में कबड्डी, लूडो, रस्सी खेल, कुर्सी दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी के बच्चों में पूर्णिमा कुमारी, ऋषि कुमार, आंचल कुमारी ने कैरम बोर्ड, पूजा कुमारी, राजनंदनी कुमारी, आंचल कुमारी, लूडो खेल में साक्षी कुमारी, इशिका कुमारी, स्वाति कुमारी ने रस्सी खेल, अंकुश कुमार और लाडली कुमारी ने कुर्सी दौड़ तथा




कबड्डी प्रतियोगिता में शिवम कुमार, अंशु कुमार, अमर कुमार, पीयूष कुमार, संदीप कुमार, अनुष्का कुमारी,करिश्मा कुमारी ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल किशोर शर्मा व सहायक शिक्षक मोहम्मद गुलाम सरवर ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवनी एवं उनके अद्वितीय खेल कौशल पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास तो होता ही है, उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार साह सहित अन्य उपस्थित थे।

# साकची प्रखंड कांग्रेस की बैठक में SIR और 7 सितंबर के राजभवन घेराव की रणनीति पर मंथन

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर साकची प्रखंड कांग्रेस की बैठक रविवार को जिला आवास कार्यालय, साकची में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, रक्षप्रक्रिया, आगामी 7 सितंबर को रांची में प्रस्तावित राजभवन घेराव एवं रैली की तैयारियों तथा प्रखंड की स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी शशि भूषण राय, जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह एवं प्रदेश सचिव अखिलेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का संचालन प्रखंड प्रभारी राजेश चौधरी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने रक्षप्रक्रिया को लेकर अपने विचार रखे और इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा 7 सितंबर को रांची में होने वाले राजभवन घेराव एवं रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में साकची प्रखंड क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। विनोद यादव, रविंदर मौर्या एवं सुनील प्रसाद ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन एवं सरकार के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

जिला महासचिव राकेश साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ सफल बनाने में जुटे




रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में गठबंधन की सरकार है, ऐसे में पार्टी संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने पार्टी के चारों मंत्रियों से पार्टी हित में संगठन को मजबूत करने में सहयोग करने का आग्रह किया।

राकेश साहू ने सुझाव दिया कि जिले में जब भी मंत्री आएं, उन्हें कम से कम दो घंटे तिलक पुस्तकालय, बिष्टुपुर में बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करना चाहिए। इससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंत्री सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होकर वापस चले जाते हैं, लेकिन पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। उन्होंने मंत्रियों के लिए नियमित संगठनात्मक संवाद सत्र आयोजित करने की मांग की।

उन्होंने जिला स्तरीय प्रभारी मंत्री से भी प्रत्येक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने का आग्रह किया, ताकि कार्यकर्ताओं में यह विश्वास मजबूत हो कि सरकार में उनकी भी भागीदारी और सुनवाई है।

बैठक के अंत में राकेश साहू ने कहा कि 7 सितंबर को रांची में होने वाले राजभवन घेराव में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

बैठक में संदीप मिश्रा, गुरदीप सिंह, आबिद, इरशाद, संदीप रावत, चीकू सिंह, संतोष सिंह, कौशल प्रधान, शकील अनवर, फिरोज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पटना के मसौढ़ी में घर में गांजा बेचने का विरोध करना पड़ा भारी

## चार बच्चों की मां को मारपीट कर घर से निकाला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः– वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरीचक गांव में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। घर में अवैध रूप से गांजा बेचने और बाहर से आने वाले लोगों को गांजा पिलाने का विरोध करना एक चार बच्चों की मां को भारी पड़ गया। पीड़िता ने अपने पति, ससुर और ससुराल के अन्य सदस्यों पर बेरहमी से मारपीट करने, गला दबाने तथा बाल खींचकर घर से बाहर निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। बैरीचक निवासी सिकंदर यादव उर्फ बभना की पत्नी अनीता कुमारी (30) ने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया कि उनकी शादी वर्ष 2015 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उनके साथ प्रताड़ना का सिलसिला जारी था। महिला का मुख्य आरोप है कि उसके घर में अवैध रूप से गांजा की बिक्री की जाती थी और बाहर से असामाजिक तत्वों को लाकर गांजा पिलाया जाता था, जिसका वह लगातार विरोध करती थी। बीते शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे जब अनीता ने एक बार फिर गांजा बेचने और पिलाने का कड़ा विरोध किया, तो पति सिकंदर यादव और ससुर कृष्णा यादव सहित अन्य परिजनों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि उसके साथ जमकर मारपीट की गई, गला दबाया गया और बाल खींचकर घर से बाहर निकाल दिया गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके बच्चों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना के बाद डरी-सहमी अनीता अपने चारों बच्चों को लेकर अपने मायके (नवादा जिले के अकबरपुर) चली गई। वहां परिजनों को पूरी आपबीती बताने के बाद वह उनके साथ वापस मसौढ़ी थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता के आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला द्वारा लगाए गए गांजा बिक्री और मारपीट के आरोपों की गंभीरता से जांच की जा रही है, और साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नई पीढ़ी पर शंका नहीं, भरोसा करने की जरूरत : सरयू राय

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने पुरानी और नई पीढ़ी के बीच सोच के अंतर को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी पर शंका करने के बजाय उस पर विश्वास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी बदलती परिस्थितियों और आधुनिक तकनीक के दौर में बड़ी हो रही है। ऐसे में उसका सोचने और काम करने का तरीका पुरानी पीढ़ी से अलग होना स्वाभाविक है। पुरानी पीढ़ी को अपने अनुभवों के आधार पर नई पीढ़ी का आकलन करने के बजाय उसे आगे बढ़ने और नए प्रयोग करने का अवसर देना चाहिए।

सरयू राय सोनारी में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित श्री श्री श्रावणी रामायण पाठ के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरानी पीढ़ी अक्सर यह मान लेती है कि नई पीढ़ी उतना नहीं कर रही है या उतना नहीं कर पाएगी, जितना पिछली पीढ़ी ने किया। यह सोच उचित नहीं है। समय, परिस्थितियां और सामाजिक परिवेश बदलने के साथ सोचने के तरीके में बदलाव भी स्वाभाविक है।




उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनी बेटी इंदिरा गांधी को लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पुरानी पीढ़ी अपने अनुभवों, मान्यताओं और पुराने तौर-तरीकों के आधार पर दुनिया को देखने की आदी होती है। इसके विपरीत नई पीढ़ी अलग समय और परिस्थितियों में जन्म लेती है। इसलिए उसकी सोच और कार्यशैली भी अलग होती है। केवल इस वजह से नई पीढ़ी की सोच को गलत नहीं माना जा सकता कि वह पुरानी पीढ़ी की सोच से अलग है।

सरयू राय ने कहा कि पुरानी पीढ़ी का अनुभव समाज के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन अनुभव को नई पीढ़ी की स्वतंत्र सोच और नए प्रयोगों के रास्ते में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। अनुभव और नई सोच का समन्वय ही समाज को बेहतर दिशा दे सकता है।

### मोबाइल के इस्तेमाल पर भी रखी बात

नई पीढ़ी के बीच मोबाइल फोन और स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर होने वाली आलोचना पर भी सरयू राय ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आज लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है। इसलिए सवाल यह नहीं है कि युवा मोबाइल का इस्तेमाल करता है या नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वह इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य के लिए कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा मोबाइल के माध्यम से ज्ञान, शिक्षा, रोजगार अथवा अपने काम से जुड़ी उपयोगी जानकारी हासिल करता है तो तकनीक उसके लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकती है। वहीं, यदि वह अनावश्यक और उल-जुलूल चीजों में अपना समय बर्बाद करता है तो वही मोबाइल परेशानी का कारण बन सकता है।

सरयू राय ने कहा, टेक्नोलॉजी को मालिक बनाइएगा तो बर्बाद हो जाइएगा। टेक्नोलॉजी को सेवक के रूप में रखेंगे तो कल्याण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल किस दिशा में किया जाए, यह व्यक्ति के हाथ में है। सही उद्देश्य और सकारात्मक सोच के साथ तकनीक व्यक्ति, समाज और देश के लिए वरदान साबित हो सकती है।

### रामायण पाठ से समझाया तकनीक का सकारात्मक उपयोग

विधायक ने रामायण पाठ का उदाहरण देते हुए तकनीक के सकारात्मक इस्तेमाल को समझाया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग एक साथ बैठकर रामायण पाठ करते थे और वहां जितने लोग मौजूद रहते थे, उतने ही लोग उसका श्रवण कर पाते थे। उस समय लाउडस्पीकर की सुविधा नहीं थी। बाद में तकनीक के विकास के साथ लाउडस्पीकर आया तो रामायण पाठ की आवाज दूर तक पहुंचने लगी और इसे सुनने वालों की संख्या सैकड़ों और हजारों तक पहुंच गई।

उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन और इंटरनेट ने इस पहुंच को और व्यापक बना दिया है। रामायण पाठ का सीधा प्रसारण दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठे व्यक्ति तक पहुंच सकता है। यह तकनीक के सकारात्मक इस्तेमाल का उदाहरण है।

सरयू राय ने कहा कि मोबाइल और तकनीक को दोष देने के बजाय उसके इस्तेमाल की दिशा पर ध्यान देना चाहिए। तकनीक को अपने ऊपर हावी करने के बजाय उसे अपने उद्देश्य की पूर्ति का साधन बनाना जरूरी है।

उन्होंने पुरानी पीढ़ी से नई पीढ़ी के प्रति अविश्वास का भाव छोड़ने की अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अवसर और विश्वास दोनों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अनुभव और नई सोच मिलकर समाज को आगे ले जा सकते हैं। अंत में उन्होंने विश्वास जताया, नई पीढ़ी पर भरोसा कीजिए। निश्चित जानिए कि नई पीढ़ी बढ़िया करेगी।

# त्योहारों पर रेल यात्रियों को राहत, दो जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़े

**समाज जागरण**

देवघर। आगामी दुगार्पूजा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने दो जोड़ी विशेष ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। जसीडीह होकर चलने वाली इन ट्रेनों के फेरे बढ़ने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।



### मऊ-कोलकाता विशेष ट्रेन के आठ फेरे

ट्रेन संख्या 05096 मऊ-कोलकाता विशेष ट्रेन 7 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक प्रत्येक बुधवार को मऊ से रवाना होगी। इस अवधि में इसके आठ फेरे होंगे। वापसी में ट्रेन संख्या 05095 कोलकाता-मऊ विशेष ट्रेन 8 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को कोलकाता से चलेगी। इसके भी आठ फेरे निर्धारित किए गए हैं।

### डिब्रूगढ़-कोलकाता विशेष ट्रेन के 13 फेरे

ट्रेन संख्या 05932 डिब्रूगढ़-कोलकाता विशेष ट्रेन 5 सितंबर से 28 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को डिब्रूगढ़ से चलेगी। इस दौरान इसके 13 फेरे होंगे। वापसी में ट्रेन संख्या 05931 कोलकाता-डिब्रूगढ़ विशेष ट्रेन 7 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को कोलकाता से रवाना होगी। इसके भी 13 फेरे होंगे।

दोनों विशेष ट्रेनें अपने निर्धारित मार्ग, समय-सारिणी और ठहराव के अनुसार जसीडीह होकर संचालित होंगी। त्योहारी मौसम में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण इन ट्रेनों के अतिरिक्त फेरों से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही नियमित ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव कम होने और भीड़ से राहत मिलने की उम्मीद है।

# झारखंड के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, 2 सितंबर तक बरसेंगे मेघ

**समाज जागरण**

रांची। झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में 30 अगस्त से 2 सितंबर तक बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

रविवार को पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, रांची, देवघर, दुमका, बोकारो, हजारीबाग, धनबाद, रामगढ़, खूंटी, पलामू और चतरा में भारी बारिश तथा आंधी-वज्रपात की संभावना जताई गई है। बारिश के कारण इन क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आने की भी उम्मीद है।



### 31 अगस्त को सबसे अधिक सक्रिय रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 30 अगस्त को राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने के साथ बारिश और गरज-चमक हो सकती है। रांची में अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

31 अगस्त को मौसम अधिक सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान झारखंड के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ गरज और वज्रपात हो सकता है। लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने की सलाह दी गई है।

1 सितंबर को उत्तर-पश्चिमी और मध्य झारखंड के साथ दक्षिणी हिस्सों में भी बारिश का प्रभाव देखने को मिल सकता है। लोहरदगा, गुमला, रांची और खूंटी समेत आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

2 सितंबर को भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है, हालांकि इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम होने का अनुमान है। वहीं, 3 सितंबर के लिए फिलहाल मौसम विभाग की ओर से कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### किसानों को सावधानी बरतने की सलाह

बारिश और वज्रपात की संभावना को देखते हुए किसानों को खेतों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आंधी या बिजली चमकने के दौरान खुले खेतों में काम करने से बचना चाहिए। मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान पर शरण लेना बेहतर होगा।

बारिश के कारण रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग और रामगढ़ जैसे क्षेत्रों में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। रांची में आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

वहीं जमशेदपुर, पश्चिमी सिंहभूम और संथाल परगना के कुछ हिस्सों में तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। हालांकि बारिश और बादलों के कारण उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

### बारिश से वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद

लगातार बारिश होने से वातावरण में मौजूद धूल-कण कम हो सकते हैं, जिससे राज्य के कई शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना है। हालांकि वायु गुणवत्ता का वास्तविक स्तर स्थानीय मौसम और बारिश की मात्रा पर निर्भर करेगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए अगले कुछ दिन झारखंड के लिए सावधानी बरतने वाले हैं। विशेष रूप से भारी बारिश और वज्रपात वाले जिलों में लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान देने और अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर जाने से बचने की आवश्यकता है।

# बिना प्रशिक्षण के हिमांशु ने आंवले से बनाए 100 उत्पाद, खड़ा किया 40 लाख का कारोबार

**समाज जागरण**

रांची। मेहनत, लगन और कुछ नया करने की इच्छा हो तो बड़ी सफलता के लिए बड़ी डिग्री जरूरी नहीं होती। रांची के हिमांशु ने इस बात को साबित कर दिखाया है। साधारण रूप से बीए की पढ़ाई करने वाले हिमांशु ने बिना किसी विशेष प्रशिक्षण के आंवले को अपने कारोबार का आधार बनाया और दीपांजलि नाम से ऐसा ब्रांड खड़ा किया, जिसके तहत आंवले से 100 से अधिक प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। आज उनके कारोबार का वार्षिक कारोबार 40 लाख रुपये से अधिक पहुंच चुका है।

### भाई से सीखा कारोबार का तरीका

हिमांशु ने बताया कि उन्होंने कारोबार की बारीकियां किसी संस्थान से नहीं, बल्कि अपने बड़े भाई से सीखीं। आंवला स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आंवले से अलग-अलग उत्पाद तैयार करने का विचार बनाया। शुरूआत में यह प्रयोग था, लेकिन धीरे-धीरे लोगों की पसंद और मांग बढ़ती गई।

### आंवले से तैयार किए कई उत्पाद

हिमांशु ने आंवले को केवल मुरब्बे या सामान्य खाद्य पदार्थ तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने इससे अलग-अलग स्वाद और उपयोग वाले अनेक उत्पाद तैयार किए। इनमें आंवला कैंडी, लड्डू, रस सहित 100 से अधिक प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। उनका प्रयास रहा कि लोगों को



आंवले से बने ऐसे उत्पाद उपलब्ध कराए जाएं, जो स्वादिष्ट होने के साथ गुणवत्ता में भी बेहतर हों।

### 50 लोगों को मिला रोजगार

हिमांशु ने अपने कारोबार को आगे बढ़ाते हुए स्वयं का कारखाना स्थापित किया है। यहां करीब 50 लोग काम करते हैं। उत्पादों की आकर्षक पैकिंग की जाती है और उनकी आपूर्ति देश के विभिन्न हिस्सों में की जाती है। कंपनी के नियमित ग्राहकों की संख्या भी 10 हजार से अधिक बताई गई है।

इन ग्राहकों में कई ऐसे लोग हैं जो हर महीने दो से तीन हजार रुपये तक के उत्पाद मंगाते हैं। इससे कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और आंवले से बने उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।

### शुद्धता को बनाया सफलता का आधार

हिमांशु के अनुसार उनके कारोबार की सबसे बड़ी ताकत उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता है। उनका मानना है कि ग्राहक को अच्छा उत्पाद मिलने पर वह दोबारा उसी ब्रांड पर भरोसा करता है। यही कारण है कि उनके कई ग्राहक नियमित रूप से उत्पाद मंगाते हैं।

हिमांशु कहते हैं कि सफलता केवल बड़ी डिग्री या विशेष प्रशिक्षण पर निर्भर नहीं करती। यदि व्यक्ति के भीतर कुछ नया करने का जुनून हो, मेहनत करने की क्षमता हो और वह सही दिशा में लगातार प्रयास करता रहे तो साधारण शुरूआत से भी बड़ा कारोबार खड़ा किया जा सकता है। हिमांशु की कहानी उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो रोजगार तलाशने के बजाय अपना कारोबार शुरू करने का सपना देखते हैं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आंवले को अवसर में बदलकर न केवल अपना कारोबार खड़ा किया, बल्कि दर्जनों लोगों को रोजगार भी दिया है।

# नेपाल में आपदा के बीच पलामू का महेंद्र लापता, परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**समाज जागरण**

पलामू। नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा और बाढ़ के बीच झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के बडंडा बरवाडीह गांव निवासी 50 वर्षीय महेंद्र विश्वकर्मा के लापता होने से परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों ने भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास से महेंद्र की तलाश कर उन्हें सकुशल वापस लाने की गुहार लगाई है।

परिजनों के अनुसार महेंद्र विश्वकर्मा नेपाल के रसुवा जिले के बाणेश्वर क्षेत्र में स्थित एक जलविद्युत परियोजना में फोरमैन के पद पर कार्यरत थे। वह एंड्रीज हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना में काम कर रहे थे। जिस क्षेत्र में परियोजना संचालित हो रही है, वहां प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान की सूचना है। इसके बाद से महेंद्र से संपर्क टूट गया है।

### 26 अगस्त के बाद संपर्क बंद

महेंद्र की पत्नी कलावती देवी ने बताया कि 25 अगस्त की रात करीब 9:45 बजे उनकी पति से अंतिम बार सामान्य बातचीत हुई थी। उस समय किसी तरह की परेशानी या आपदा की जानकारी नहीं थी। इसके बाद 26 अगस्त की सुबह करीब 8:07 बजे महेंद्र की ओर से फोन आया, लेकिन उस समय बातचीत नहीं हो सकी। इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और परिवार का संपर्क पूरी तरह टूट गया। परिजनों के मुताबिक महेंद्र से सामान्य तौर पर व्हॉट्सऐप के माध्यम से भी बातचीत होती थी, लेकिन 26 अगस्त के बाद वहां से भी कोई संदेश या संपर्क नहीं हुआ है। लगातार संपर्क का प्रयास करने के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### कंपनी से भी नहीं मिली ठोस जानकारी

परिवार ने बताया कि महेंद्र के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए कंपनी प्रबंधन से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है। हालांकि, फिलहाल कंपनी की ओर से जांच कर जानकारी देने की बात कही जा रही है। स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने के कारण परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

परिजनों के अनुसार महेंद्र पहले कंपनी के काम से मेघालय गए थे। बाद में अप्रैल में उनका स्थानांतरण नेपाल स्थित जलविद्युत परियोजना में कर दिया गया था। वहां वह फोरमैन के रूप में कार्यरत थे।

### सकुशल वापसी की उम्मीद

महेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी कलावती देवी, दो बेटे और एक बेटी हैं। एक बेटा और बेटी विवाहित हैं। इसके अलावा उनके दो भाई और अन्य परिजन भी उनकी सकुशल वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

नेपाल में बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बीच संपर्क टूटने से परिवार को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। परिजनों का कहना है कि उन्हें महेंद्र के बारे में अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है।

परिवार ने भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास और कंपनी प्रबंधन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने तथा महेंद्र विश्वकर्मा की तलाश तेज कराने की मांग की है। परिजनों को उम्मीद है कि संबंधित एजेंसियों के प्रयास से महेंद्र का जल्द पता चलेगा और वह सकुशल अपने घर लौटेंगे।

# नेपाल की जल प्रलय में रांची का युवक लापता, परिवार चिंतित

रांची। नेपाल के त्रिशूली नदी क्षेत्र में आई जल प्रलय के बाद रांची के कोकर निवासी 41 वर्षीय रामप्रसाद घोष लापता हो गए हैं। रामप्रसाद इसी वर्ष फरवरी में नेपाल के अपर त्रिशूली क्षेत्र स्थित एक जलविद्युत परियोजना में प्रशासनिक पद पर कार्य करने गए थे। आपदा से एक दिन पहले उन्होंने परिवार से बातचीत की थी, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है।

परिजनों के अनुसार, मंगलवार रात रामप्रसाद ने परिवार के सदस्यों से सामान्य रूप से बातचीत की थी। बुधवार सुबह जल प्रलय आने से कुछ समय पहले तक उनका व्हाट्सऐप भी सक्रिय था। इसके बाद अचानक उनसे संपर्क टूट गया। उनका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है।

रामप्रसाद के लापता होने की सूचना से परिवार में चिंता का माहौल है। उनके माता-पिता, बड़े भाई और भाभी लगातार उनके सकुशल लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। परिवार की ओर से जिला प्रशासन और भारतीय दूतावास से संपर्क कर रामप्रसाद की तलाश में सहायता मांगी जा रही है।

### पढ़ाई में मेधावी थे रामप्रसाद

परिजनों के मुताबिक रामप्रसाद पढ़ाई में मेधावी थे। उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा भी कई बार दी थी। उनके बड़े भाई देव घोष का कहना है कि बेहतर रोजगार के अवसर नहीं मिलने के कारण रामप्रसाद को नेपाल जाकर नौकरी करनी पड़ी। परिवार के अनुसार वह अपने करियर को लेकर गंभीर थे और आगे प्रबंधन की पढ़ाई भी करना चाहते थे। रामप्रसाद के पिता रंजीत कुमार घोष ने बताया कि बेटे ने प्रबंधन की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता मांगी थी, जिसे उन्होंने उपलब्ध कराया था।

### सकुशल वापसी की उम्मीद

नेपाल में प्राकृतिक आपदा के बाद रामप्रसाद से संपर्क टूटने से परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान है। हालांकि परिजन अभी भी उनकी सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए हुए हैं। परिवार ने प्रशासन, भारतीय दूतावास और संबंधित परियोजना प्रबंधन से रामप्रसाद की तलाश तेज करने तथा उनकी स्थिति की तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है।